


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात: किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़



11 आईसीसी टेस्ट गेंदबाजी की रैंकिंग में... | अमेरिकी राज्य में गर्भपात पर रोक... 12

वर्ष : 14 | अंक : 327 | नई दिल्ली, गुरुवार, 11 अप्रैल, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


अधिकतम तापमान 30°C
न्यूनतम तापमान 21°C

**बाजार**

सोना 73,970

चांदी 82,800

सेंसेक्स 75,038

निफ्टी 22,753

## संक्षिप्त खबरें

### मुर्मु, मोदी ने छत्तीसगढ़ बस हादसे पर जताया दुख

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ में दुर्ग जिले के कुम्हारी में बस हादसे पर दुख जताया है। सुश्री मुर्मु ने हादसे में मृत लोगों के परिजनों के दुख व्यक्त करते हुए अपने आधिकारिक एक्स हैंडिल पर लिखा, छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में बस दुर्घटना में कई लोगों के मारे जाने की खबर बहुत दुखद है। सभी शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। श्री मोदी ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा छत्तीसगढ़ के दुर्ग में बस दुर्घटना बेहद दुखद है। जिन लोगों ने इसमें अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन हर संभव तरीके से पीड़ितों की मदद करने में लगा हुआ है। गौरतलब है कि मंगलवार की रात कुम्हारी के समीप केडिया डिस्टलरी के कर्मचारियों को लेकर जा रही बस एक मुरुम खदान के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे खड्ड में गिर गयी। बस में करीब 40 लोग सवार थे। हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गयी है। मृतकों में चार महिलाएं भी हैं। कुछ अन्य घायलों की स्थिति अभी गंभीर है।

### महाराष्ट्र : बायोगैस के गड्ढे में गिरने से पांच लोगों की मौत

पुणे। महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में बायोगैस के एक गड्ढे में एकत्रित पशु अपशिष्ट के घोल में गिरने से पांच लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि मृतकों के शव घटना के कुछ घंटे बाद बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि घटना मंगलवार की शाम को नेवासा तहसील के वाकडी गांव में हुई। अधिकारियों ने आधी रात के बाद पांच मृतकों के शव बाहर निकाले। नेवासा पुलिस थाने के निरीक्षक धनंजय जाधव ने कहा, हमने बायोगैस के गड्ढे में जानवरों के अपशिष्ट घोल से मृतकों के शव बरामद किए हैं। शवों को बुधवार देर रात करीब 12.30 बजे बाहर निकाला गया और पोस्टमॉर्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेजा गया। उन्होंने बताया कि एक बिल्ली गड्ढे में गिर गई थी जिसके बाद एक व्यक्ति उसे बचाने के लिए गड्ढे में उतरा लेकिन वह अंदर कीचड़ में फंस गया। जाधव ने कहा, ह्यउसे बचाने के लिए पांच अन्य लोग एक के बाद एक नीचे उतरे और अंदर फंस गए। उन्होंने बताया कि घटना में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि एक को बचा लिया गया, जिसका फिलहाल अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### धनखड़ ने दिलाई राज्यसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन के 10 नवनिर्वाचित सदस्यों को बुधवार को सदस्यता की शपथ दिलाई। श्री धनखड़ ने संसद भवन परिसर में अपने कक्ष में इन सदस्यों को शपथ दिलाई। शपथ लेने वाले सदस्यों में मयंक भाई जयदेव भाई नायक, नारायणसा केभानदागे, मिलिंद मुरली देवड़ा, अजीत माधवराव गोपचाडे, रेणुका चौधरी, अमरपाल मौर्य, संजय सेठ, रामजीलाल सुमन, सागरिका घोष और ममता ठाकुर शामिल हैं।

# शरणार्थी बेधड़क नागरिकता के लिए आवेदन करें : अमित शाह

प्रात : किरण/एजेंसी



बालुरघाट (पश्चिम बंगाल)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए) को लेकर लोगों को गुमराह करने और 'वोट बैंक' की राजनीति के लिए घुसपैठियों की मदद करने का आरोप लगाया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शरणार्थियों को किसी आशंका बिना के नागरिकता के लिए आवेदन करना चाहिए। लोकसभा चुनाव घोषित होने के बाद पहली बार बंगाल आये शाह ने बालुरघाट में एक चुनावी रैली में शाह ने भूपतिनगर बम विस्फोट मामले में दोषियों को बचाने की कोशिश करने और राष्ट्रीय अन्वेषण अधिकरण (एनआईए) अधिकारियों के खिलाफ मामले दर्ज पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा ममता दीदी नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के बारे में लोगों को गुमराह कर रही हैं। वह कह रही है कि आपने यद आवेदन पत्र भरा तो आपकी नागरिकता छिन जाएगी। वह शरणार्थियों को नागरिकता देने के विरूद्ध क्यों हैं? मैं आपसे यह कहने के लिए आया हूं कि सभी शरणार्थियों को किसी भय के बिना आवेदन करना चहिए, सभी को नागरिकता दी जाएगी।ह्व उन्होंने कहा, ह्यइस देश में आपका भी उतना ही अधिकार है जितना मेरा। शरणार्थियों को नागरिकता देना हमारी प्रतिबद्धता है। केंद्र ने पिछले महीने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 लागू किया था। इसमें 31 दिसंबर 2014 से पहले पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से भारत आए गैर-मुस्लिम प्रवासियों को शीघ्रता से भारतीय नागरिकता दिए जाने का प्रावधान है। उत्तर 24 परगना के संदेशखालि में हाल की घटनाओं का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि यह शर्म की बात है कि ममता बनर्जी ने एक महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद दोषियों को बचाने की कोशिश की। संदेशखालि में तृणमूल नेताओं के खिलाफ यौन शोषण के आरोप सामने आए हैं। उन्होंने कहा ह्यआप एक महिला मुख्यमंत्री हैं और संदेशखालि में हुई घटनाओं पर राजनीति कर रही हैं। वर्षों तक आपकी नाक के नीचे उत्पीड़न होते रहे और जब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) टीएमसी के गुंडों को गिरफ्तार करने गई, तो उन पर पथराव किया गया। तुष्टिकरण के माध्यम से कुछ वोट पाने के लिए आप संदेशखालि के अपराधियों को बचा रही हैं।ह्व शाह ने लोगों से तृणमूल को वोट न देने का आग्रह किया और कहा कि भाजपा को वोट दें ताकि राज्य में फिर कोई संदेशखालि न हो।

पूर्व मेदनीपुर जिले के भूपतिनगर की घटना का जिक्र करते हुए शाह ने कहा, ह्यएनआईए अधिकारियों पर हमला किया गया और ममता दीदी बम विस्फोट में शामिल आरोपियों को बचाने की कोशिश कर रही हैं। एनआईए अधिकारियों के खिलाफ मामले दर्ज किए जा रहे हैं। यह शर्मनाक है।ह्व शनिवार को 2022 में हुए एक बम विस्फोट के मामले की जांच के सिलसिले में भूपतिनगर गई एनआईए की एक टीम पर कथित तौर पर हमला कर दिया गया था। शाह ने बंगाल के मतदाताओं से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि राज्य में भाजपा 30 से अधिक सीटें जीतें। शाह ने कहा कि केवल भाजपा ही राज्य में घुसपैठ रोक सकती है। उन्होंने कहा ह्यममता दीदी कभी भी पश्चिम बंगाल में घुसपैठ नहीं रोक सकतीं क्योंकि यह उनका वोट बैंक है। केवल भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही बंगाल में घुसपैठ रोक सकते हैं। हमने असम में घुसपैठ रोकी। पश्चिम बंगाल में 30 सीटें पार करने में हमारी मदद करें, हम राज्य में घुसपैठ रोकेंगे।

### ममता हमलावरों को बचाती हैं और एनआईए को फंसाती हैं

बालुरघाट। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 2022 के भूपतिनगर विस्फोट मामले के आरोपितों को बचा रही हैं। वह राष्ट्रीय जांच एजेंसी के अधिकारियों को फंसाने की कोशिश कर रही हैं। बालुरघाट से पार्टी उम्मीदवार और पश्चिम बंगाल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार के समर्थन में दक्षिण दिनाजपुर जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, ₹वहां एक विस्फोट हुआ था। क्या ब्लास्ट के आरोपितों पर कार्रवाई जरूरी नहीं ? लेकिन जब एनआईए अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू की और उन पर हमला किया गया, तो मुख्यमंत्री केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों पर मामला दर्ज कर जांच अधिकारी को फंसाने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा कि चूंकि एनआईए अधिकारी कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश पर मामले की जांच कर रहे हैं, इसलिए वे विस्फोट के पीछे के आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री ने पश्चिम बंगाल में पड़ोसी देश से लोगों के आने के मुद्दे पर मुख्यमंत्री और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, मुख्यमंत्री कभी भी अवैध अप्रवासियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं करेंगी। वे उनकी पार्टी के वोट बैंक हैं। असम में पहले भी अवैध प्रवास की समस्या थी, लेकिन बीजेपी के सत्ता में आने के बाद अब यह पूरी तरह से बंद हो गया है। इसलिए मैं आज कह रहा हूं कि अगर आने वाले दिनों में भाजपा राज्य में सत्ता में आती है तो पश्चिम बंगाल में भी अवैध प्रवास को पूरी तरह से रोक दिया जाएगा।

## भाजपा ने बघेल को फंसाने की कोशिश की थी, 'शराब घोटाले' का मामला राजनीति से प्रेरित था: कांग्रेस

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के कथित 'शराब घोटाले' के मामले में उच्चतम न्यायालय के हालिया आदेश को लेकर बुधवार को दावा किया कि यह पूरा मामला राजनीति से प्रेरित था और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को फंसाने की कोशिश की थी। उच्चतम न्यायालय ने छत्तीसगढ़ में 2,000 करोड़ रुपये के कथित शराब घोटाले में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के पूर्व अधिकारी अनिल टुटेजा और उनके बेटे यश के खिलाफ धन शोधन का मामला सोमवार को रद्द करते हुए कहा था कि अपराध से कोई संपत्ति अर्जित नहीं की गई। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने यह उल्लेख करते हुए पिता-पुत्र के खिलाफ शिकायत रद्द कर दी कि उन पर मुख्य अपराध का कोई मामला नहीं है और ना ही धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत कोई मामला बनता है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, "सोमवार के दिन उच्चतम न्यायालय ने तथाकथित छत्तीसगढ़ "शराब घोटाले" के मामले को ईडी द्वारा बेशर्मी से गढ़ा गया मामला बता कर रद्द कर दिया।

भाजपा ने अपने मुख्य अग्रिम संगठन ईडी के माध्यम से पिछले साल छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव से पहले बेशर्मी से इस झूठ को फैलाया था और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को "सिंडिकेट" (गिरोह) में फंसाने की कोशिश की थी। इसमें अब कोई संदेह नहीं रह गया है कि यह पूरा मामला राजनीति से प्रेरित था।" उन्होंने कहा, "पीएमएलए की विशेष अदालत के समक्ष दायर शिकायत में ईडी ने आरोप लगाया था कि राजनेताओं, व्यक्तियों और वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के एक आपराधिक 'सिंडिकेट' ने 2019 से 2022 तक अवैध रूप से शराब बेचकर 2,161 करोड़ रुपए की हेराफेरी की थी। पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा और उनके बेटे यश को इस 'सिंडिकेट' के मुख्य साजिशकर्ता के रूप में दिखाया गया था।" रमेश के अनुसार, न्यायमूर्ति ए.एस. ओका की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस शिकायत को रद्द कर दिया तथा अदालती कार्यवाही से पता चलता है कि मामला वास्तव में कितना खोखला था। उन्होंने कहा, "शिकायत में टुटेजा को आरोपी के रूप में नामित तक नहीं किया गया था। कोई भी कथित अपराध पीएमएलए के अंतर्गत नहीं आता। कोई विधेय अपराध (अपराध की श्रृंखला में पहला कार्य) या अपराध की आय नहीं थी।" रमेश ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं को परेशान करने के लिए ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग का इस्तेमाल और भाजपा के राजनेताओं को शुद्ध करने के लिए 'वॉशिंग मशीन' के इस्तेमाल ने देश भर में भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलनों को ध्वस्त कर दिया है। उन्होंने कहा, "भ्रष्टाचार के सभी आरोप और भ्रष्टाचार से संबंधित मुद्दों पर अभियोजन के सभी कानूनी मामले, काफी हद तक राजनीतिक हो गए हैं।"

## समाज को बांटने तथा जोड़ने की विचारधारा के बीच लड़ाई है यह चुनाव : राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 2024 के आम चुनाव को देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा है कि यह चुनाव समाज को बांटने और जोड़ने वाली दो विचारधाराओं के बीच की लड़ाई है इसलिए जनता को देश को जोड़ने और तोड़ने वाली ताकतों की पहचान कर इस बार मतदान करना है। श्री गांधी ने ट्वीट किया ₹ये चुनाव दो विचारधाराओं की लड़ाई है। एक तरफ कांग्रेस है जिसने हमेशा भारत को जोड़ा और दूसरी तरफ वो हैं जिन्होंने हमेशा लोगों को बांटने की कोशिश की है। उन्होंने कहा इतिहास गवाह है कि किसने देश का विभाजन चाहने वाली ताकतों से हाथ मिला कर उन्हें मजबूत किया और कौन देश की एकता और स्वतंत्रता के लिए लड़ा। कौन भारत छोड़ो आंदोलन के समय अंग्रेजों के साथ खड़ा था। जब भारत की जेले कांग्रेसी नेताओं से भर गई थीं तब देश को बांटने वाली ताकतों के साथ राज्यों में कौन सरकार चला रहा था। भारतीय जनता पार्टी और उसके शीर्ष नेताओं पर कड़ा हमला करते हुए उन्होंने कहा कि राजनीतिक मंचों से झूठ की बौछार करने से इतिहास नहीं बदलता।

## भाजपा ने नौ उम्मीदवारों की 10वीं सूची जारी की, चार सांसदों के काटे टिकट

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को नौ उम्मीदवारों की 10वीं सूची जारी कर दी। पार्टी ने इलाहाबाद, चंडीगढ़ और फूलपुर के मौजूदा सांसदों का टिकट काटकर उनके स्थान पर नए चेहरों पर भरोसा जताया है। पार्टी ने बलिया से मौजूदा सांसद वीरेन्द्र सिंह 'मस्त' के स्थान पर पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के बेटे नीरज शेखर को मैदान में उतारा है। भाजपा ने उम्मीदवारों की अपनी 10वीं सूची में कुल नौ लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की जिसमें उत्तर प्रदेश की सात और चंडीगढ़ तथा पश्चिम बंगाल की एक-एक सीट शामिल है। पार्टी की ओर से जारी सूची के मुताबकि भाजपा ने मैनपुरी से समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार डिंपल यादव के खिलाफ उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री जयवीर सिंह ठाकुर को उम्मीदवार बनाया है। इलाहाबाद की सांसद रीता बहुगुणा जोशी के स्थान पर नीरज त्रिपाठी, बलिया से सांसद वीरेंद्र सिंह 'मस्त' के स्थान पर पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के पुत्र नीरज शेखर और चंडीगढ़ से किरण खेर के स्थान पर संजय टंडन को उम्मीदवार बनाया गया है। टंडन भाजपा की चंडीगढ़ इकाई के अध्यक्ष रह चुके हैं और वर्तमान में हिमाचल प्रदेश के सह-प्रभारी हैं। संजय टंडन छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यपाल दिवंगत बलरामजी दास टंडन के बेटे हैं। किरण खेर पहली बार 2014 में चंडीगढ़ से सांसद बनी थीं। उन्होंने 2019 में चंडीगढ़ से फिर से जीत हासिल की। उत्तर प्रदेश के फूलपुर से मौजूदा सांसद केशरी देवी पटेल का टिकट काट कर उनके स्थान पर प्रवीण पटेल पर पार्टी ने भरोसा जताया है। कौशाम्बी से एक बार फिर विनोद सोनकर और मछलीशहर से बी पी सरोज को पार्टी ने टिकट दिया है जबकि गाजीपुर से पारसनाथ राय को उम्मीदवार बनाया गया है। भाजपा ने आसनसोल से पूर्व केंद्रीय मंत्री एस एस अहलूवालिया को टिकट दिया है। उनका मुकाबला तृणमूल कांग्रेस के नेता और फिल्म अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा से होगा। अहलूवालिया वर्तमान में बर्दवान-दुगार्पुर सीट से पार्टी के सांसद हैं। इस सीट पर अहलूवालिया की जगह भाजपा ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष को उम्मीदवार बनाया है।

## सपा का घोषणा पत्र जारी, जाति जनगणना, महिला आरक्षण, एमएसपी की कानूनी गारंटी समेत अनेक वादे

प्रात : किरण/एजेंसी





लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया। इस दस्तावेज में जातिवार जनगणना कराने, पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने और किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी देने समेत अनेक वादे किए गए हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेताओं ने यहां पार्टी राज्य मुख्यालय पर दल का चुनाव घोषणा पत्र जनता का मांग पत्र, हमारा अधिकार जारी किया। विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' ('इंडिया') के प्रमुख घटक दल सपा के 20 पन्नों के घोषणा पत्र में इस बार पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) सरकार का आह्वान किया गया है। सपा अध्यक्ष ने इस मौके पर कहा, हम अपने इस विजन डॉक्यूमेंट के साथ जनता के बीच जा रहे हैं और हमें उम्मीद है कि जनता समाजवादियों का और गठबंधन का समर्थन करेगी तथा उत्तर प्रदेश में ऐतिहासिक जीत के साथ इंडिया गठबंधन सबसे ज्यादा सीटें जीतेगा। घोषणा पत्र में लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर जातिवार जनगणना कराये जाने और इसके आधार पर 2029 तक सबको न्याय और हिस्सेदारी सुनिश्चित करने, वर्ष 2025 तक अनुसूचित जाति जनजाति और पिछड़े वर्ग के सभी सरकारी रिक्त पदों पर भर्ती करने, पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने, निजी क्षेत्र में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने और 2029 तक गरीबी का पूरी तरह से खात्मा करने का वादा किया गया है। इसके अलावा घोषणा पत्र में सेना में अल्पकालिक भर्ती की अग्निपथ योजना को खत्म कर सशस्त्र बलों में स्थाई भर्ती एक बार फिर शुरू करने, किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी देने, किसानों के कृषि सम्बन्धी कर्ज माफ करने, मुफ्त सिंचाई की सुविधा देने, किसान आयोग का गठन करने और सभी भूमिहीन छोटे और सीमांत किसानों को पांच हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन देने के वादे किए गए हैं। घोषणा पत्र में महिला सशक्तिकरण के लिए महिला अपराधों के प्रति 'कतई बर्दाश्त नहीं' की नीति अपनाने और देशव्यापी हेल्पलाइन बनाने, परिसीमन का इंतजार किए बगैर दो साल के अंदर संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण सुनिश्चित करने, सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने के वादे भी किए गए हैं। सपा के घोषणा पत्र में मुफ्त राशन में गेहूं की जगह आटा देने और हर राशन कार्ड धारक परिवार को 500 रुपए का मोबाइल डाटा मुफ्त देने का वादा भी किया गया है। इसके अलावा निशुल्क शिक्षा का अधिकार सुनिश्चित करने शिक्षा के लिए बजट को जीडीपी के तीन प्रतिशत से बढ़कर छह प्रतिशत करने तथा सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य के अधिकार की कानूनी गारंटी देने का वादा भी किया गया है। घोषणा पत्र में केंद्रीय और राज्य की सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों का निजीकरण बंद करने और छंटनी रोकने और 'स्मार्ट विलेज क्लस्टर डेवलपमेंट अथॉरिटी' के माध्यम से संचालित होने वाले 'स्मार्ट विलेज क्लस्टर्स' को पूरे देश में स्थापित करने के वादे प्रमुख रूप से किए गए हैं।

### श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं थावे दुर्गा मंदिर में होती है पूरी

पटना। बिहार में गोपालगंज जिले के थावे दुर्गा मंदिर में सच्चे मन से पूजा-अर्चना करने वाले भक्तों और श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी होती है। गोपालगंज के सुप्रसिद्ध थावे दुर्गा मंदिर दो तरफ से जंगलों से घिरा है और इस मंदिर का गर्भगृह काफी पुराना है। इस मंदिर में नेपाल, उत्तर प्रदेश, बिहार के कई जिले से श्रद्धालु पूजा-अर्चना एवं दर्शन करने आते हैं। वैसे यहां सालों भर भक्तों की कतार लगी रहती है, लेकिन चैत्र और शारदीय नवरात्र में पूजा करने का विशेष महत्व है। नवरात्रि के नौ दिनो में यहां विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। नवरात्र में यहां खास मेला भी लगाया जाता है। इसके अलावा इस मंदिर में सोमवार और शुक्रवार को विशेष पूजा होती है। सावन के महीने में भी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। इस मंदिर को लोग थावे वाली माता का मंदिर, सिंहासिनी भवानी के नाम से भी जानते हैं। यहां नवरात्र में पशुबलि देने की भी परम्परा है। लोग मां के दरबार में खाली हाथ आते हैं लेकिन मां के आशीर्वाद से भक्तों की सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। थावे दुर्गा मंदिर को सिद्धपीठ माना जाता है। थावे दुर्गा मंदिर की स्थापना की कहानी काफी रोचक है। चेरो वंश के राजा मनन सिंह खुद को मां दुर्गा का बड़ा भक्त मानते थे, तभी अचानक उस राजा के राज्य में अकाल पड़ गया।

## केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट का खटखटाया दरवाजा

प्रात : किरण/एजेंसी




नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आबकारी नीति 2021-22 के कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के मुकदमे में अपनी गिरफ्तारी और हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष वरिष्ठ के अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने श्री केजरीवाल का पक्ष रखते हुए उनकी याचिका को अत्यधिक महत्वपूर्ण बताते हुए उस पर शीघ्र सुनवाई करने का अनुरोध किया। मुख्य न्यायाधीश ने पीठ की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता श्री सिंघवी से कहा कि वो संबंधित मामले के बारे में ईमेल करें तथा उस पर विचार किया जाएगा। उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की एकल पीठ ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुख्यमंत्री केजरीवाल को गिरफ्तार करने और उस केंद्रीय जांच जांच एजेंसी को हिरासत में देने के विशेष अदालत के फैसले को उचित ठहराते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी थी। एकल पीठ ने मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी और हिरासत के मामले में हस्तक्षेप करने से साफ तौर पर इनकार कर दिया था। उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने कहा था कि ईडी की ओर से अदालत के समक्ष पेश दस्तावेजों से प्रथम दृष्ट्या पता चलता है कि आरोपी केजरीवाल उक्त आबकारी नीति को तैयार करने की साजिश शामिल थे। उन्होंने उस अपराध से प्राप्त आय का इस्तेमाल किया। एकल पीठ ने यह भी कहा कि वह (केजरीवाल) व्यक्तिगत तौर पर उस नीति को बनाने और रिश्वत मांगने में भी कथित तौर पर शामिल थे। उच्च न्यायालय ने इससे पहले तीन अप्रैल को दोनों पक्षों की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

**समारोह** राष्ट्रपति ने विश्व होम्योपैथी दिवस पर आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी का किया उद्घाटन

## होम्योपैथी की स्वीकार्यता बढ़ाने में अनुसंधान एवं दक्षता की महत्वपूर्ण भूमिका होगी : मुर्मू

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि होम्योपैथी की स्वीकार्यता एवं लोकप्रियता को और बढ़ाने में अनुसंधान और दक्षता की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। मुर्मू ने विश्व होम्योपैथी दिवस पर यहां केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद द्वारा आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए कहा कि होम्योपैथी को कई देशों में एक सरल और सुलभ उपचार पद्धति के रूप में अपनाया गया है। उन्होंने भारत में होम्योपैथी के प्रचार-प्रसार में योगदान देने के लिए आयुष मंत्रालय, केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद, राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग, राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान और इस प्रकार के अन्य संस्थानों की सराहना की और कहा कि पूरी दुनिया में कई संस्थान अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर होम्योपैथी को बढ़ावा दे रहे हैं। मुर्मू ने कहा, 21वीं सदी में अनुसंधान का महत्व लगातार बढ़ रहा है और इसलिए इस संगोष्ठी का विषय अनुसंधान को सशक्त बनाना, दक्षता बढ़ाना बहुत प्रासंगिक है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अनुसंधान और दक्षता होम्योपैथी की स्वीकार्यता और लोकप्रियता को और बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। राष्ट्रपति ने कहा कि कई लोग उन लोगों के अनुभवों के बारे में बताते हैं जिन्हें अन्य उपचार पद्धतियों को आजमाने के बाद अंततः होम्योपैथी से लाभ हुआ है। मुर्मू ने कहा, लेकिन ऐसे अनुभवों को वैज्ञानिक समुदाय में तभी मान्यता मिल सकती है जब उन्हें तथ्यों और विश्लेषण के साथ प्रस्तुत किया जाए। बड़े पैमाने पर किए गए ऐसे तथ्यात्मक विश्लेषण को प्रामाणिक चिकित्सकीय अनुसंधान कहा जाता है। वैज्ञानिक तरीकों को प्रोत्साहित करने से इस चिकित्सकीय प्रणाली में लोगों का विश्वास और बढ़ेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि स्वस्थ लोग स्वस्थ समाज का निर्माण करते हैं और स्वस्थ समाज की नींव पर ही स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण होता है।

## संक्षिप्त समाचार

### हल्द्वानी में शीतला देवी मंदिर के पीछे जंगल में मिला छात्र का सड़ागला शव, 52 दिन से लापता

**हल्द्वानी, एजेंसी।** 52 दिन से लापता कक्षा नवीं के छात्र का सड़ागला शव काठगोदाम में शीतला देवी मंदिर के पीछे जंगल से बरामद हुआ है। स्वजन ने कपड़ों से उसकी शिनाख्त की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। 17 फरवरी को काठगोदाम में पदमपुरी के पास रहने वाले सुभाष दुम्का ने थाने में बेटे की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। उनका कहना था कि 15 वर्षीय बेटा भाष्कर शिवपुरी जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा में अपने फूफा मोहन सनवाल के घर पर रहता था। वह हिमालय विद्या मंदिर आवास विकास में नौवीं कक्षा का छात्र था। 17 फरवरी को दोपहर दो बजे छुट्टी होने के बाद जब भाष्कर घर नहीं पहुंचा तो तलाश करते हुए स्वजन स्कूल पहुंच गए। स्कूल में पता लगा कि स्कूल 17 फरवरी को बंद था और पैरेंट्स मीटिंग थी। इधर, पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी थी। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि अंतिम बार छात्र शीतला देवी मंदिर के पास सीसीटीवी फुटेज में दिखा था। मंगलवार को लोगों ने सूचना दी कि मंदिर के पास सड़ागला शव पड़ा है। टीम मौके पर पहुंची। छात्र के स्वजन को बुलाया गया। जिन्होंने शव की शिनाख्त कर ली है।

### एम्स के लिए भी उम्मीदों से भरा है पीएम मोदी का दौरा

**ऋषिकेश, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ऋषिकेश चुनावी दौरा भाजपा प्रत्याशियों के अलावा एम्स प्रशासन के लिए भी खास होगा। आईडीपीएल की करीब 200 एकड़ भूमि एम्स को दी जानी है। वर्ष 2020 में तत्कालीन मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत की कैबिनेट में इसका प्रस्ताव भी पास हो चुका है। वर्तमान में त्रिवेंद्र सिंह रावत हरिद्वार लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी हैं। एम्स प्रशासन को उम्मीद है कि प्रधानमंत्री के इस दौरे के बाद आईडीपीएल की भूमि एम्स को मिल सकती है। जनवरी वर्ष 2020 में तत्कालीन मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत की अध्यक्षता में उत्तराखंड सरकार ने आईडीपीएल को दी गई 833 एकड़ भूमि में से 200 एकड़ जमीन ऋषिकेश एम्स को देने का निर्णय लिया था। इससे एम्स के विस्तार उम्मीद जगी थी। एम्स में उत्तराखंड के साथ ही नोयडा, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हिमाचल आदि स्थानों से हर दिन मरीज पहुंचते हैं। मरीजों को बेड के लिए जूझना पड़ता है। एम्स प्रशासन का कहना है कि यदि उन्हें आईडीपीएल की भूमि मिल जाए तो वह यहां बेड की संख्या बढ़ाकर तीन हजार तक हो सकती है। वर्तमान में यहां करीब 900 बेड हैं। इसके साथ ही अन्य सुविधाएं भी बढ़ाई जा सकती हैं। चार साल बीतने के बाद भी आईडीपीएल की भूमि एम्स को दिए जाने के प्रस्ताव पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

### स्वच्छता ही स्वस्थ जीवन का आधार-प्रो. मीनू

**ऋषिकेश, एजेंसी।** एम्स में स्वच्छता के प्रति जागरूकता के लिए स्वच्छता पखवाड़े के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंगलवार को एम्स में मरीजों, उनके तीमारदारों और संस्थान के कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। एक अप्रैल से शुरू हुए स्वच्छता पखवाड़े के पहले चरण में संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने कर्मचारियों को स्वच्छता अपनाने की शपथ दिलाई। कहा कि स्वच्छता ही स्वस्थ जीवन का आधार है। स्वस्थ समाज की परिकल्पना साकार करने के लिए हमें मिशन के रूप में मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। चिकित्सा अधीक्षक प्रो. संजीव कुमार मित्तल ने स्वच्छता अपनाने और स्वच्छता बनाए रखने पर जोर दिया। कहा कि स्वच्छता के अभाव में विभिन्न प्रकार की बीमारियां जन्म लेने लगती हैं। अभियान समन्वयक डॉ. पूजा भदौरिया ने कहा कि स्वच्छता की शुरुआत हमें स्वयं से ही करनी होगी। स्वच्छता कार्यक्रमों में नुक्कड़ नाटक, विशेष सफाई अभियान, स्वच्छता संबंधी पोस्टर और वॉल पेंटिंग प्रतियोगिताएं की गई। सेनेटाईजेशन विभाग की ओर से आईपीडी वार्डों में रोगियों और उनके तीमारदारों को स्वच्छता अपनाने के लिए जागरूक किया गया। इस मौके पर प्रभारी डीन एकेडेमिक डॉ. शैलेंद्र हांडू, उपनिदेशक (प्रशासन) ले. कर्नल अमित पराशर, अधीक्षण अभियंता ले. कर्नल राजेश जुयाल, कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्रिंसिपल प्रो. स्मृति अरोड़ा, डीएमएस डॉ. भारत भूषण, डॉ. यतिन तलवार, डॉ. नरेंद्र कुमार, मुख्य नर्सिंग अधिकारी रीटा शर्मा आदि मौजूद रहे।

# 15 साल बाद उत्तराखंड पुलिस ने किया एनकाउंटर, इस घटना ने तोड़ दी थी कमर

**रुद्रपुर, एजेंसी।** वर्ष 2009 में हुए फर्जी रणवीर एनकाउंटर ने उत्तराखंड पुलिस की कमर तोड़ दी थी। जिसके बाद पुलिस बदमाशों पर गोली चलाने से दो कदम पीछे हट गई थी।

फलस्वरूप राज्य में बदमाशों के हौसले बुलंद हो गए थे, लेकिन नानकमत्ता में डेरा कारसेवा प्रमुख तरसेम सिंह की हत्या करने वाले शूटर को उत्तराखंड पुलिस ने हरिद्वार में 15 साल बाद एनकाउंटर में ढेर कर दिया है। जिससे बदमाशों में एक बार फिर से उत्तराखंड पुलिस का उत्तर प्रदेश पुलिस की तरह खौफ पैदा होगा।

उत्तराखंड बने हुए 24 साल हो गए हैं। शुरुवाती दौर में उत्तराखंड पुलिस ने कई बड़े बदमाशों का एनकाउंटर किया। वर्ष, 2008 में हल्द्वानी पुलिस ने रुद्रपुर के ट्रांजिट कैंप के खेड़ा क्षेत्र में पहुंचकर डकैतों की घेराबंदी की थी। जिस



पर बदमाशों ने पुलिस पर फायर झोंक दिया था। जवाबी फायरिंग में डकैत ढेर हो गए थे।

इसके बाद वर्ष, 2009 में देहरादून में फर्जी रणवीर एनकाउंटर हुआ था। एनकाउंटर के बाद पुलिस कर्मियों को मिली सजा के बाद पुलिस बदमाशों का एनकाउंटर करने से पीछे हटने लगी थी। जिससे उत्तराखंड के ऊधम सिंह नगर, नैनीताल, हरिद्वार और देहरादून में अपराधियों के हौसले बुलंद हो गए थे।

हालत यह हो गई थी कि पुलिस पर भी कई बार फायरिंग के साथ ही गदरपुर में एक कांस्टेबल और नानकमत्ता में एक होमगार्ड की भी हत्या कर दी गई। यही नहीं कई बार बदमाशों को पकड़ने गई उत्तराखंड पुलिस की पिटाई भी की गई। लेकिन 15 साल बाद जब बदमाशों ने 28 मार्च को जब नानकमत्ता में डेरा कारसेवा प्रमुख तरसेम सिंह की हत्या की तो उसके एक हत्यारोपित अमरजीत सिंह को पुलिस ने हरिद्वार में एनकाउंटर में ढेर कर दिया। घटना से बेखौफ हो बदमाशों में अब उत्तर प्रदेश पुलिस की तरह ही उत्तराखंड पुलिस का खौफ पैदा होगा। अब तक हुए बदमाशों से पुलिस के मुठभेड़ वर्ष 2014 में पंजाब के इनामी बदमाशों की रुद्रपुर में शरण लेने की सूचना पर पंजाब पुलिस पहुंची। जब पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी तो उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी थी। बदमाशों के हौसले इतने बुलंद थे कि दिनदहाड़े वह काशीपुर बाइपास रोड होते हुए गदरपुर की ओर फायरिंग करते हुए फरार हो गए। वर्ष 2016 में रुद्रपुर पुलिस ने काशीपुर रोड पर तेल मिल के पास उत्तर प्रदेश क्षेत्र में दबिश दी थी। इस दौरान लोगों ने पुलिस का विरोध करते हुए टीम पर हमला कर दिया था। हमले के बाद पुलिस की ओर से फायरिंग हुई थी। जिससे एक युवती गोली लगने से घायल हो गई थी। वर्ष 2017 में कांग्रेसी नेता किरन सरदार की हत्या करने के लिए बिहार और छत्तीसगढ़ से भाड़े के शूटर आए थे। इस दौरान वह कई दिनों तक ट्रांजिट कैंप में किराए में रहकर रेकी करते रहे। मौका मिलते ही उन्होंने किरन सरदार के कार्यालय में स्टेनगन से ताबड़तोड़ कई राउंड फायर कर दिया।

### छात्रों के कॅरिअर विकास पर वेबिनार आयोजित

**ऋषिकेश, एजेंसी।** श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय के पं. ललित मोहन शर्मा ऋषिकेश परिसर में मंगलवार को मेंटरिंग एंड काउंसलिंग सेल की ओर से ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया।

डॉ. अफरोज इकबाल ने समय प्रबंधन और विलंब प्रबंधन विषय पर व्याख्यान दिया। देव संस्कृति विवि के इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. मोना ने अपनी क्षमता को उजागर करने और कॅरिअर सुरक्षित करने पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। कला संकाय के डीन प्रो. डीसी गोस्वामी ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक प्रो. संगीता मिश्रा, डॉ. सीमा बेनीवाल, डॉ. एसके कुरियाल, प्रो. कंचनलता सिन्हा, प्रो. अरुणा पी सूत्राधर, प्रो. परवेज अहमद, प्रो. स्मिता बडोला, डॉ. अटल त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## एक के बाद एक आठ शव देख फट गया लोगों का कलेजा, हृदयविदारक घटना से शोक में डूबा नैनीताल

**गरमपानी (नैनीताल), एजेंसी।** बेतालघाट ब्लाक के मल्ला गांव, ऊंचाकोट क्षेत्र में सोमवार देर रात हुई हृदयविदारक घटना में आठ मृतकों के शव मंगलवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए नैनीताल भेजे।

हादसे का शिकार हुआ समीपवर्ती ओडाबास्कोट गांव निवासी वाहन चालक का गांव भी शोक में डूबा हुआ है। सोमवार मध्य रात्रि मल्लागांव, ऊंचाकोट में नेपाली मूल के यात्रियों को लेकर रामनगर रवाना हुआ पिकअप वाहन असंतुलित होकर लगभग दो सौ मीटर खाई की ओर जा गिरा।

हादसे में वाहन चालक ओडाबास्कोट गांव निवासी राजेंद्र कुमार (38) पुत्र हरीश राम तथा नेपाली मूल के श्रमिक विश राम चौधरी (50), धीरज (45), अंनत राम चौधरी( 40), विनोद चौधरी (38), उदय राम चौधरी(55), तिलक चौधरी (45), गोपाल (60) सभी निवासी चीसापानी गांव, सुरखेत, नेपाल निवासी की मौके पर मौत हो गई जबकि वाहन में सवार शांति चौधरी तथा छोटू चौधरी उर्फ जनक गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना की सूचना पर पुलिस, प्रशासन, एसडीआरएफ व गांव के लोगों ने रेस्क्यू अभियान चलाया। गंभीर रूप से घायल दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हल्द्वानी रेफर कर दिया गया। मंगलवार को पुलिस प्रशासन की टीम ने पंचनामा भर शवों को पोस्टमार्टम के लिए नैनीताल भेजा। सीओ सुमित पांडे तथा एसपी क्राइम हरवंश सिंह ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई।

गांव में दो महीने से जल जीवन मिशन योजना का कार्य में जुटे नेपाली मूल के श्रमिकों की मंगलवार को वतन वापसी की तैयारी थी। श्रमिकों ने ठेकेदार को अपने नेपाल स्थित चीसापानी गांव में गेहूं कटाई का कार्य पूरा करने के बाद वापस काम पर लौटने का भरोसा भी दिलाया।

ठेकेदार ने हिसाब किया तो श्रमिकों का मन बदल गया और मंगलवार की जगह श्रमिकों ने सोमवार को ही घर वापसी का कार्यक्रम तैयार कर लिया और वाहन भी बुला लिया। श्रमिकों को जरा भी अंदेशा नहीं होगा की यह रात उनकी आखिरी रात होगी। ग्रामीणों के अनुसार सभी मृतक आपस में रिश्तेदार भी थे। ग्रामीण बताते हैं की श्रमिकों को घर लौटने की इतनी जल्दी थी की पाइप लाइन बिछाने का कार्य समय पर निपटा दिया था।

हादसे का शिकार हुआ वाहन चालक राजेंद्र स्वयं पिकअप वाहन का स्वामी था। गांव से सब्जियां खरीद वह रामनगर मंडी में सब्जियों को बेचकर अपने परिवार की आजीविका चलाता था। सोमवार को भी वह मटर लेकर रामनगर को रवाना हुआ। सूचना मिलने पर नेपाली मूल के श्रमिकों ने भी राजेंद्र से संपर्क साध चलने की बात कही। राजेंद्र वाहन लेकर तय समय पर श्रमिकों के बताए स्थान पर भी पहुंच गया।

## सीएम पुष्कर सिंह धामी ने चिन्यालीसौड़ में की जनसभा, माला राज्यलक्ष्मी शाह के लिए मांगे वोट

**उत्तरकाशी, एजेंसी।** उत्तरकाशी जिले के चिन्यालीसौड़ में सीएम धामी ने टिहरी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी माला राज्यलक्ष्मी शाह की मौजूदगी में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। सीएम धामी ने कहा कि इस बार का चुनाव हर बार के चुनाव से अलग व ऐतिहासिक होने जा रहा है।

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस बार का चुनाव हर बार के चुनाव से अलग व ऐतिहासिक होने जा रहा है। इस चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो दस सालों तक देश के लिए तपस्या की है। उसका प्रतिफल मिलने का चुनाव है। ये चुनाव उन्हें तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है।

मंगलवार को यहां डिग्री कॉलेज मैदान में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टिहरी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी माला राज्यलक्ष्मी शाह की मौजूदगी में चुनावी जनसभा को संबोधित




किया। उन्होंने कहा कि सांसद प्रत्याशी माला राज्यलक्ष्मी शाह की छवि बेदाग है। वह अपने क्षेत्र के साथ संसद और पार्टी के काम को आगे बढ़ाती हैं। विपक्षी कांग्रेस पार्टी पर तंज कसते हुए सीएम कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस को चुनाव में खड़े करने के लिए प्रत्याशी ही नहीं मिले। पूरे चुनाव में लोग पीएम मोदी के नेतृत्व को देख रहे हैं। केंद्र सरकार की सभी योजनाएं गरीबों, किसानों, युवाओं को समर्पित हैं। सीएम ने कहा कि हिंदु कई वर्षों से राम मंदिर निर्माण की प्रतीक्षा कर रहे थे। ये काम भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में हुआ है। उन्होंने पार्टी प्रत्याशी माला राज्यलक्ष्मी शाह को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया। वहीं सांसद प्रत्याशी माला राज्यलक्ष्मी शाह ने कहा कि टिहरी की जनता ने उन्हें तीन बार सेवा का मौका दिया है। चौथी बार भी जनता उन्हें आशीर्वाद देगी। इस मौके पर पूर्व विधायक केदार सिंह रावत, जिलाध्यक्ष सतेंद्र राणा, स्वराज विद्वान, विनोद सुयाल, रामसुंदर नौटियाल, जसोदा राणा, प्रकाश रमोला, जोत सिंह बिष्ट, अतोल रावत, विमला नौटियाल, पूनम रमोला, विजय बडोनी, चैन सिंह महर, सोबेंद्र बिष्ट आदि रहे।

## पीएम की जनसभा के लिए जिला प्रशासन ने परखीं व्यवस्थाएं

**ऋषिकेश, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल ऋषिकेश के आईडीपीएल मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की जा रही है। मंगलवार को डीएम सोनिका और एसएसपी अजय सिंह ने अधिकारियों के साथ सभा स्थल का जायजा लिया।

गढ़वाल मंडल की तीन प्रमुख लोकसभा हरिद्वार, पौड़ी और टिहरी के मतदाताओं को साधने के लिए पीएम मोदी 11 अप्रैल को आईडीपीएल में जनसभा करेंगे। पीएम की जनसभा की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट है। सभा स्थल पर पंडाल तैयार किया गया है। डीएम सोनिका और एसएसपी अजय सिंह ने सभा स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। एसएसपी ने बताया कि आईडीपीएल, बापूग्राम और आसपास क्षेत्र में बड़ी आबादी है। सुरक्षा की दृष्टि से सभा स्थल के आसपास रहने वालों का सत्यापन किया जा रहा है।

जनसभा के समय यातायात व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए योजना बनाई जा रही है। इस मौके पर एसपी ग्रामीण लोकजीत सिंह, थाना रायवाला प्रभारी जितेंद्र चौधरी, सीओ ऋषिकेश संदीप नेगी, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक एसएस बिष्ट, एसओजी प्रभारी राजेंद्र सिंह खोलिया, यातायात निरीक्षक रविकांत सेमवाल आदि मौजूद रहे।

## कैसे बुझेगी आग, 22 किमी दूर से बुलाना पड़ता है दमकल वाहन

**ऋषिकेश, एजेंसी।** नीलकंठ मंदिर क्षेत्र में अग्निशमन केंद्र न होने से आग लगने की घटना होने पर भगवान भरोसे ही रहना पड़ता है। आग लगने पर 22 किलोमीटर दूर लक्ष्मणझूला से दमकल के वाहन पहुंचने का इंतजार करना पड़ता है। जब तक वाहन पहुंचता है तब तक सब कुछ जलकर राख हो चुका होता है।

नीलकंठ धाम में प्रति वर्ष लाखों श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते हैं। सावन मास में कांवड़ यात्रा को छोड़ दिया जाय तो पूरे साल भर अग्नि सुरक्षा के कोई इंतजार नहीं किए जाते हैं। ऋषिकेश और हरिद्वार की यात्रा करने वाले नीलकंठ मंदिर में दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं। इससे हर दिन लक्ष्मणझूला-नीलकंठ मार्ग पर वाहनों की लाइनें लगी रहती है। यदि रास्ते में किसी वाहन पर आग लगती है तो अग्निशमन विभाग के वाहन आने से पहले वाहन राख हो जाता है।

नीलकंठ क्षेत्र में एक इंटर कॉलेज, एक राजकीय प्राथमिक विद्यालय, नीलकंठ मंदिर, 20 रेस्टोरेंट, 30 लॉज, 70 दुकानें स्थायी, 80 अस्थायी दुकानें, तीन निजी पार्किंग, एक पीडब्ल्यूडी की पार्किंग, एक मौन गांव की पार्किंग समेत आठ पार्किंग हैं। इन सभी पार्किंग में प्रति दिन 2000 वाहन से अधिक पार्क होते हैं। वीकेंड पर तो 22 किलोमीटर का सफर करने में एक घंटे से ज्यादा लग जाता है। संवाद

सामाजिक कार्यकर्ता अवनीश नौटियाल, नीलकंठ मंदिर समिति के सचिव धन सिंह राणा, देवेंद्र शर्मा,नीरज पयाल, महिपाल पयाल, सुमित रौथाण और रविंद्र नेगी ने कहा कि नीलकंठ मंदिर के दर्शन के पूरे साल भर यात्री आते हैं। यहां कई व्यावसायिक प्रतिष्ठान भी हैं। ऐसे में यहां पर अग्निशमन केंद्र खोला जाना चाहिए।

## 51 दिन से लापता चल रहे छात्र का शव मिला...परिजन बोले- पुलिस मदद करती तो बच जाता बेटा

**नैनीताल, एजेंसी।** भाष्कर के लापता होने के बाद उसके परिजन रुद्रपुर, हल्द्वानी से लेकर अल्मोड़ा तक उसकी तलाश करते रहे। चाचा विवेक दुम्का का कहना है कि इस मामले की शिकायत सीएम पोर्टल में भी की गई। कमिश्नर दीपक रावत से भी मिले। लेकिन बेटा नहीं मिला।

भाष्कर के लापता होने के बाद उसके स्वजन रुद्रपुर, हल्द्वानी से लेकर अल्मोड़ा तक उसकी तलाश करते रहे। चाचा विवेक दुम्का का कहना है कि इस मामले की शिकायत सीएम पोर्टल में भी की गई। कमिश्नर दीपक रावत से भी मिले। कहा कि प्रशासनिक अमला और पुलिस उनकी मदद करती तो उनका बेटा जिंदा होता।

भाष्कर के ताऊ चंद्र दत्त दुम्का व चाचा विवेक दुम्का का आरोप है कि पुलिस ने इस मामले में लापरवाही बरती। लापता बालक को ढूंढने में दिलचस्पी नहीं दिखाई। आरोप लगाया कि पुलिस ने भाष्कर को खोज रहे दमुवाढूंगा चौकी इंचार्ज को जांच टीम से हटा दिया था। दो सिपाही के भरोसे हमारे बच्चे की तलाश की जा रही थी। उन्होंने छात्र के साथ अंतिम बार दिखे दो बच्चों पर हत्या का शक जताया है। साथ



ही उन बच्चों के परिजन पर धमकाने का आरोप लगाया है। सोमवार दोपहर दो बजे भाष्कर का शव बरामद हो गया था। पुलिस शव को रात आठ बजे मोर्चरी लेकर पहुंची। मंगलवार सुबह सात बजे भाष्कर के परिजन मोर्चरी पहुंच गए थे। उधर पुलिस ने दोपहर 12:30 बजे तक पंचनामा नहीं भरा था। दोपहर पौने एक बजे सिपाही पंचनामा लेकर पहुंचा। इसके बाद पोस्टमार्टम शुरू हुआ। परिजनों का कहना था कि हमने पुलिस से कहा कि हमें 20 किलोमीटर दूर जाना है। बावजूद शव देने में काफी देर की गई। मामले में परिजन सवाल उठा रहे हैं कि क्या घटनास्थल तक उनका बेटा अकेले गया था।

# पहाड़ में नहीं मिला ठिकाना तो नेताओं ने किया पलायन, इनमें से सात सात रह चुके मुख्यमंत्री

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** पलायन को पहाड़ की विडंबना कहें या इसे हकीकत मान लिया जाए। लोगों के साथ नेताओं को भी जब मौका मिला, उन्होंने पहाड़ छोड़ दिया। लोकसभा हो या विधानसभा चुनाव। पहाड़ के नेताओं को जब पहाड़ में ठिकाना नहीं मिला तो उन्होंने मैदानी क्षेत्रों में अपनी राजनीतिक कर्मभूमि तलाश की।

भारत रत्न गोविंद बल्लभ पंत, हेमवती नंदन बहुगुणा, नारायण दत्त तिवारी ने सबसे पहले इसकी शुरुआत की। भाजपा के दिग्गज मुरली मनोहर जोशी, हरीश रावत, बची सिंह रावत, भगत सिंह कोश्यारी, रमेश पोखरियाल निशंक, त्रिवेंद्र सिंह रावत, अजय भट्ट का नाम भी पलायन की सूची में दर्ज है।

तराई-मैदानी क्षेत्रों में इनका राजनीतिक प्रयोग सफल भी रहा। सात नेता उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। फिर इन्होंने मुड़कर राजनीतिक तौर पर पहाड़ की ओर नहीं देखा। वर्ष 2009 में अल्मोड़ा संसदीय सीट आरक्षित होने व हरिद्वार सीट सामान्य होने के बाद अल्मोड़ा सीट और गढ़वाल क्षेत्र के दिग्गज नेताओं ने हरिद्वार की ओर रुख किया था।




पहाड़ के सबसे बड़े नेताओं में शामिल भारत रत्न गोविंद बल्लभ पंत मूल रूप से खूंट (अल्मोड़ा जिला) के रहने वाले थे। उन्होंने रानीखेत में वकालत की प्रैक्टिस की। आजादी के बाद जब 1951 में उत्तर प्रदेश के पहले विधानसभा चुनाव हुए तो उन्होंने पहला चुनाव बरेली से लड़ा।

वह चाहते तो अल्मोड़ा, रानीखेत कहीं से भी चुनाव लड़ सकते थे। उप्र के वह पहले मुख्यमंत्री बने। चार साल बाद उन्हें 1955 में गृहमंत्री बना दिया गया। उनके निधन के बाद उनके पुत्र कृष्ण चंद्र पंत सक्रिय राजनीति में आए। वर्ष 1962 में उन्होंने लोकसभा चुनाव नैनीताल संसदीय सीट से लड़ा। कांग्रेस के टिकट पर वह लगातार तीन बार 1962, 67 व 71 में चुनाव जीते। उनकी पुत्रवधू और दामाद भी इसी सीट पर चुनाव लड़े और सफल रहे।

आजादी के बाद वर्ष 1951 में हुए उत्तर प्रदेश विधानसभा के पहले चुनाव में नारायण दत्त तिवारी ने प्रज्ञा सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर नैनीताल उत्तर से चुनाव लड़ा और जीतने में सफल रहे। वर्ष 1957 में भी उन्होंने यहां से चुनाव जीता। 1962 में नैनीताल में वह कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र सिंह से चुनाव हार गए।

इसके बाद उन्होंने पहाड़ से विदाई ले ली। उन्होंने कांग्रेस ज्वाइन कर काशीपुर को अपनी कर्मभूमि बनाया और वर्ष 1976-77, 84-85, 88-89 में तीन बार मुख्यमंत्री बने। 1967 में काशीपुर से चुनाव हारने के बाद उन्होंने मुड़कर नहीं देखा। वर्ष 1969, 74, 77, 85 में लगातार चुनाव जीतने में सफल रहे। 1987 में उन्होंने हल्द्वानी से विधानसभा चुनाव जीता और उत्तराखंड बनने के बाद वह प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री बने। वर्ष 2002 में रामनगर से उपचुनाव में जीत दर्ज की। लोकसभा के चुनाव भी उन्होंने नैनीताल-उधमसिंह नगर से ही लड़ा और जीता। सबसे पहला चुनाव 1980 में लड़ा और तब विजयी रहे। उसके बाद 1991, 96, 98, 99 में भी यही से चुनाव मैदान में उतरे।

पौड़ी के रहने वाले हिमालय पुत्र हेमवती नंदन बहुगुणा ने अपना पहला लोकसभा चुनाव इलाहबाद से 1971 में कांग्रेस के टिकट पर लड़ा और जीतने में सफल रहे। इंदिरा गांधी से अदावत के बाद उन्होंने 1977 में लखनऊ संसदीय सीट से भारतीय लोकदल के टिकट पर चुनाव लड़ा। जीत भी दर्ज की। 1980 में वह पौड़ी गढ़वाल संसदीय सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरे और जीते। 1984 में फिर इलाहाबाद गए, लेकिन वह सुपर स्टर अमिताभ बच्चन से चुनाव हार गए। उन्होंने पहला विधानसभा चुनाव भी मैदानी क्षेत्र मनजहांपुर से लड़ा। वह वर्ष 1973 में उप्र के मुख्यमंत्री बने।

भाजपा के मुरली मनोहर जोशी ने आपातकाल के बाद 1977 में पहला लोकसभा चुनाव भारतीय लोक दल के टिकट पर अल्मोड़ा संसदीय सीट से लड़ा और जीतने में सफल रहे। भाजपा के टिकट पर 1980 और 84 में लगातार हार के बाद उन्होंने अल्मोड़ा छोड़ दिया।

उन्होंने इलाहबाद को अपनी राजनीतिक कर्मभूमि बनाया।

# डॉ. अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल को संविधान बचाओ-तानाशाही हटाओ दिवस के रूप में बनाएगी आप- गोपाल राय

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ. अंबेडकर की जयंती को संविधान बचाओ-तानाशाही हटाओ दिवस के रूप में मनाएगी। आप के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल द्वारा जेल से भेजे गए संदेश के बाद पार्टी ने यह फैसला लिया है। आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने बताया कि जेल से सीएम केजरीवाल ने भेजे संदेश में कहा है कि इस समय हमारे संविधान और लोकतंत्र पर खतरा मंडरा रहा है। इसलिए बबा साहब की जयंती को पूरे देश में संविधान बचाओ-तानाशाही हटाओ दिवस के रूप में मनाया जाए। उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल को देश भर में हमारे सभी मंत्री, विधायक, नेता, पार्षद व कार्यकर्ता बाबा साहब की तस्वीर के सामने इकट्ठा होंगे और देश के संविधान को बचाने का संकल्प लेंगे। वहीं, दूसरे संदेश में सीएम ने दिल्ली के सभी विधायकों और कार्यकर्ताओं को हर कीमत पर दिल्लीवालों की सेवा जारी रखने को कहा है, ताकि किसी को कोई दिक्कत न हो।

दरअसल, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जेल से पार्टी को दिल्ली की जनता की सेवा करने और 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ. अंबेडकर की जयंती को संविधान बचाओ-तानाशाही हटाओ दिवस के रूप में मनाने का संदेश भेजा है। सीएम द्वारा अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल के हाथों भेजे गए संदेश को लेकर बुधवार को उनके आवास पर बड़ी बैठक हुई। बैठक में सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, पंजाब के सीएम भगवंत मान, राष्ट्रीय महासचिव संगठन डॉ. संदीप पाठक, सांसद संजय सिंह, दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय, मंत्री सौरभ भारद्वाज और जस्मीन शाह समेत अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए और अरविंद केजरीवाल से मिले संदेशों पर अमल करने को लेकर चर्चा की गई। बैठक के उपरांत आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि मंगलवार को सुनीता केजरीवाल जेल में अरविंद केजरीवाल से मिलने गई थीं। सीएम केजरीवाल ने जेल से सुनीता केजरीवाल के जरिए पार्टी के लिए दो संदेश भिजवाए हैं। इस संबंध में बुधवार को मुख्यमंत्री आवास पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, राज्यसभा सांसद संजय सिंह, संगठन महामंत्री संदीप पाठक, दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज सुनीता केजरीवाल से मिलने आए थे। अरविंद केजरीवाल ने पहले संदेश में कहा है कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद किसी भी कीमत पर दिल्ली के लोगों की सेवा जारी रखनी है। दिल्ली की जनता को किसी भी तरह की दिक्कत नहीं आनी चाहिए। पार्टी के सभी विधायक और कार्यकर्ता जनता के सुख-दुख में खड़े हों और अधिक से अधिक उन लोगों की मदद करें।

गोपाल राय ने कहा कि सीएम केजरीवाल ने दूसरे संदेश में कहा है कि वह जेल में इस तानाशाही सरकार की हर बाधाओं और हर अत्याचार को बर्दाश्त करने के लिए तैयार हैं। लेकिन इस समय सबसे जरूरी देश के संविधान को बचाना है। क्योंकि इस समय हमारे संविधान के ऊपर खतरा मंडरा रहा है। हमारे लोकतंत्र के ऊपर खतरा मंडरा रहा है। इसलिए आम आदमी पार्टी 14 अप्रैल को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जन्म दिवस को पूरे देश में ह्संविधान बचाओ-तानाशाही हटाओह् दिवस के रूप में मनाएं। दिल्ली, पंजाब समेत पूरे देश में आम आदमी पार्टी के मंत्री, विधायक, नेता, पार्षद, कार्यकर्ता बाबा साहब आंबेडकर की तस्वीर के सामने इकट्ठा होकर संकल्प लें कि जब तक आखिरी सांस है, इस देश के संविधान की रक्षा और देश से तानाशाही खत्म करने के लिए अपना संघर्ष जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि जेल से भेजे गए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के संदेशों के आधार पर पार्टी ने यह निर्णय लिया है कि 14 अप्रैल को बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का जन्म दिवस संविधान बचाओ- तानाशाही हटाओह् दिवस के रूप में मनाएंगे। क्योंकि यह केवल हमारी लड़ाई नहीं है। यह लड़ाई संविधान को बचाने की है। जहां आप चुनाव लड़ रही है, वहां जोरशोर से प्रचार चल रहा है- गोपाल राय इस दौरान चुनाव प्रचार को लेकर मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी का चुनाव प्रचार जोर शोर से लगातार चल रहा है। पंजाब में पहले ही सीएम अरविंद केजरीवाल और सीएम भगवंत मान ने कैंपेन लॉन्च कर चुके हैं। दिल्ली में भी जेल का जवाब वोट से कैंपेन शुरू हो चुका है। असम, कुरुक्षेत्र और गुजरात में भी कैंपेन चल रहा है। आम आदमी पार्टी जिन राज्यों के अंदर लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है, वहां प्रचार चल रहा है।

# आम आदमी पार्टी की छात्र विंग कल से दिल्ली के सभी कॉलेजों में शुरू करेगी हस्ताक्षर अभियान

- आम आदमी पार्टी के छात्र युवा नेता 16 अप्रैल को दिल्ली के सभी कॉलेजों में निकालेंगे मशाल मार्च

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अवैध गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी की छात्र विंग, छात्र युवा संघर्ष समिति (उरर) ने दिल्ली के सभी कॉलेजों में मशाल मार्च निकालने का ऐलान किया है। इसके अलावा आम आदमी पार्टी की छात्र विंग ने दिल्ली के सभी कॉलेजों में हस्ताक्षर अभियान चलाने का भी ऐलान किया है।

आम आदमी पार्टी की छात्र विंग कल से दिल्ली के सभी कॉलेज में हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत करेगी। हस्ताक्षर अभियान के द्वारा आप छात्र युवा नेता कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अवैध गिरफ्तारी के बारे में अवगत कराएंगे। छात्र नेता उनको बताएंगे कि किस तरीके से शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन काम करने वाले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भाजपा ने षड्यंत्र कर के सलाखों के पीछे बंद कर दिया है। छात्रों से अनुरोध किया जाएगा कि वह अन्य छात्रों को भी इस हस्ताक्षर अभियान में शामिल करें और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर अपना विरोध दर्ज कराएं। इसके अलावा आम आदमी पार्टी की छात्र विंग ने दिल्ली के सभी कॉलेजों में मशाल मार्च निकालने का भी ऐलान किया है। यह मशाल मार्च 16 अप्रैल को शाम 6:00 बजे दिल्ली के सभी कॉलेजों में निकाला जाएगा। इस मशाल मार्च में आम आदमी पार्टी के सभी छात्र युवा नेता शामिल होंगे।

# अदालत ने केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग वाली याचिका पर नाराजगी जताई

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली उच्च न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग को लेकर बार-बार याचिका दायर करने पर बुधवार को नाराजगी जताई। अदालत ने कहा कि एक बार जब उसने इस मुद्दे को निस्तारित कर दिया है और यह कार्यपालिका के क्षेत्र में आता है, तो बार-बार वाद दायर नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि यह जेम्स बॉण्ड की फिल्म नहीं है जिसके सीक्वल होंगे। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने अदालत को राजनीतिक मामले में शामिल करने की कोशिश के लिए, केजरीवाल को पद से हटाने का अनुरोध करने वाले याचिकाकर्ता पूर्व आप विधायक संदीप कुमार की आलोचना की और कहा कि वह उन पर 50,000 रुपये का जुर्माना लगाएंगे।

अदालत ने टिप्पणी की, यह जेम्स बॉण्ड फिल्म की तरह नहीं है जहां हम सीक्वल बनाएंगे। उपराज्यपाल इस पर फैसला लेंगे। आप हमें राजनीतिक जाल में फंसाने की कोशिश कर रहे हैं, बस इतना ही है। पीठ में न्यायमूर्ति मनमीत पी.एस. अरोड़ा भी हैं। पीठ ने दोहराया कि वह राजधानी में राज्यपाल शासन नहीं लगा सकती।

यह देखते हुए कि याचिकाकर्ता द्वारा व्यवस्था का मजाक बनाया जा रहा है, अदालत ने कहा, आप पर 50,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाता है। हम आदेश पारित करेंगे।अदालत ने 28 मार्च को केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने के अनुरोध वाली एक जनहित याचिका खारिज करते हुए कहा था कि याचिकाकर्ता ऐसी कोई कानूनी बाध्यता दिखाने में विफल रहा है जो गिरफ्तार मुख्यमंत्री को पद संभालने से रोकती हो। अदालत ने कहा था कि ऐसे मामलों में न्यायिक हस्तक्षेप की भी कोई गुंजाइश नहीं है क्योंकि इस मुद्दे को देखना राज्य के अन्य अंगों का काम है। इसने कहा कि वह राष्ट्रीय राजधानी में संवैधानिक मशीनरी के खराब होने की घोषणा नहीं कर सकती। अदालत ने 4 अप्रैल को इस मुद्दे पर दूसरी जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया था और याचिकाकर्ता को उपराज्यपाल (एलजी) से संपर्क करने की छूट दी थी। बुधवार को, कुमार के वकील ने तर्क दिया कि उनके मामले में संविधान की व्याख्या की आवश्यकता है और धनशोधन मामले में गिरफ्तारी के कारण, केजरीवाल अब मुख्यमंत्री का पद संभालने के लिए योग्य नहीं हैं।

न्यायमूर्ति मनमोहन ने कहा कि अगर कोई शिकायत थी तो उसी मुद्दे पर तीसरी याचिका दायर करने के बजाय पहले के फैसलों के खिलाफ अपील दायर की जानी चाहिए थी।

# दिल्ली सरकार के मंत्री राजकुमार आनंद ने दिया इस्तीफा, पार्टी भी छोड़ी

नई दिल्ली। दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री राजकुमार आनंद ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी की नीति का विरोध करते हुए बुधवार को मंत्री पद और पार्टी से इस्तीफा दे दिया। आनंद ने पत्रकार वार्ता के दौरान भ्रष्टाचार के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी के रवैए पर सवाल उठाए। साथ ही उन्होंने दलितों और पिछड़ों के प्रतिनिधित्व का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी देश में राजनीति बदलने के उद्देश्य से आई थी। हालांकि राजनीति नहीं बदली लेकिन राजनेता बदल गए। भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन करने वाली पार्टी आज स्वयं भ्रष्टाचार के दलदल में फंस गई है। ऐसे में उनका पार्टी में रहना असहनीय था और उन्होंने इस्तीफा दे दिया।

पिछड़ों के प्रतिनिधित्व का मुद्दा उठाते हुए आनंद ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर की फोटो लगाने वाली पार्टी उनके आदर्शों पर नहीं चल रही। आरक्षण मजबूरी है लेकिन जहां आरक्षण नहीं है वहां दलितों और पिछड़ों को पार्टी प्रतिनिधित्व देने में नाकाम रही है। उन्होंने कहा कि आप की ओर से राज्यसभा भेजे गए सांसदों में एक भी दलित, पिछड़ा और महिला नहीं है। हाल ही में विधानसभा में फैलो की भर्ती की गई। इसमें भी दलितों और पिछड़ों की भर्ती नहीं की गई।

# मुख्यमंत्री केजरीवाल को उनके अनुरोध पर जेल नियमों की प्रति उपलब्ध कराई गई

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को उनके अनुरोध पर जेल नियमों की एक प्रति उपलब्ध कराई गई। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। तिहाड़ जेल के एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि कोई भी बंदी जेल के पुस्तकालय में उपलब्ध किसी भी किताब को पढ़ सकता है।

अदालत द्वारा एक अप्रैल, 2024 को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद से केजरीवाल तिहाड़ की जेल नंबर दो में बंद हैं।

जेल भेजे जाने के बाद केजरीवाल ने जेल अधिकारियों से तीन किताबों- रामायण, महाभारत, और ह्वहाउ प्राइम मिनिस्टर्स डिसाइड की मांग की थी।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका को मंगलवार को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय ने केजरीवाल की याचिका को खारिज करते हुए कहा था कि उनकी गिरफ्तारी से किसी भी तरह कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन नहीं हुआ है।

सूत्रों के अनुसार, केजरीवाल और तिहाड़ जेल में बंद आम आदमी पार्टी (आप) के अन्य नेताओं को भी उनकी कोठरियों में मच्छरदानी उपलब्ध कराई गई है।

एक अधिकारी ने कहा कि प्रावधानों के अनुसार, बंदियों को उनकी जेल में मच्छरदानी प्रदान की जा सकती है।

आप नेता मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन तिहाड़ जेल की जेल संख्या एक और सात में बंद हैं। जहां, सिसोदिया को आबकारी नीति मे हुए कथित घोटाले के मामले में गिरफ्तार किया गया है वहीं, जैन को ईडी ने धनशोधन से जुड़े एक अन्य मामले में गिरफ्तार किया है। सूत्रों ने बताया कि जेल में केजरीवाल को अक्सर कुर्सी पर बैठकर किताबें पढ़ते और लिखते हुए देखा जाता है। वह जेल नियमों का भी अध्ययन करते हैं। एक आधिकारिक सूत्र ने बताया कि मुख्यमंत्री को जेल में एक टीवी भी उपलब्ध कराया गया है, जिसमें 20 चैनल हैं, लेकिन वह इसमें दिलचस्पी नहीं लेते है। वह अपना ज्यादातर समय पढ़ने, ध्यान और योग करने में बिताते हैं। सूत्रों के मुताबिक, केजरीवाल की कोठरी में दो सीसीटीवी कैमरे लगे होने से जेल अधिकारी 24 घंटे उन पर नजर रख सकते हैं।

ईडी ने मुख्यमंत्री केजरीवाल पर आबकारी नीति घोटाले का मुख्य साजिशकर्ता, नीति का मसौदा तैयार करने और उसे लागू करने, रिश्वत लेने, दलालों को लाभ पहुंचाने और अंत में घोटाले से मिली आय का कुछ हिस्सा गोवा विधानसभा चुनाव के प्रचार में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है।

# न्यायालय ने अपना ही फैसला रद्द किया, दिल्ली मेट्रो की याचिका विचारार्थ स्वीकार की



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) को बड़ी राहत प्रदान करते हुए बुधवार को अपना ही एक फैसला रद्द कर दिया और कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की उपक्रम कंपनी दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड को 2017 के मध्यस्थता आदेश के अनुपालन में 8,000 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान करने के लिए बाध्य नहीं है। भारत के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने 2021 के फैसले के खिलाफ दाखिल दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की सुधारात्मक याचिका को विचारार्थ स्वीकार कर लिया और कहा कि शीर्ष अदालत ने दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को रद्द करने में गलती की। दिल्ली उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने 2019 में डीएमआरसी के खिलाफ पारित मध्यस्थता आदेश को रद्द कर दिया था। पीठ ने अपने फैसले में कहा, दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को खारिज करते हुए इस अदालत ने स्पष्ट रूप से एक ऐसा फैसला सुनाया जिसने एक सार्वजनिक उपक्रम को अत्यधिक जिम्मेदारी से लाद दिया। पीठ ने कहा कि इस मामले में शीर्ष अदालत के पूर्व के फैसले से न्याय का उपहास हुआ और इसमें सुधार की जरूरत हुई। फैसले में कहा गया कि डीएमआरसी द्वारा अब तक जमा की गई राशि वापस कर दी जाएगी। फैसले से पक्षकारों की वही स्थिति बहाल हो गई जिस स्थिति में वे दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले की घोषणा की तारीख पर थे। विस्तृत फैसले की प्रतीक्षा है। वर्ष 2017 का मध्यस्थता आदेश 7,200 करोड़ रुपये का था और ब्याज और अन्य शुल्कों के साथ राशि बढ़कर 8,000 करोड़ रुपये से अधिक हो गई। शीर्ष अदालत ने डीएएमईपीएल को 8,000 करोड़ रुपये का भुगतान करने के फैसले को चुनौती देने वाली डीएमआरसी की अपील और पुनर्विचार याचिकाएं खारिज कर दी थीं।

## शराब घोटाले में जमानत के लिए मनीष सिसोदिया का बढ़ा इंतजार, 15 अप्रैल को सुनवाई

नई दिल्ली। दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेशी हुई है। अदालत में सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई होनी थी। अब अदालात ने उनकी याचिका पर सुनवाई के लिए15 अप्रैल की तारीख सुनवाई मुकर्रर की है। कुछ मीडिया रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)ने कोर्ट में कहा कि सिसोदिया ने एक्सपर्ट की रिपोर्ट से भटकाने का दिखावा करने के लिए ईमेल प्लांट किए और हमारे पास इसके सबूत मौजूद हैं। ईडी ने दावा किया है कि उनके पास सबूत के तौर पर दस्तावेज के अलावा व्हाट्सएप चैट और ईमेल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, आप नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री की जमानत याचिका का विरोध करते हुए ईडी के वकील ने अदालत से कहा कि यह तय करने की जरूरत है कि क्या मुकदमा कछुआ गति से आगे बढ़ रहा है? ईडी ने शीर्ष अदालत के पूर्व के फैसलों का हवाला देते यह भी कहा कि कोर्ट को मामले में गुण-दोष के आधार पर विचार करना होगा। मनीष सिसोदिया को सुरक्षा व्यवस्था के बीच कोर्ट में पेश किया गया था। कोर्ट में सुनवाई के बाद बाहर निकल रहे सिसोदिया का एक वीडियो भी सामने आया है।

# आईपी स्टेट थाना इलाके में युवक की चाकू गोद कर हत्या, मामले की जांच में जुटी पुलिस



- सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रखवा दिया है और पूरे मामले में हत्या सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

नई दिल्ली। दिल्ली के सेंट्रल दिल्ली जिले के आईपी स्टेट थाना इलाके में बीती रात हत्या की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। मृतक की पहचान 31वर्षीय नंदकिशोर चौधरी के रूप में हुई है। परिजनों का आरोप है कि नंदकिशोर को चाकू मार कर मौत के घाट उतारा गया है। मृतक मूल रूप से बिहार के सहरसा का रहने वाला है बताया गया है फिलहाल पूरे मामले में पुलिस जांच में दिल्ली के आईपी स्टेट पुलिस जुटी हुई है मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात दिल्ली के आईपी स्टेट थाना इलाके में नंदकिशोर नामक युवक को चाकू गोद कर मौत के घाट उतारा दिया गया है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रखवा दिया है और पूरे मामले में हत्या सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है। मृतक के छोटे भाई चंद्रशेखर कुमार चौधरी ने पुलिस को दिए शिकायत में बताया है कि हम लोग आईटीओ के पास अन्ना झुग्गी इलाके में रहते हैं। दोनों भाई मिलकर लाल किला के पास कपड़े का दुकान लगाकर रोजी-रोटी चलाते हैं। मंगलवार रात करीब 10:00 बजे मेरा बड़ा भाई नंदकिशोर घर से बाहर निकला और उसके कुछ ही देर बाद हम बाहर निकले तो हमने देखा कि मेरे भाई के साथ कुछ लोग मारपीट कर रहे हैं और वह लहू लुहान पड़ा है। जिसके बाद हम वहां पहुंचे तो हमलावर वहां से भाग खड़े हुए। इसके बाद हम उसी हालत में अपने भाई को लेकर एलएनजेपीएस अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# आप 14 अप्रैल को मनाएगी संविधान बचाओ, तानाशाही हटाओ दिवस



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने बुधवार को घोषणा की कि वह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सलाह पर 14 अप्रैल को संविधान निमार्ता बी आर आंबेडकर की जयंती पर संविधान बचाओ, तानाशाही हटाओ दिवस मनाएगी। पार्टी नेता गोपाल राय ने संवाददाताओं से कहा कि जेल से एक अन्य संदेश में केजरीवाल ने पार्टी के विधायकों और स्वयंसेवकों से यह सुनिश्चित करने के लिए काम करने को कहा है कि दिल्ली के लोगों को कोई समस्या न हो। राय ने कहा कि मुख्यमंत्री की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने मंगलवार को तिहाड़ जेल में केजरीवाल से मुलाकात की और पार्टी की एक बैठक में उनका संदेश सुनाया। इस बैठक में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, राज्यसभा सदस्य संजय सिंह और अन्य लोग शामिल हुए थे। केजरीवाल ने अपने संदेश में कहा कि आप देश में तानाशाही के किसी भी अत्याचार का सामना करने के लिए तैयार है। राय के मुताबिक मुख्यमंत्री ने कहा कि देश भर में आप नेताओं और स्वयंसेवकों को 14 अप्रैल को आंबेडकर की जयंती पर तानाशाही का विरोध करने और संविधान बचाने की शपथ लेनी चाहिए।

# छठी, नौवीं व ग्यारहवीं में लागू होगा क्रेडिट सिस्टम

नई दिल्ली। अब स्कूलों में नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क के अंतर्गत क्रेडिट सिस्टम से पढ़ाई होगी। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने इस सिस्टम को पॉयलट प्रोजेक्ट के तौर पर शैक्षणिक सत्र 2024-25 से छठी, नौवीं व ग्यारहवीं में लागू करने की तैयारी की है। इस सिस्टम के तहत नौंवी में साल भर में 210 घंटे की पढ़ाई करने पर छात्रों को 40-54 क्रेडिट अंक मिलेंगे। यह क्रेडिट सभी विषयों में परीक्षा पास करने पर ही मिलेंगे। इसके लिए साल भर में एक कक्षा में 75 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य होगी। सीबीएसई ने इस सिस्टम का हिस्सा बनने के लिए स्कूलों को आमंत्रित किया है। इस संबंध में बोर्ड की ओर से सीबीएसई से संबद्ध सभी स्कूल प्रमुखों को दिशा-निदेशों की जानकारी भेजी गई है। बोर्ड ने नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क की गाइडलाइंस तैयार कर उससे संबंधित कई कार्यशालाएं की हैं। अब बोर्ड ने इसकी प्रभावशीलता का परीक्षण, मूल्यांकन करने के लिए छठी, नौवीं व ग्यारहवीं कक्षा में इन दिशा निदेशों के एक पायलट कार्यान्वयन की योजना बनाई है। सीबीएसई नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क के सफल परीक्षण को सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता सत्र, परामर्श कार्यक्रम आयोजित करेगा। इसके साथ ही पायलट कार्यक्रम में भाग लेने वाले स्कूलों को मार्गदर्शन प्रदान करेगा। छात्र को प्राप्त होने वाले क्रेडिट एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट में जुड़ते रहेंगे। नौवी के लिए संभावित प्रस्तावित क्रेडिट के अनुसार छात्र को पांच विषयों को पास करना होगा। इसमें दो भाषा और तीन विषय शामिल होंगे। इनमें पास होने पर ही छात्र क्रेडिट हासिल कर पाएंगे। प्रति विषय के लिए 210 घंटे होंगे। इस तरह से 1050 घंटे पांच अनिवार्य विषयों के लिए आवंटित होंगे। 150 घंटे आंतरिक मूल्यांकन, शारीरिक शिक्षा, आर्ट एजुकेशन और कार्य अनुभव के लिए होंगे। हर विषय के लिए सात क्रेडिट होंगे। नौवीं में पांच विषयों को पास करने पर छात्र 40 क्रेडिट के लिए योग्य होगा। यदि छात्र छठा व सातवां विषय लेता है तो उसके क्रेडिट 47-54 तक हो जाएंगे।11वीं में एक भाषा व 04 विषयों में पास होने पर 40 क्रेडिट : ग्यारहवीं में एक भाषा और चार विषयों में पास होने पर 40 क्रेडिट पाने के योग्य होंगे। 210 घंटे प्रति विषय के लिए आवंटित होंगे। नौवीं की तरह ही 150 घंटे आंतरिक मूल्यांकन, शारीरिक शिक्षा, कार्य अनुभव व जरनल स्टडी के लिए होंगे। यदि कोई छात्र पांच विषयों के अलावा छठा विषय लेता है तो वह 47 क्रेडिट पाने के योग्य होगा।

# केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर सड़क पर उतरी भाजपा, प्रदर्शन के दौरान वीरेंद्र सचदेवा को लगी चोट

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




दिल्ली भाजपा के नेताओं और कार्यकताओं ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा कार्यकताओं ने आम आदमी पार्टी के कार्यालय के बाहर जमकर नारेबाजी की। पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछार का इस्तेमाल किया। बताया जा रहा है कि इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को चोट लग गई। भाजपा नेताओं और कार्यकताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। वहीं, दिल्ली भाजपा के लोकसभा चुनाव प्रभारी ओपी धनखड़ ने आरएमएल अस्पताल में अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा से मुलाकात की।

इससे पहले उच्च न्यायालय ने मंगलवार को अरविंद केजरीवाल की दिल्ली आबकारी नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी। जिसके बाद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

आप नेता और दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने हाईकोर्ट द्वारा अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज करने पर कहा, ह्यहम सुप्रीम कोर्ट गए हैं। हमें उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट से न्याय जरूर मिलेगा। संजय सिंह के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जिस तरह से राह दिखाई, उसी तरह से अरविंद केजरीवाल के मामले में सुप्रीम कोर्ट कोई नई राह दिखाएगा।

इससे पहले हाई कोर्ट का फैसला आने के बाद सौरभ भारद्वाज ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि संजय सिंह की जमानत याचिका भी हाई कोर्ट ने खारिज कर दी थी। उनकी याचिका खारिज करने के दौरान हाई कोर्ट ने वे ही बाते बोली थी जो मंगलवार को केजरीवाल की याचिका खारिज करते हुए हाई कोर्ट ने कही है। मगर जब संजय सिंह हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट गए तो उनकी जमानत हो गई।

उधर, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, ह्यमहंगे-महंगे वकीलों पर करोड़ों रुपये खर्च करके अरविंद केजरीवाल माहौल तो बना सकते हैं लेकिन सच्चाई नहीं बदल सकते। सच्चाई ये है कि अरविंद केजरीवाल ने शराब घोटाले में चोरी की है।

बता दें कि केजरीवाल को 21 मार्च को दिल्ली आबकारी नीति 2021 से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था। उन्हें दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया, जिसने उन्हें 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेज दिया।

# सोशल मीडिया में उभरते कंटेंट को लेकर डीयू डीएसजे में कार्यशाला आयोजित



नई दिल्ली । सोशल मीडिया में उभरते कंटेंट को लेकर दिल्ली विश्वविद्यालय के दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज्म (डीएसजे) में बुधवार को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। डीएसजे के निदेशक प्रो. जय प्रकाश दुबे की अध्यक्षता में राइज ऑफ सोशल मीडिया इमर्जिंग कंटैंट्स एंड रिप्रजेंटेशन्स विषय पर आयोजित कार्यशाला का नेतृत्व एनडीटीवी के वरिष्ठ संपादक हिमांशु शेखर ने किया। इस दौरान प्रतिभागियों के प्रश्नों के उत्तर देते हुए हिमांशु शेखर ने आपदा कवरेज, एथिकल रिपोर्टिंग, पीड़ितों के प्रति संवेदनशीलता, दृश्यों का जिम्मेदारी पूर्ण उपयोग और अटकलों से तथ्यों को अलग करने की अनिवार्यता जैसे प्रमुख मुद्दों पर प्रकाश डाला।

कार्यशाला के दौरान उन्होंने सोशल मीडिया और कंटेंट पर कोविड के प्रभाव और ग्राउंड रिपोर्ट में आने वाली कठिनाइयों पर पूछे गए सवालों के जवाब भी दिए। उन्होंने कहा कि उस दौर में भी कठिनाइयों के बावजूद पत्रकार अपने काम में काफी समझदार और जिम्मेदार रहे। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से कठोर अनुसंधान और तथ्यात्मक सटीकता के आधार पर मीडिया कंटेंट्स एंड रिप्रजेंटेशन की आवश्यकता पर जोर देते हुए डिजिटल और सोशल मीडिया क्षेत्रों में अनुकूलनशीलता के महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर डॉ. नेहा नेमा, ममता सिद्धार्थ, डॉ. अतुल गौतम और अन्य संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।


उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फार्मो से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र० सं० | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 82240045A | 10 एमएल शीशी में एमोक्सिसिलिन इंज 1000 मिलीग्राम और क्लैबुलैनिक एसिड 200 मिलीग्राम सूखा पाउडर | 52,445 | 09.05.2024 |

निविदा शर्ते–1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नही की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं:– 82240045A/Med/PART-1 दिनांक: 09.04.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1058/24

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा आमंत्रण सूचना

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 30-ELECT-09-T-2024-25-E3 एचएनजेडएम और एमटीसी स्टेशन पर प्रकाश व्यवस्था में सुधार और 110V पिट लाइट में 48V पिट लाइट में परिवर्तन की व्यवस्था के संबंध में विद्युत कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रू० 205.06 लाख |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियता/जी, स्टेट एंट्री रोड़ नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रू० 252500.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 08.05.2024, 12.00 Hrs |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 08.05.2024, 12.00 Hrs |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in/ वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1053/24

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com



## केजीवाल को जेल में मिले न्यूनतम अधिकार भी छीन रही मोदी सरकार- संजय सिंह

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




जेल में रहकर भी सीएम अरविंद केजरीवाल द्वारा दिल्लीवालों की सेवा करना भाजपा और मोदी सरकार की टेंशन बढ़ा रहा है। इसलिए मोदी सरकार सीएम केजरीवाल को जेल में मिले न्यूनतम अधिकार भी छीनना चाहती है। यह सनसनीखेज खुलासा करते हुए आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री ने वकील के जरिए अपने विधायकों को क्षेत्र में जाकर जनता की समस्याएं सुनने और समाधान करने का संदेश भेजा था। मोदी सरकार इसकी जांच करा रही है। साथ ही केजरीवाल को धमकी दी जा रही है कि आपकी अपने परिवार और वकील से मुलाकात भी बंद कर दी जाएगी। यानि वो जेल से अपने बीमार बूढ़े मां-बाप का हाल चाल भी नहीं ले सकते। दरअसल, मोदी सरकार केजरीवाल को दिल्ली की जनता को शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी समेत अन्य मुफ्त सुविधाएं देने की सजा दे रही है। मोदी जी केजरीवाल को यातनाएं देकर तोड़ना और झुकाना चाहते हैं, लेकिन वो टूटेंगे नहीं और दिल्ली व देश की जनता जेल का जवाब वोट से देगी।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय पर प्रेस वार्ता कर कहा कि तीन बार के प्रचंड बहुमत से निर्वाचित दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को मोदी सरकार जेल में हिटलरशाही की तरह रख रही है। वो उनपर हिटलरशाही के नियम लागू करना चाहती है। दिल्ली की तिहाड़ जेल को हिटलर के गैस चैंबर में तब्दील करना चाहते है। उन्होंने कहा कि जो अधिकार जेल में बड़े से बड़े खूंखार अपराधियों को भी दिए जाते हैं, प्रधानमंत्री मोदी वो अधिकार भी सीएम अरविंद केजरीवाल से छीन रहे हैं। बड़े से बड़े अपराधी भी अपने परिवार और वकील से बात कर सकते हैं। दो दिन पहले सीएम केजरीवाल ने अपने वकील से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अपने विधायकों के लिए संदेश भेजा कि वो रोजाना अपने क्षेत्र में जाकर जनता की समस्याएं सुनें और उसका समाधान करें। इसमें क्या गलत है? विधायकों को यह संदेश एक मुख्यमंत्री नहीं देगा तो कौन देगा है? यह संदेश देने के बाद सीएम के खिलाफ जांच बैठा दी गई है और उनको धमकी दी जा रही है कि आपकी अपने परिवार और वकील से भी मुलाकात भी बंद हो जाएगी। यह तो बहुत खतरनाक स्थिति है।

सांसद संजय सिंह ने कहा कि क्या अरविंद केजरीवाल जेल में रहकर अपने परिवार और बूढ़े मां-बाप का हाल चाल नहीं ले सकते, क्या वो यह जानकारी नहीं ले सकते कि उनका स्वास्थ्य ठीक है या नहीं? अगर वो अपने वकीलों से बात नहीं करेंगे तो अपना केस कैसे लड़ेंगे? मोदी सरकार अरविंद केजरीवाल को किस जुर्म की सजा दे रहे है? अरविंद केजरीवाल का अपराध केवल यह है कि उन्होंने दिल्ली के दो करोड़ लोगों की सेवा की है। दिल्ली के बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए काम किया है। दिल्ली की जनता को मुफ्त बिजली-पानी, महिलाओं को मुफ्त बस की यात्रा और बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा की सुविधा दी है। सीएम ने बुजुर्गों के चेहरे पर खुशी लाने के लिए काम किया है और महिलाओं के लिए एक हजार रुपए महीना आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। मोदी जी इसी बात की अरविंद केजरीवाल को सजा देना चाहते है।

उन्होंने बताया कि जब जेल में कानून अरविंद केजरीवाल की मुलाकात होती है तो उस दौरान 8 से 10 पुलिसवाले चारों तरफ से उनको घेरकर खड़े रहते हैं। जबकि दुनिया भर में जेल का नियम है कि जब कोई भी मुवक्किल अपने वकील से बात करता है तो उस दौरान उसकी बातचीत को कोई नहीं सुन सकता। यह केवल दिल्ली का नहीं, दुनिया में हर जगह इस नियम का पालन होता है। यह एक कानूनी प्रवधान है। इसके बावजूद आप 8-10 पुलिसवालों को अगल-बगल खड़ा कर देते हैं? क्या मोदी जी दिल्ली की तिहाड़ जेल को हिटलर के गैस चैंबर में बदलना चाहते हैं? क्या आप दिल्ली की जेल को यातना घर बनाना चाहते हैं? क्या एक मुख्यमंत्री अपनी जनता की सेवा के लिए अपने विधायकों को संदेश नहीं भेज सकता है? आप के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा कि ये अरविंद केजरीवाल उन्हें यातनाएं देकर झुकाना चाहते हैं। लेकिन अरविंद केजरीवाल को तोड़ने की उनकी ये कोशिश नाकाम रहेगी। अरविंद केजरीवाल कभी नहीं टुटेगा। इन यातनाओं से कुछ फर्क नहीं पड़ने वाला है। इसका एक-एक जवाब दिल्ली और देश की महान जनता मोदी सरकार से लेगी। दिल्ली के 2 करोड़ लोग इसका जवाब लेंगे। हमने लोगों से कहा है कि आप इन यातनाओं का जवाब अपने वोट से दीजिए। मोदी जी जो कर रहे हैं, पूरे देश की जनता उसका जवाब अपने वोट से देगी।

**टोकन नंबर देने के बाद मुलाकात कैंसिल नहीं कर सकते, अधिकारी मोदी सरकार के दबाव में काम कर रहे- संजय सिंह**

राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि जेल में सीएम अरविंद केजरीवाल से मुलाकात करने के लिए, हमें नया समय दिया गया है। यह बहुत हास्यास्पद बात है कि जब एक राज्य के मुख्यमंत्री और दिल्ली के एक सांसद जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री से मुलाकात करने के लिए समय मांगते हैं तो उन्हें जेल प्रशासन की तरफ से टोकन नंबर अलॉट कर दिया गया। लेकिन फिर बाद में उसे रद्द कर दिया गया। आप टोकन नंबर मिलने के बाद मुलाकात को कैसे रद्द कर सकते हैं? इससे साफ है कि जेल के अधिकारी अपनी ओर से नहीं, बल्कि मोदी सरकार के दबाव में काम कर रहे हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री और दिल्ली के एक सांसद सामान्य तरीके से तीन बार से निर्वाचित मुख्यमंत्री से मिलना चाहते थे। मुलाकात के लिए पहले जेल प्रशासन ने हमे टोकन नंबर अलॉट कर दिया कि आपको आज की तारीख में अरविंद केजरीवाल से मुलाकात कराई जाएगी, फिर उस मुलाकात को रद्द कर दिया। इससे अपने आप में एक बड़ा सावल खड़ा होता है।

## गुजरात और दिल्ली से तीन वांटेड को किया गिरफ्तार

- अलग अलग मामलों में चल रहे थे ये सभी फरार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के कापसहेड़ा, दिल्ली कैंट और सागरपुर थाना की पुलिस टीम ने अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे और कोर्ट के द्वारा भगोड़ा घोषित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें से एक आरोपी को पुलिस ने गुजरात के अहमदाबाद से पकड़ा है। डीसीपी रोहित मीणा के अनुसार पहले मामले में कापसहेड़ा की पुलिस टीम ने आरोपी राकेश उर्फ कालिया को गुजरात से गिरफ्तार किया है। यह लगातार अपना ठिकाना बदलकर गिरफ्तारी से बच रहा था और दिल्ली से भागकर यह गुजरात पहुंच गया था। इसको द्वारका कोर्ट के द्वारा 2 साल पुराने मामले में भगोड़ा घोषित कर दिया गया था। एसीपी सत्यजीत सरीन की देखरेख में एसएचओ नवीन कुमार की पुलिस टीम ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद से इसके बारे में पता लगाया। जब जानकारी कंफर्म हो गई तो इसे अहमदाबाद में रेड करके कापसहेड़ा थाना की पुलिस टीम ने वहां से गिरफ्तार कर लिया। यहां दिल्ली में कोर्ट में पेश करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

दूसरे मामले में दिल्ली कैंट थाना की पुलिस ने लूट, स्नैचिंग और ऑटो लिफ्टिंग के 27 मामलों में शामिल आरोपी प्रिंस उर्फ राहुल को गिरफ्तार किया है। यह बाहरी दिल्ली के मंगोलपुरी का रहने वाला है। इसे पालम गांव थाना के मामले में कोर्ट ने भगोड़ा घोषित किया था। एसएचओ विपिन कुमार की देखरेख में पुलिस टीम ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद से इसका पता लगा करके उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी इलाके में पकड़ा है।

तीसरे मामले में सागरपुर थाना की पुलिस टीम ने एक आरोपी नवीन को गिरफ्तार किया। जो सोनीपत, हरियाणा का रहने वाला है। यह पैरोल जंप करके फरार चल रहा था। इसे रोहिणी कोर्ट ने भगोड़ा घोषित किया था। कंझावला के एक मामले में इसकी पुलिस को तलाश थी। एसएचओ के बी झा की देखरेख में पुलिस टीम ने इसका पता लगा करके गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई।

## नोएडा के कसना थाने में लगी आग, थाना प्रभारी कक्ष और 90 वाहन जले

नोएडा। गौतम बुद्ध नगर जिले में बीती रात को एक ट्रांसफार्मर आग लग गई और समीप स्थित कसना थाना उसकी चपेट में आ गया जिससे उसका कुछ हिस्सा और करीब 90 वाहन जल गए हैं। दमकल वाहनों ने करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन तृतीय) अशोक कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि थाना कसना के पास एक बिजली का ट्रांसफार्मर लगा है जिसमें मंगलवार की रात को आग लग गई। उन्होंने बताया कि आग लगने के बाद ट्रांसफार्मर फट गया तथा थाना उसकी चपेट में आ गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में थाना अध्यक्ष का कक्ष और परिसर में खड़े करीब 90 वाहन जल गए। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मियों ने थाना प्रभारी के कमरे में मौजूद सरकारी रिकॉर्ड को बाहर निकाला लेकिन कुछ दस्तावेज जल गए हैं। मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल विभाग की चार गाड़ियों ने करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।

## मैदानगढ़ी में किचन वाले चाकू से गला रेतकर हत्या



साउथ दिल्ली के मैदान गढ़ी इलाके में एक शख्स की किचन वाले चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। इसका खुलासा पुलिस ने कर लिया है। इस मामले में आरोपी जितेंद्र को गिरफ्तार कर लिया है। वारदात में इस्तेमाल किचन वाले चाकू को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि आरोपी जितेंद्र मूलतः बिहार के दरभंगा का रहने वाला है। यह दिल्ली में मिस्त्री का काम करता है।

हत्या की यह वारदात कल 9 अप्रैल को हुई थी। अंसल विला के गेट के बेंच पर एक शख्स की खून से लथपथ बॉडी मिलने की सूचना पुलिस को मिली थी। जांच में पता चला कि उसके गले पर निशान है और शार्प इंजुरी है। पुलिस टीम ने छानबीन शुरू की और बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए एम्स में भेज दिया गया। हत्या के इस मामले में पुलिस ने छानबीन शुरू की।

जिस जगह पर डेड बॉडी मिली थी वहां पर लोगों से पूछताछ की गई। गार्ड से भी छानबीन की गई, सीसीटीवी फुटेज को चेक किया गया। जिसमें एक शख्स के बारे में पता चला, जो उस जगह आसपास देखा गया था। इस फुटेज के आधार पर पुलिस टीम और आगे जांच करती हुई आरोपी जितेंद्र तक पहुंची। फिर इसे अंबेडकर नगर कॉलोनी से गिरफ्तार कर लिया गया। हत्या के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस अभी उससे पूछताछ कर रही है।

## 30 मामलों में शामिल वाइफ और हसबैंड गिरफ्तार

- दोनों मिल करते थे वारदात, चोरी की स्कूटी भी बरामद

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



स्कूटी चोरी सहित कई वारदात में शामिल पति और पत्नी को विकासपुरी थाना की पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान प्रशांत उर्फ पियूष उर्फ भूपी और उसकी पत्नी मनिंदर कौर उर्फ सिमरन के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार यह पहले से 30 मामलों में शामिल रहे हैं। उनकी गिरफ्तारी से दो मामलों प्रसाद नगर और विकासपुरी थाना का खुलासा करने का दावा पुलिस ने किया है। डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने बताया कि 5 अप्रैल को स्कूटी चोरी की शिकायत विकासपुरी पुलिस में कराई गई थी। छानबीन के बाद मामले मामला दर्ज करके पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से जांच शुरू की थी। लगातार कई दिनों की मशक्कत के बाद इनके बारे में पता चला। एसीपी तिलक नगर सुरेंद्र सिंह राठी की देखरेख में एसएचओ राजवीर सिंह, एसआई दीपक वशिष्ठ, एएसआई संदीप पुनिया, संदीप दिनेश और जुगल किशोर टीम ने ट्रैप लगाकर इन्हें फिर पकड़ा। इनसे चोरी की स्कूटी बरामद की गई। पुलिस के अनुसार पत्नी के ऊपर पहले से सात मामले चल रहे हैं। जबकि उसके पति के ऊपर 23 मामले चल रहे हैं। पूछताछ में पता चला कि यह दोनों मिलकर वारदात को अक्सर अंजाम देते हैं।

## दिल्ली से लापता नबालिक लड़की पुणे से हुई बरामद




- कापसहेड़ा पुलिस और पुणे पुलिस का बेहतर कोर्डिनेशन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

साउथ वेस्ट दिल्ली के कापसहेड़ा पुलिस ने दिल्ली से एक गुमशुदा नाबालिक लड़की का पता लगा करके परिवार से मिलाया है। इसे महाराष्ट्र के पुणे से बरामद किया गया है। डीसीपी रोहित मीणा ने बताया कि 4 अप्रैल को एक शख्स ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी, कि उनकी 15 साल की बेटी गुम हो गई है। काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिली है। पुलिस ने छानबीन करके मामला दर्ज किया और पता लगाना शुरू किया। डीसीपी रोहित मीणा ने बताया की एसीपी सत्यजीत सरीन की देखरेख में एसएचओ नवीन कुमार, एसआई शंकर, दिनेश, योगेश और सुनीता की टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से छानबीन शुरू की। जिस घर से वह बाहर निकली थी और लापता हो गई थी। वहां से उस रूट को चेक किया गया। टेक्निकल सर्विलांस की मदद ली गई। लापता लड़की के रिलेटिव और दूसरे फैमिली मेंबर और दोस्तों से भी जानकारी ली गई। लड़की के मोबाइल नंबर का टेक्निकल सर्विलांस से जांच किया गया।

आखिरकार उसका लोकेशन पुणे रेलवे स्टेशन पर आया। पुलिस टीम ने तुरंत जीआरपी पुणे रेलवे स्टेशन पुलिस से संपर्क किया। लड़की का लोकेशन पुणे पुलिस को दिया और दिल्ली से एक टीम पुणे के लिए रवाना हो गई। कापसहेड़ा पुलिस ने पुणे पुलिस के साथ कोऑर्डिनेशन करके उस लड़की को ट्रैक करके पुणे में ही पता लगा लिया। उसके बाद 164 सीआरपीसी के बयान और लड़की की काउंसलिंग के बाद उसको परिवार वालों को सुपुर्द कर दिया गया।

## आईपी इस्टेट इलाके में पीट पीटकर और चाकू मारकर हत्या

- महिलाओं और बुजुर्गों को बनाता था अपना निशाना

प्रात: किरण संवाददाता



सेंट्रल दिल्ली के आईपी स्टेट थाना इलाके में बीती रात एक शख्स की पीट-पीटकर और चाकू से हमला करके कई लोगों ने उसकी हत्या कर दी। मृतक की पहचान 31 साल के नंदकिशोर के रूप में हुई है। वह मूलतः बिहार का रहने वाला है और यहां आईटीओ के पास अन्ना नगर में अपने भाई के साथ रहता था। साथ ही कपड़े बेचने का काम करता था। इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई। मृतक के भाई चंद्रशेखर ने पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि रात में 11:00 के आसपास उसका भाई बाथरूम जाने को कहकर घर से बाहर निकला था। कुछ देर में गली में शोर सुनाई पड़ा, जब वह बाहर निकलकर देखा तो एक दर्जन से ज्यादा लड़के वहां पर थे। उसके बड़े भाई नंद किशोर पर हमला कर रहे थे। चंद्रशेखर को देखते हुए वे लड़के भाग गए। उसका भाई गली में जख्मी हालत में पड़ा हुआ था। उसे तुरंत एलएनजेपी अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया चंद्रशेखर के बयान के आधार पर आईपीएस स्टेट थाना की पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले में पीड़ित के भाई ने कुछ युवकों का नाम भी बताया है। जिसके आधार पर पुलिस टीम धड़ पकड़ कर रही है, आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए। हत्या की वजह अभी साफ नहीं हो पाई है। मामले की छानबीन की जा रही है। हत्या की वजह आपसी दुश्मनी है या लूटपाट या फिर कुछ और इसका पता समाचार लिखे जाने तक नहीं चल पाया था। ना ही इस मामले को लेकर पुलिस अधिकारियों के द्वारा कोई जानकारी उपलब्ध कराई गई थी।

## मालवीय नगर, अमर कॉलोनी, अंबेडकर नगर में वारदात

### महिलाओं और बुजुर्गों को बनाता था अपना निशाना




साउथ डिस्ट्रिक्ट के स्पेशल स्टाफ की पुलिस टीम ने इसी जिला के अलग अलग थाना इलाके में एक्टिव मोबाइल झपटमार को हिरासत में लिया है। इस नाबालिक के पास से चार मोबाइल बरामद किए गए और मालवीय नगर, अमर कॉलोनी, अंबेडकर नगर थाना के चार मामलों का खुलासा भी किया गया है। डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि आठवीं पास यह नाबालिक शराब की लत की चपेट में आ गया था। जिसके बाद यह अपनी जरूरत को पूरा करने के लिए महिलाओं और बुजुर्गों को सॉफ्ट टारगेट मान करके मोबाइल झपटमारी की वारदात को अंजाम देने लगा। यह पब्लिक ट्रांसपोर्ट में भी मौका देखकर वारदात को अंजाम देता था। इंस्पेक्टर गिरीश चंद्र की देखरेख में पुलिस टीम ने इसका पता लगा करके सीसीटीवी फुटेज की मदद से इसे मेहरौली बदरपुर रोड पर दक्षिणपुरी इलाके से पकड़ने में कामयाब हुई। तलाशी में इसके पास से चार मोबाइल बरामद किए गए। पूछताछ में नाबालिक होने का पता चला, इसके खिलाफ जुवनाइल एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

## यूपी गैंस्टर एक्ट के सजायाफ्ता बदमाश दिल्ली में गिरफ्तार

- ऑटो लिफ्टिंग और स्नेचिंग की करता था वारदात
- दिल्ली और यूपी में दे चुका यह 33 वारदात को अंजाम

प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली पुलिस के क्राइम ब्रांच की टीम ने एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। जो लूट, स्नैचिंग और आर्म्स एक्ट के 30 मामलों में शामिल रहा है। इसे उत्तर प्रदेश के बरेली में गैंगस्टर एक्ट और लूट के मामले में सजा भी मिल चुकी है। इसके पास से पुलिस ने एक मोटरसाइकिल भी बरामद किया है। इसकी पहचान नवीन उर्फ गोल्डी के रूप में हुई है। यह पूर्वी दिल्ली के नंद नगरी इलाके का रहने वाला है।

डीसीपी अमित गोयल ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि इसके बारे में एक इनफॉरमेशन मिली थी। उसके बाद एसीपी अरविंद कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर केके शर्मा,,सब इंस्पेक्टर राजकुमार,,राकेश त्यागी,, हेड कांस्टेबल कपिल राज,,मोहित और दीपक नागर की टीम ने पता लगाना शुरू किया। जानकारी मिलने के बाद नॉर्थ ईस्ट और शाहदरा जिला इलाके में इसका पीछा किया गया और उसके बाद इसे नंद नगरी से गिरफ्तार करने में कामयाब हुई। जिस बाइक से यह भाग रहा था पुलिस ने उसे भी जप्त कर लिया है।

पुलिस को पूछताछ में पता चला है कि नवीन उर्फ गोल्डी कई मामलों में फरार चल रहा है। पुलिस को इसकी काफी समय से तलाश थी। वाहन चोरी के 2023 और स्नेचिंग के 2024 के मामलों में भी शामिल था।

2021 के दो मामलों में इसके खिलाफ गैर जमानती वारंट भी जारी था। यह दिल्ली पुलिस का घोषित बीसी भी है। इस पर 33 मामले लूट, स्नैचिंग, आर्म्स एक्ट और यूपी गैंगस्टर एक्ट के चल रहे हैं। इसने दिल्ली के अलावा यूपी में भी वारदात किया है।

## नोएडा में स्पेक्ट्रा माल की पार्किंग में किशोरी से कार में बलात्कार, आरोपी गिरफ्तार

नोएडा। जिले में थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के सेक्टर 75 स्थित एक मॉल में एक दुकानदार द्वारा 15 वर्षीय किशोरी से पार्किंग में खड़ी अपनी कार में बलात्कार करने का मामला सामने आया है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना सेक्टर-113 के प्रभारी निरीक्षक सर्वेश कुमार सिंह ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि सफाबाद गांव में रहने वाले एक व्यक्ति ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके पड़ोसी सोरन सिंह ने उसकी बेटी के साथ बलात्कार किया। सिंह ने शिकायत के हवाले से कहा कि सोरन सिंह की सेक्टर 75 स्थित स्पेक्ट्रम मॉल में दुकान है और वह किशोरी को उसके परिजनों से यह कह कर अपने साथ दुकान पर लाता था कि ईद के अवसर पर बड़ी संख्या में आ रहे ग्राहकों से निपटने में वह उसकी मदद कर देगी। पीड़ित के अनुसार, यह सिलसिला कुछ दिन चला और आरोपी किशोरी को सुबह 10 बजे दुकान पर साथ लेकर आता था तथा रात 10:30 बजे के करीब वापस घर छोड़ देता था। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित के अनुसार 7 अप्रैल की रात करीब पौने बारह बजे करीब एक महिला ने उसे फोन कर स्पेक्ट्रम माल की कार पार्किंग में आने के लिए कहा।

## सुनीता केजरीवाल के साथ हुई आप नेताओं की बैठक

नई दिल्ली। शराब घोटाले में जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर लोकसभा चुनाव की रणनीतियों को लेकर अहम बैठक हुई है। इस बैठक में सीएम केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल भी मौजूद हैं। उनके अलावा पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, सांसद संदीप पाठक और संजय सिंह भी इस बैठक में शामिल थे। केजरीवाल सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज और गोपाल राय के अलावा आप नेता जैस्मिन शाह भी इस मीटिंग में थे। न्यूज एजेंसी एएनआई ने बताया था कि यह बैठक दोपहर 1 बजे से शुरू हुई थी। इस बैठक के बाद आप नेता गोपाल राय ने कहा कि सुनीता केजरीवाल ने जेल में बंद अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की थी। इस दौरान केजरीवाल ने संदेश भेजा है कि आप कार्यकर्ता दिल्ली के लोगों की सेवा करें। आप नेता गोपाल राय ने कहा कि आम आदमी पार्टी बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती को ह्यतानाशाही हटाओ, संविधान बचाओह्न दिवस के तौर पर मनाएगी। आप ने हाल ही में ह्यजेल का जवाब वोट सेह्न के नाम से अपना चुनावी कैंपेन चालाया है। इस अभियान के तहत आप के नेता दिल्ली में लोगों के घर-घर जाकर यह बता रहे हैं कि केजरीवाल को जेल में डाल दिया गया है और इस वक्त लोग उनके साथ खड़े रहें। इसके साथ ही लोगों को जेल का जवाब वोट की चोट से देने के लिए भी कहा जा रहा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले के मामले में तिहाड़ जेल में बंद हैं। केजरीवाल पर ईडी ने आबकारी नीति घोटाले में गंभीर आरोप लगाए हैं। केजरीवाल ने ईडी की गिरफ्तारी को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी लेकिन मंगलवार को उनकी याचिका खारिज हो गई। अब केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट का रूख किया है। इस बैठक से पहले आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल जेल में रहकर अपने परिवार, बूढ़े मां-बाप का हालचाल नहीं ले सकते। वो अपने वकीलों से मिलेंगे नहीं तो केस कैसे लड़ेंगे?

## द्वारका डीडीए सोसायटी में रहने वाले हजारों लोग परेशान

- बैक लेन में कचरा, बीड़ी - सिगरेट, शराब की बोतल भरमार
- चिमनी और अउ के हिट से फ्लैट के घरों में होती है घुटन
- द्वारका फोरम की टीम ने उठाई समस्या को लेकर आवाज

प्रात: किरण संवाददाता



राजधानी दिल्ली की उपनगरी द्वारका के अंतर्गत लगभग 70 डीडीए की सोसायटी है। जिसमें 28 हजार से ज्यादा लोग रहते हैं। उनमें से सैकड़ों लोग काफी समय से छोटी-छोटी कई तरह की समस्याओं से परेशान हैं। खास करके वह लोग जिनका उ्ड्ढअ सोसायटी के अंदर बैक लेने की तरफ फ्लैट पड़ता है। इस बेक लेन की दूसरी तरफ मार्केट का हिस्सा पड़ता है। जिसकी वजह से मार्केट में आने जाने वाले लोग या कोई दुकानदार, कभी बीड़ी, कभी सिगरेट, कभी चाय का कप तो कभी शराब की बोतल तो कभी कुछ खाना करके कचरा सोसायटी की तरफ फेंक देते हैं। जिसकी वजह से लोग काफी परेशान हो रहे हैं।

**बैक लेन में चिमनी खोल रखी है, किसी ने एसी लगाया**

द्वारकाधीश सोसाइटी के फ्ड्ढअ की प्रेसिडेंट और द्वारका फोरम की जनरल सेक्रेटरी अंजना सिन्हा ने बताया कि यह समस्या काफी समय से बनी हुई है। उन्होंने कहा की इस मामले को लेकर चीफ इंजीनियर से मुलाकात करेंगे और उन्हें इसको लेकर अवगत कराएंगे की लोग किस तरीके से परेशान हैं। इनका कहना है कि मार्केट के बैक लेन में कई दुकानदारों ने चिमनी खोल रखी है, किसी ने एसी लगा दिया है। जिसकी वजह से धुआं और उसका हिट उ्ड्ढअ की सोसाइटी में रहने वाले लोगों के घरों तक पहुंच रहा है।

**समस्या पर डिपार्टमेंट ध्यान देकर परेशानी दूर करे**

सेक्टर 11 सुरभि अपार्टमेंट के प्रेसिडेंट रंजन कुमार सिन्हा ने बताया की इस समस्या को लेकर डिपार्टमेंट को ध्यान देना चाहिए और यहां रहने वाले लोगों की समस्याओं को दूर करने का प्रयास करना चाहिए। द्वारका फोरम के वाइस प्रेसिडेंट कौशल खन्ना ने कहा कि यह समस्या द्वारका में काफी संख्या में उ्ड्ढअ की सोसायटी में है। जिसमें से तकरीबन 20 से ज्यादा सोसाइटी में रहने वाले काफी संख्या में सैकड़ों लोग इस समस्याओं से परेशान हो रहे हैं।

## नवजात बच्चों की तस्करी के रैकेट का हुआ बड़ा खुलासा

- दंपति सहित चार लोगों को किया गिरफ्तार
- पंजाब से लायी नवजात बच्ची को बेचने की थी कोशिश,
- तीन महीने की बच्ची को ढाई लाख में चंडीगढ़ में बेचा

प्रात: किरण संवाददाता




नवजात बच्चों की तस्करी के रैकेट का खुलासा नांगलोई पुलिस ने किया है। दंपति सहित चार लोगों को अरेस्ट किया गया है। पंजाब से लाई गई पंद्रह बीस दिन की नवजात बच्ची को बेचने की कोशिश हो रही थी। तीन महीने की एक बच्ची को ढाई लाख रुपए में चंडीगढ़ में बेचा गया है। पुलिस ने दोनों ही बच्चियों को रेस्क्यू करके आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

पुलिस के अनुसार बच्चों की तस्करी के धंधे में यह गैंग था। उसी सिलसिले में पुलिस ने छानबीन करते हुए एक दंपति समेत चार लोगों को पकड़ा है। ये गरीब लोगों को रुपयों का लालच देकर उनसे नवजात बच्चे लेकर आगे बेच देते थे। पुलिस ने मामले में दो बच्चियों को रैसक्यू कराया है। मामले में पकड़े गए आरोपियों की पहचान तिहाड़ गांव निवासी गुरमीत सिंह (41), उनकी पत्नी हसमीत कौर (37), दल्लूपुरा पार्क मयूर विहार निवासी मरियम (30) और चंदर विहार निहाल विहार निवासी नैना (24) के तौर पर हुई। अब पुलिस इनसे पूछताछ कर यह जानने की कोशिश कर रही है कि ये लोग अब तक कितने बच्चों को इस तरह से बेच चुके हैं।

डीसीपी आउटर डिस्ट्रिक जिम्मी चिराम ने बताया दो अप्रैल की शाम नांगलोई थाने को सोनिया अस्पताल के पास बाल तस्करी गिरोह के बारे में सूचना मिली थी। उस इनपूट मिलने के बाद एसीपी जयपाल सिंह की देखरेख में एसएचओ राजेश कुमार की टीम ने बतायी गई जगह पर रेड कर एक पुरुष और तीन महिलाओं को पकड़ लिया। इनमें एक महिला के पास करीब पंद्रह बीस दिन की बच्ची मिली। उन्होंने बताया वे बच्चों की तस्करी के रैकेट में शामिल हैं, जिसके बाद मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की गई। बरामद बच्ची को पंजाब के फाजिल्का से लाया गया था। उसे मोटी रकम में बेचने की प्लानिंग थी। पुलिस ने बच्ची के माता पिता को सूचना भी दी। बताया गया है पंजाब में एक दंपति ने चार बेटियां होने के बाद पांचवी जन्मी बच्ची को किसी जानकार को बेच दिया दिया था, जो बाद में इस गैंग के हाथ लगकर दिल्ली तक पहुंची थी।

आरोपियों ने पूछताछ में खुलासा किया वे गरीब परिवारों को लालच देकर उनके बच्चों को ले लेते थे। बाद में आगे उन्हें जरुरतमंद लोगों को बेच दिया जाता था। पंजाब से लायी गई इस बच्ची को अब बेचने की कोशिश हो रही थी, जिसका अभी कोई उचित ग्राहक नहीं मिल रहा था। वे बच्ची को बेच पाते इससे पुलिस को उनकी भनक ल गई। इनसे हुई पूछताछ के दौरान एक अन्य तीन महीने की बच्ची को भी रैसक्यू कराया गया। उसे चंडीगढ़ में लगभग ढाई लाख रुपए में बेच देने की बात सामने आई है। इस बच्ची को पुलिस टीम ने देर रात चंडीगढ़ में पहुंच एक कपल से रैसक्यू कराया।

सम्पादकीय

# चीन का भारत के विरुद्ध संघषर्पूर्ण रवैया जारी

चीन ने भारत के विरुद्ध टकराव एवं संघषर्पूर्ण रवैया जारी रखते हुए अरुणाचल प्रदेश के 30 स्थानों के नए नामों की चौथी सूची जारी की है। इससे जाहिर होता है कि इसने अपनी विस्तारवादी नीति का परित्याग नहीं किया है। चीन की यह प्रतिक्रिया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 9 मार्च को अरुणाचल प्रदेश की यात्रा के करीब एक पखवाड़े बाद आई है। हालांकि प्रधानमंत्री की इस यात्रा के समय ही चीन ने अपना राजनयिक विरोध दर्ज कराया था। मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में 13 हजार फीट की ऊंचाई पर बनी सेला सुरंग का उद्घाटन किया था। इस सुरंग से क्षेत्र में भारतीय सैनिकों की आवाजाही सुगम हो जाएगी। भारत सरकार ने अरुणाचल प्रदेश को लेकर चीन की प्रतिक्रिया को खारिज कर दिया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। राजनयिक स्थिति यह है कि भारत तिब्बत को चीन का हिस्सा मानता है, लेकिन चीन अरुणाचल प्रदेश को विवादास्पद करार देता है। इसी आधार पर पिछले अनेक वर्षो से चीन की ओर से स्टेपल वीजा जारी किए जाते हैं। वस्तुतः चीन यह अपेक्षा रखता है कि समूची दुनिया उसकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करे, लेकिन विडंबना देखिए कि वह स्वयं दूसरे देशों की संप्रभुता का सम्मान नहीं करता। यही कारण है कि पिछले कुछ वर्षो के घटनाक्रम से स्पष्ट होता है कि चीन ने दुनिया विशेषकर एशियाई देशों का सहयोग गंवाया है। जापान, दक्षिण कोरिया, वियेतनाम और कई आसियान देश दक्षिण चीन सागर और आसपास के समुद्री क्षेत्रों में चीन की दादागीरी को लेकर आशंकित हैं। वर्ष 2020 में पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में चीनी सेना के दुःस्साहस से उसने भारत का भी विश्वास खोया है। वस्तुतः अरुणाचल में चीन के अनधिकृत दावे से स्पष्ट होता है कि वह भारत को ऐसा देश समझता है, जिसे कभी भी नुकसान पहुंचा सकता है। लेकिन गलवान घाटी की घटना के बाद भारतीय खेमे में भी दृढ़ता आई है। चीन तिब्बत को अपना स्वायत्तशासी प्रदेश कहता है तथा भारत भी एक चीन नीति के तहत ताइवान के साथ तिब्बत को चीन का हिस्सा स्वीकार करता है। आने वाले दिनों में यह स्थिति बदल सकती है।

## क्यों बिहार पर टिकी है सबकी निगाहे ?

संजय गोस्वामी

क्यों बिहार पर है सबकी निगाहें क्योंकि बिहार एक ऐसा राज्य है जिसकी सीमाएं बड़े राज्यों से लगी है और उसी सेंटर से लोकसभा में हार जीत का फैसला होता है बिहार के मुख्य मंत्री श्री नीतीश कुमार बीआईटी से सिविल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट है। नीतीश का उपनाम मुन्ना है। सोशल इंजीनियरिंग के जादूगर नीतीश कुमार ने सुशासन के मुद्दे पर पिछला चुनाव लड़कर बिहार के मुख्यमंत्री की कुर्सी हासिल की थी। नीतीश कुमार अब तक तीन बार बिहार के मुख्यमंत्री होने का गौरव प्राप्त कर चुके हैं। विचारों से समाजवादी बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार काफी सुलझे हुए नेता माने जाते हैं। मोदी को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद नीतीश कुमार की पार्टी जदयू ने एनडीए से काफी पुराना नाता तोड़ लिया था। नीतीश कुमार इस बार के लोकसभा चुनाव में अपने लिए उपयुक्त संभावनाएं तलाशने की कोशिश कर रहे हैं। बिहार के पटना इंजीनियरिंग कॉलेज से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की डिग्री लेने वाले नीतीश कुमार का जन्म साल 1951 में बिहार के एक दलित परिवार में हुआ था। नीतीश का उपनाम मुन्ना है। नीतिश के पिता एक स्वतंत्रता सेनानी थे। नीतीश ने राजनीति के गुण जयप्रकाश नारायण, राम मनोहर लोहिया, कपूर्री ठाकुर और जॉर्ज फनार्डीज से सीखे थे। नीतीश ने 22 फरवरी 1973 को पेशे से इंजीनियर मंजू कुमारी सिन्हा से शादी की थी। नीतीश कुमार का एक पुत्र है जो बीआईटी, मेश्रा से इंजीनियरिंग ग्रेजुएट है नीतीश के राजनीतिक करियर की शुरूआत साल 1977 में हुई थी। इस साल नीतीश ने जनता पार्टी के टिकट पर पहला विधानसभा चुनाव लड़ा। साल 1985 को नीतीश बिहार विधानसभा के सदस्य चुने गए। नीतीश का राजनीतिक कद धीरे धीरे बढ़ता जा रहा था। इसी बीच साल 1987 को नीतीश कुमार बिहार के युवा लोकदल के अध्यक्ष बन गए। नीतीश राजनीति में पारंगत हो ही रहे थे कि साल 1989 को नीतीश कुमार को जनता दल (बिहार) का महासचिव बना दिया गया। अब तक नीतीश ने अच्छी खासी राजनीतिक पहचान बना ली थी। साल 1989 नीतीश के राजनीतिक करियर के लिए काफी अहम था। इस साल नीतीश 9वीं लोकसभा के लिए चुने गए। लोकसभा के लिए ये नीतीश का पहला कार्यकाल था। इसके बाद साल 1990 में नीतीश अप्रैल से नवंबर तक कृषि एवं सहकारी विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री रहे। नीतीश का राजनीतिक कद लगातार बढ़ता जा रहा था। साल 1991 में दसवीं लोकसभा का चुनाव हुए नीतीश एक बार फिर से संसद में पहुंचे। इसी साल नीतिश कुमार जनता दल के महासचिव बने और संसद में जनता दल के उपनेता भी बने। करीब दो साल बाद 1993 को नीतीश को कृषि समित का चेयरमैन बनाया गया। एक बार फिर से आम चुनाव ने दस्तक दी। साल 1996 में नीतीश कुमार 11वीं लोकसभा के लिए चुने गए। नीतीश साल 1996झ्र98 तक रक्षा समिति के सदस्य भी रहे। साल 1998 ने नीतीश फिर से 12वीं लोकसभा के लिए चुने गए। 1998-99 तक नीतीश कुमार केंद्रीय रेलवे मंत्री भी रहे। एक बार फिर चुनाव हुए साल 1999 में नीतीश कुमार 13वीं लोकसभा के लिए चुने गए। इस साल नीतीश कुमार केंद्रीय कृषि मंत्री भी रहे। साल 2000 नीतीश के राजनीतिक करियर का सबसे अहम मोड़ था। इस साल नीतीश कुमार पहली बार बिहार के मुख्यमंत्री बने। उनका कार्यकाल 3 मार्च 2000 से 10 मार्च 2000 तक चला। चूंकि बहुमत साबित नहीं कर सकें लेकिन सबसे बड़ी पार्टी एन डी ए थी अतः उस समय केंद्र में बीजेपी की सरकार थी अतः जद यू के कोटे से साल 2000 में नीतीश एक बार फिर से केंद्रीय कृषि मंत्री रहे। साल 2001 में नीतीश को रेलवे का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया। साल 2001 से 2004 तक नीतीश केंद्रीय रेलमंत्री रहे। साल 2002 के गुजरात दंगे भी नीतीश कुमार के कार्यकाल के दौरान हुए थे। लेकिन गठबंधन बना था उस समय स्व शरद यादव अध्यक्ष थे लेकिन सही मायने में कमान श्री नीतीश कुमार के पास थी साल 2004 में नीतीश 14वीं लोकसभा के लिए चुने गए। लेकिन उस समय यू पी ए की सरकार बनी, साल लेकिन 2005 में नीतीश कुमार एक बार फिर से मुख्यमंत्री बने। बतौर 31वें मुख्यमंत्री नीतीश का ये कार्यकाल 24 नवंबर 2005 से 24 नवंबर 2010 तक चला। 26 नवंबर 2010 को नीतीश कुमार एक बार फिर से मुख्यमंत्री बने व एंनडीए की सरकार बनी 2014 में जब गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का नाम बीजेपी ने पारित किया तो झिलमिला गएँ चूंकि 2014 में और अपनी पार्टी, जनता दल (यू) को उन्होंने एनडीए से अलग कर लिया बीजेपी की मजबूरी यह थी कि लगातार श्री आडवाणी जी के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए बहुमत मिल ही नहीं रहा था अतः मोदीजी के गुजरात के शासन से लोगों में एक विश्वास जगा और पहली बार बीजेपी को सरकार बनाने हेतु स्पष्ट बहुमत मिला और उधर बिहार की राजनीति में चाणक्य व पाला बदलने में मशहूर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक मंझे हुए राजनेता के मशहूर नाम के नाम से उभरे उन्हें जब 2सीट मिली तो हार की जिम्मेदारी लेते हुए उन्होंने मांझी को सी एम बना दिया फिर कुछ साल बाद 2015 में उन्हें लगने लगा कि कुर्सी नहीं होने के कारण कोई पूछ ही नहीं रहा है तो उन्होंने मांझी से बगावत कर आरजेडी से मिलकर सरकार बना ली और 2016 में आर जे डी व कांग्रेस से मिलकर महागठबंधन बना ली और पुनः मुख्य मंत्री बने और फिर लालू के बेटे तेजस्वी को उपमुख्यमंत्री बनाया और आरजेडी के साथ मिलकर कुछ सालों बाद2017में बी जे पी के साथ मिलकर सरकार बना ली और ऐ गठबंधन 2020तक चली और पुनः बीजेपी, हम, निषाद पार्टी के साथ मिलकर वो मुख्यमंत्री बने और श्री सुशील मोदी उप मुख्य बने। कुछ सालों में दोनों दलों में खटपट होने लगी मुझे याद है अकेले प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने ताबड़तोड़ खूब सभाएं की क्योंकि सारे एग्जिट पोल महा गठबंधन को जीतते दिखा रही थी मोदीजी ने चुनाव में जंगल राज की बात करते हुए दो राजकुमार को खूब खड़ी खोटी सुनाई उस समय की याद यानि जंगल राज में गावों में लकड़सुंघवा घूमता था जो ठग, नशीली वस्तु का प्रयोग कर ठगने या लूटने वाला शिकारी है और बच्चा चोर शायद उस समय बच्चा के गायब होनी की खूब घटना घटी और एक ऐसा गैंग सक्रिय हो गया जो लूट पाट मारपीट, हत्या, वसूली, और बच्चों की तस्करी कर उनकी खोपड़ी को विदेशों में बेचते थे मोदीजी में ऐ सबसे बड़ी ताकत यह है कि सच्ची बात बताने और काम करने वालों की प्रशंसा करते हैं आज कोई जेल में है तो एक घोटाला हुआ और पकड़े गए इसमें गलती उनकी है,

# क्या इन्हीं अज्ञानियों के प्रवचन से भारत बनेगा विश्वगुरु ?

जब आम लोगों के ज्ञान की यह स्थिति है तो आप समझ सकते हैं कि उन लोगों के ज्ञान का क्या आलम होगा जिनका पेशा ही ज्ञान वर्षा करना है। हमारे देश में जितने ज्ञानी, गुरु, उपदेशक, प्रवचनकर्ता आपको मिल जाएँगे उतने किसी भी देश में नहीं मिलेंगे। यह प्रचलित कहावत कि औरत का पीर कभी भूखा नहीं मरता, दरअसल हमारे ही देश में चरितार्थ होती दिखाई देती है। आप किसी भी सत्संग प्रवचन में जाएँ आपको सबसे अधिक संख्या महिलाओं की ही मिलेगी। भले ही उपदेशक या प्रवचनकर्ता अपने प्रवचनों में महिलाओं के प्रति अभद्र टिपण्णी करते, उनके प्रति नकारात्मक सोच रखते ही क्यों न दिखाई दें। यहाँ उस विषय पर चर्चा की कोई जरुरत नहीं कि किस तरह देश के तमाम पाखंडी व व्यभिचारी कथित संतों, गुरुओं, उपदेशकों या प्रवचन कताओं की गिद्ध दृष्टि अपनी शिष्याओं या अपने शिष्यों के परिवार की बहू बेटियों पर रहती है। यहां केवल उनके उस दिव्यज्ञान की चर्चा करनी है जो समय समय पर वे हमें सार्वजनिक रूप से ह्यसत्संग के नाम पर देते तो रहते हैं परन्तु दरअसल ऐसे ज्ञान पूरी तरह से झूठ, निराधार, अवैज्ञानिक तथा लोगों को गुमराह करने वाले होते हैं। कुछ वर्ष पूर्व गुजरात के स्वामीनारायण भुज मंदिर के स्वामी कृष्णस्वरूप दास जोकि स्वामीनारायण भुज मंदिर के उपदेशक हैं, ने ऐसा ही एक अभद्र व भ्रामक उपदेश दिया था। स्वामी जी ने माहवारी (पीरियड्स) के दौरान खाना बनाने वाली महिलाओं को लेकर टिप्पणी करते हुये कहा था कि जो महिला माहवारी के दौरान भोजन बनाती है वह औरत अगले जन्म में निश्चित रूप से कुतिया की योनि में पैदा होगी। इसी प्रकार उस महिला के हाथों तैयार भोजन यदि किसी व्यक्ति ने एक बार भी खा लिया तो वह अगले जन्म में बैल की योनि में पैदा होगा।





निर्मल रानी
लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

हमारा देश स्वभावतः ज्ञानियों का देश है। मान लीजिये अगर आप को किसी भी तरह का रोग है और आपने किसी से अपनी बीमारी साँझा की तो सामने वाला तुरंत कई तरह के उपचार या टोटके आपको बता डालेगा। जब आम लोगों के ज्ञान की यह स्थिति है तो आप समझ सकते हैं कि उन लोगों के ज्ञान का क्या आलम होगा जिनका पेशा ही ज्ञान वर्षा करना है। हमारे देश में जितने ज्ञानी, गुरु, उपदेशक, प्रवचनकर्ता आपको मिल जाएँगे उतने किसी भी देश में नहीं मिलेंगे। यह प्रचलित कहावत कि औरत का पीर कभी भूखा नहीं मरता, दरअसल हमारे ही देश में चरितार्थ होती दिखाई देती है। आप किसी भी सत्संग प्रवचन में जाएँ आपको सबसे अधिक संख्या महिलाओं की ही मिलेगी। भले ही उपदेशक या प्रवचनकर्ता अपने प्रवचनों में महिलाओं के प्रति अभद्र टिपण्णी करते, उनके प्रति नकारात्मक सोच रखते ही क्यों न दिखाई दें। यहाँ उस विषय पर चर्चा की कोई जरुरत नहीं कि किस तरह देश के तमाम पाखंडी व व्यभिचारी कथित संतों, गुरुओं, उपदेशकों या प्रवचन कताओं की गिद्ध दृष्टि अपनी शिष्याओं या अपने शिष्यों के परिवार की बहू बेटियों पर रहती है। यहां केवल उनके उस दिव्यज्ञान की चर्चा करनी है जो समय समय पर वे हमें सार्वजनिक रूप से ह्यसत्संग के नाम पर देते तो रहते हैं परन्तु दरअसल ऐसे ज्ञान पूरी तरह से झूठ, निराधार, अवैज्ञानिक तथा लोगों को गुमराह करने वाले होते हैं।

कुछ वर्ष पूर्व गुजरात के स्वामीनारायण भुज मंदिर के स्वामी कृष्णस्वरूप दास जोकि स्वामीनारायण भुज मंदिर के उपदेशक हैं, ने ऐसा ही एक अभद्र व भ्रामक उपदेश दिया था। स्वामी जी ने माहवारी (पीरियड्स) के दौरान खाना बनाने वाली महिलाओं को लेकर टिप्पणी करते हुये कहा था कि जो महिला माहवारी के दौरान भोजन बनाती है वह औरत अगले जन्म में निश्चित रूप से कुतिया की योनि में पैदा होगी। इसी प्रकार उस महिला के हाथों तैयार भोजन यदि किसी व्यक्ति ने एक बार भी खा लिया तो वह अगले जन्म में बैल की योनि में पैदा होगा। उन्होंने पुरुषों को सम्बोधित करते हुये कहा था कि अगर आप माहवारी का सामना कर रही किसी भी महिला के हाथ का तैय्यार किया हुआ खाना खाते हैं तो उसके दोषी आप भी हैं। स्वामी जी के अनुसार शास्त्रों में स्पष्ट रूप से उपरोक्त बातें लिखी हुई हैं। अतः विवाह पूर्व प्रत्येक पुरुष को यह मालूम होना चाहिए कि उन्हें कैसा खाना खाना है और कैसा नहीं। स्वामीनारायण मंदिर भुज स्थित श्री सहजानंद गर्ल्स स्कूल नामक उस संस्था को भी संचालित करता है जिसमें कई वर्ष पूर्व कथित रूप से साठ से अधिक लड़कियों के अंडरवियर उतरने तथा यह देखने का आरोप लगा था कि कहीं किसी लड़की को माहवारी तो नहीं आ रही है? उस समय इस बात पर काफी विवाद भी हुआ था। कितनी तार्किक हो सकती हैं माहवारी के दौरान खाना न बनाने और कुतिया व बन्दर की योनि में पैदा होने वाली यह बातें?

इसी तरह तमाम संतों, गुरुओं, उपदेशकों या प्रवचन कताओं द्वारा प्याज और लहसुन न खाये जाने को लेकर तरह तरह का ज्ञान बांटा जाता है। भारत हजारों मेट्रिक टन प्याज का निर्यात भी करता है और जरुरत पड़ने पर इसका आयात भी किया जाता है। मिसाल के तौर पर वर्तमान समय में ही काफी लंबे समय से भारत सरकार ने प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया हुआ है, इसके बावजूद संयुक्त अरब अमीरात जैसे कुछ देश ऐसे भी हैं, जहां सरकार की विशेष अनुमति से प्याज भेजा जा रहा है। पूरी दुनिया में इस वक़्त प्याज की बढ़ती खपत के कारण प्याज की कीमतें बढ़ी हुई हैं। परन्तु भारत से ऐसे देशों को सस्ती कीमतों पर प्याज दिया जा रहा है जिससे हमारे देश के प्याज उत्पादक किसान तथा व्यापारी नाराज भी हैं। गोया प्याज हमारे देश का बड़ा कृषि व्यवसाय भी है। दरअसल आयुर्वेद में खाद्य पदार्थों को तीन श्रेणियों में बांटा गया है झ्र सात्विक, राजसिक और तामसिक। धारणा है कि सात्विक खाद्य ग्रहण करने से संयम, पवित्रता शांति जैसे गुण प्राप्त होते हैं जबकि राजसिक भोजन जुनून और खुशी जैसे गुण प्रदान करते हैं। इसी प्रकार तामसिक खाद्य क्रोध, जुनून, अहंकार और विनाश व हिंसा जैसे अवगुण को जन्म देता है। प्याज और लहसुन को भी राजसिक और तामसिक रूप में वगीर्कृत किया गया है। इसलिये सदियों से अनेक हिन्दू धर्मावलंबी इसे खाने से परहेज करते हैं। परन्तु इसके जो कारण हमारे आज के स्वयंभू उपदेशकों द्वारा बताये जाते हैं वे जरूर हास्यास्पद तथा समाज को अज्ञानता की ओर धकेलने वाले हैं। आजकल धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री नामक एक विवादित संत जोकि बागेश्वर धाम सरकार या महाराज के नाम से भी जाने जाते हैं उन्होंने कथा वाचन के दौरान यह ज्ञान दिया कि ह्यप्याज और लहसुन इसलिए नहीं खाना चाहिए क्योंकि इसका जन्म गंदिगी से हुआ। राक्षस के मल से प्याज व लहसुन पैदा हुआ इसलिए उससे दुर्गन्ध बहुत आती है। देवता अगर आना भी चाहें तो दुर्गन्ध के कारण आ नहीं आते हैं। लहसुन प्याज का सेवन करने वालों पर हनुमान जी की कृपा नहीं हो पाती इसलिए प्याज व लहसुन खाना वर्जित है ह्न इस तरह का ह्यदिव्यज्ञानह्न देकर वह अपने अनुयायियों को कितना भ्रमित करते हैं यह समझना जरूरी है।

इसी तरह देश की एक मशहूर साध्वी जया किशोरी ने अपने प्रवचन में मोर पंख की पवित्रता व भगवान के मोर पंख धारण करने के सन्दर्भ में मोर की पवित्रता का बखान करते हुये ह्यज्ञानह्न दे डाला कि मोर संभोग नहीं करता बल्कि मोर के आंसू पीकर मोरनी गर्भ धारण करती है इसलिये मोर को पवित्र माना गया है। इसीलिये कई देवी देवता मोर पंख धारण करते हैं। यही मूर्खता पूर्ण बयान कुछ वर्ष पूर्व राजस्थान हाई कोर्ट के जस्टिस महेशचंद्र शर्मा ने भी दिया था। उन्होंने भी कहा था कि मोर आजीवन ब्रह्मचारी होता है। उसके आंसू ग्रहण कर मोरनी गर्भवती होती है। उस समय भी अनेक पक्षी वैज्ञानियों ने इसे गलत व पूरी तरह से भ्रामक बयान बताया था। साध्वी जया किशोरी को तो उनके मोर सम्बन्धी भ्रामक बयान के लिये एक पत्रकार ने घेर लिया तो वे बगलें झाँकने लगीं। दुनिया जानती है कि अन्य पशु पक्षियों की ही तरह मोर भी सम्भोग करता है। परन्तु इन कथाकथित महाज्ञानियों और इनके पीछे लगी इनके अनुयायियों की भीड़ देखकर जेहन में यह सवाल जरूर खड़ा होता है कि क्या इन्हीं ह्यअज्ञानियों ह्य के प्रवचन से भारत विश्वगुरु बनेगा?

# 2024 के लोकसभा चुनाव में महिला मतदाता निभायेंगी अहम भूमिका

महिला आरक्षण कानून के अनुसार पार्टियों को अपने टिकटों का कम से कम एक तिहाई हिस्सा महिलाओं के लिए आरक्षित करना चाहिए। क्या महिला मतदाता आगामी 2024 आम चुनाव का फैसला कर सकती हैं? उनके मतदाताओं की बढ़ती संख्या और अनुकूल कानून, जैसे संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण, उन्हें एक महत्वपूर्ण वर्ग बनाते हैं। राजनीतिक दल इस महत्वपूर्ण वर्ग की महिला मतदाताओं को आकर्षित करने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसा करने के लिए, वे विभिन्न लाभ की पेशकश कर रहे हैं। एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, महिला मतदाताओं का उच्च मतदान 2024 के चुनावों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है। रिपोर्ट का अनुमान है कि 2047 तक महिलाओं का मतदान प्रतिशत 55फीसदी तक पहुंच सकता है, जबकि पुरुषों का मतदान प्रतिशत घटकर 45फीसदी हो सकता है। गौरतलब है कि भारत के संविधान के निमार्ता बी .आर .अम्बेडकर ने एक बार कहा था कि – राजनीतिक शक्ति सभी सामाजिक प्रगति की कुंजी है। यह कथन आज भी लागू है, क्योंकि महिलाएं तब तक न्याय पाने की उम्मीद नहीं कर सकतीं जब तक कि निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनकी भागीदारी न हो। भारत में महिलाएं लैंगिक पूर्वाग्रह को दूर करने के लिए और अधिक उपायों की मांग कर रही हैं। पिछले सितंबर में संसद ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए महिला आरक्षण विधेयक पारित किया था। यह विधेयक संसद और राज्य विधानसभाओं में उनके लिए 33फीसदी आरक्षण सुनिश्चित करता है। कांग्रेस और भाजपा दोनों ने विधेयक के पारित होने का श्रेय लिया।





कल्याणी शंकर
लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।

राजनीतिक दलों को मतदाताओं को लुभाने के लिए प्रोत्साहनों पर निर्भर रहने के बजाय महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। कई पार्टियां महिला मतदाताओं को प्रोत्साहन तो देती हैं लेकिन अपनी उम्मीदवार सूची में महिलाओं को समान प्रतिनिधित्व नहीं देतीं। महिला आरक्षण कानून के अनुसार पार्टियों को अपने टिकटों का कम से कम एक तिहाई हिस्सा महिलाओं के लिए आरक्षित करना चाहिए। क्या महिला मतदाता आगामी 2024 आम चुनाव का फैसला कर सकती हैं? उनके मतदाताओं की बढ़ती संख्या और अनुकूल कानून, जैसे संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण, उन्हें एक महत्वपूर्ण वर्ग बनाते हैं। राजनीतिक दल इस महत्वपूर्ण वर्ग की महिला मतदाताओं को आकर्षित करने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसा करने के लिए, वे विभिन्न लाभ की पेशकश कर रहे हैं। एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, महिला मतदाताओं का उच्च मतदान 2024 के चुनावों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है। रिपोर्ट का अनुमान है कि 2047 तक महिलाओं का मतदान प्रतिशत 55फीसदी तक पहुंच सकता है, जबकि पुरुषों का मतदान प्रतिशत घटकर 45फीसदी हो सकता है।

गौरतलब है कि भारत के संविधान के निमार्ता बी.आर.अम्बेडकर ने एक बार कहा था कि - ह्यराजनीतिक शक्ति सभी सामाजिक प्रगति की कुंजी है। ह्न यह कथन आज भी लागू है, क्योंकि महिलाएं तब तक न्याय पाने की उम्मीद नहीं कर सकतीं जब तक कि निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनकी भागीदारी न हो। भारत में महिलाएं लैंगिक पूर्वाग्रह को दूर करने के लिए और अधिक उपायों की मांग कर रही हैं। पिछले सितंबर में संसद ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए महिला आरक्षण विधेयक पारित किया था। यह विधेयक संसद और राज्य विधानसभाओं में उनके लिए 33फीसदी आरक्षण सुनिश्चित करता है। कांग्रेस और भाजपा दोनों ने विधेयक के पारित होने का श्रेय लिया। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने कहा, ह्ययह हमारा विधेयक है। ह्य 2008 में सोनिया गांधी ने इसे उच्च सदन में पारित किया लेकिन लोकसभा में ऐसा करने में विफल रहीं। पिछले सितंबर में पीएम मोदी ने बड़े गर्व के साथ इस विधेयक को पेश किया और पहली बार संसद में इस विधेयक के आने के 27 साल बाद यह लगभग सर्वसम्मति से पास हो गया। जनगणना और परिसीमन प्रक्रिया में देरी के कारण यह विधेयक चार साल बाद ही लागू हो पायेगा।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से, भारत में केवल एक महिला प्रधानमंत्री और 15 महिला मुख्यमंत्री हुई हैं। हालांकि, 1950 के दशक के बाद से चुनाव लड़ने वाली महिलाओं की संख्या सात गुना बढ़ गई है, और लोकसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 5फीसदी से बढ़कर 15फीसदी हो गया है। विश्व स्तर पर स्थिति समान है। अंतर-संसदीय संघ के अनुसार, दुनिया भर में लगभग 26फीसदी कानून निमार्ता महिलाएं हैं। दूसरी ओर, रवांडा में 60फीसदी से अधिक सीटों पर महिलाओं का कब्जा है। 2008 में, रवांडा महिला-बहुमत संसद वाला पहला देश बन गया।

भारत में केवल 14फीसदी संसदीय सीटें महिलाओं के पास हैं। लोकसभा और राज्यसभा में क्रमशः 78 और 24 महिला सदस्य हैं। संसद के निचले सदन में महिलाओं के प्रतिनिधित्व के मामले में भारत 193 देशों में 149वें स्थान पर है। इसके अलावा, भारत के प्रत्येक राज्य में 16फीसदी से कम विधायक महिलाएं हैं। भारत में एक महत्वपूर्ण उपाय 1993 में किया गया तथा पंचायत की एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित कर दी गई थीं, जिसे अब अधिकांश राज्यों में 50प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया है। लगभग दस लाख महिलाएं जमीनी स्तर पर सरपंच के रूप में कार्य करती हैं। ये सरपंच अपने स्थूल अनुभव के बल पर उन्नति की सीढ़ियां चढ़ सकेंगी। आगामी आम चुनाव में 96.88 करोड़ मतदाता होंगे, जिनमें 47 करोड़ से अधिक महिलाएं हैं। 2.63 करोड़ नये मतदाताओं में से 1.41 करोड़ महिलाएं हैं। केरल, तेलंगाना, तमिलनाडु, पुडुचेरी, गोवा, आंध्र प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम और नागालैंड में अधिक महिलाओं ने मतदान के लिए पंजीकरण कराया है। महिला आरक्षण विधेयक पारित होने के बावजूद राजनीति में महिलाओं की भागीदारी में कोई खास बढ़ोतरी नहीं हुई है। जबकि राजनीतिक दलों ने विधेयक का समर्थन किया, उन्होंने हाल के विधानसभा चुनावों में महिलाओं को अपने टिकटों का केवल एक छोटा सा प्रतिशत आवंटित किया, आमतौर पर 10-15प्रतिशत। 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए, भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनावों में 421 उम्मीदवारों में से महिलाओं को केवल 67 टिकट दिये। हालांकि, ममता बनर्जी, नीतीश कुमार और अरविंद केजरीवाल जैसे कुछ मुख्यमंत्रियों ने महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लाभों को पहचाना है।

लैंगिक भेदभाव को दूर करने के लिए, पार्टियों को महिला सशक्तीकरण के लिए अधिक महिला नेताओं और उम्मीदवारों को मैदान में उतारने की जरूरत है। हालांकि, कुछ लोगों का तर्क है कि यदि महिलाएं ज्ञात राजनीतिक परिवारों से आती हैं तो वे जीतती हैं। कई नेता उम्मीदवारों को चुनने के लिए अपने परिवार से आगे नहीं देखते हैं। यह समझना जरूरी है कि सभी महिलाएं महिला उम्मीदवारों को वोट नहीं देंगी।

राजनीतिक दलों को मतदाताओं को लुभाने के लिए प्रोत्साहनों पर निर्भर रहने के बजाय महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। कई पार्टियां महिला मतदाताओं को प्रोत्साहन तो देती हैं लेकिन अपनी उम्मीदवार सूची में महिलाओं को समान प्रतिनिधित्व नहीं देतीं। महिला आरक्षण कानून के अनुसार पार्टियों को अपने टिकटों का कम से कम एक तिहाई हिस्सा महिलाओं के लिए आरक्षित करना चाहिए। इसके अतिरिक्त, पार्टियों को राजनीतिक राजवंशों को दिये जाने वाले तरजीही व्यवहार को हतोत्साहित करना चाहिए।

भारतीय राजनीतिक दल विभिन्न योजनाओं और लाभों के साथ महिला मतदाताओं को लक्षित कर रहे हैं। कर्नाटक में कांग्रेस ने महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा और 2, 000 रुपये नकद प्रोत्साहन राशि दिया है। हिमाचल प्रदेश में 18-60 वर्ष की महिलाओं को 1, 500 रुपये मासिक दिया जाना है। दिल्ली की ह्यमुख्यमंत्री महिला सम्मान योजनाह्न भी 18 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को 1, 000 रुपये मासिक प्रदान करेगी। पश्चिम बंगाल में टीएमसी ने पारिश्रमिक बढ़ोतरी की घोषणा की है। आप और कांग्रेस 1, 000 रुपये मासिक भुगतान करने और गरीब महिलाओं को 1 लाख रुपये सालाना भत्ता देने की घोषणा की है।

महिलाओं के प्रति राजनीतिक जवाबदेही निर्णय लेने में लिंग संतुलन हासिल करने, राजनीतिक दलों में महिलाओं की अधिक महत्वपूर्ण उपस्थिति और प्रभाव को बढ़ावा देने और पार्टी नीतियों और प्लेटफार्मों में लैंगिक समानता के मुद्दों को आगे बढ़ाने से शुरू होती है। इन सबके लिए शिक्षा भी जरूरी है। हमें ऐसे शासन सुधारों की आवश्यकता है जो लैंगिक मुद्दों के प्रति संवेदनशील हों। इससे निर्वाचित अधिकारी अधिक प्रतिक्रियाशील हो सकेंगे।

# कांग्रेस को चाहिए दिग्विजय जैसे अथक मेहनती !

शकील अख़्तर

उनकी 9 दिन की वादा निभाओ यात्रा सोमवार कोअपने गृहनगर राघौगढ़ में पूरी भी हो गई। 31 मार्च को उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र राजगढ़ की पदयात्रा शुरू की थी। पदयात्रा में वे अब देशके सबसे प्रमुख यात्री बन गए हैं। 77 साल की उम्र में अभी उन्होंने 25 किलमीटर रोज पैदल यात्रा की। लोगों से मिलते बात करते हुए चलते रहे। जिसगांव में रात हो गई रुक गए। इस चुनाव के शुरू होने से पहले हमने लिखा भी था और चैनल पर बोला भी था कि कांग्रेस के बडे नेताओं में से पार्टी दिग्विजय सिंह को जहां से कहेगी वह लड़ेंगे। और वे राजगढ़ पहुंच गए। और उनकी 9 दिन की वादा निभाओ यात्रा सोमवार को अपने गृहनगर राघौगढ़ में पूरी भी हो गई। 31 मार्च को उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र राजगढ़ की पदयात्रा शुरू की थी। पदयात्रा में वे अब देशके सबसे प्रमुख यात्री बन गए हैं। 77 साल की उम्र में अभी उन्होंने 25 किलमीटर रोज पैदल यात्रा की। लोगों से मिलते बात करते हुए चलते रहे। जिस गांव में रात हो गई रुक गए। दिग्विजय राजनीति में संघर्ष के साथ सतत यात्री के रूप में प्रसिद्ध होगए है। इससे पहले 2017 झ्र 18 में उन्होंने अपनी पहली चर्चित नर्मदा यात्रा निकाली थी। करीब साढ़े छह महीने की। 3330 किलोमीटर की पद यात्रा। वह यात्रा तख्ता पलट साबित हुई थी। 9 अप्रैल 2018 में समापन हुआ था। और सालके आखिर में भाजपा की 15 साल पुरानी सरकार विदा हो गई थी। वह अलग बात हैकि कमलनाथ उस तोहफे में मिली सरकार को भी चला नहीं पाए। और एक साल कुछ समयमें ही कांग्रेस में टूट फूट हो गई। सरकार चली गई। खैर वह अलग कहानी है।अभी बात कांग्रेस में कौन कौन लड़ सकता है पर हो रही है। लड़ सकता है मतलब विपरीत परिस्थिति में, हर हाल में पार्टी केसाथ खड़े होना। नेतृत्व के आदेश का पालन करना। तो पार्टी में यह हिम्मत फिर दिग्विजय ने दिखाई है। राहुल ने चुनाव शुरूहोने से पहले कहा कि सब बड़े नेताओं को यह चुनाव लड़ना चाहिए। मगरदिग्विजय के अलावा और किस बड़े नेता ने बीड़ा उठाया? यूपीए के दस साल में सब बड़े नेता मंत्री रहे। दिग्विजय ने मंत्री पदस्वीकार करने से इनकार कर दिया। ओल्ड स्कूल वचन निभाने वाले नेता। रघुकुलरीत वाले। 2003 में मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव हारने के बाद कहा था दससाल कोई पद नहीं लूंगा तो नहीं लिया। मगर बाकी सब बड़े नेता मंत्री रहे। वे कोई भी दिग्विजय की तरह वचनों मेंबंधने वाले नहीं थे। वचन देते ही नहीं थे। तो उसे पूरा करने का सवाल ही नहीं। आज की राजनीति में वचन, जबान, वादे, सत्य, संघर्ष, पार्टी के प्रतिवफादारी का क्या मतलब? कौन इन पुराने उसूलों पर चलता है? मगर पुरानेलोगों में एक दिग्विजय और नयों में एक राहुल आज भी सिद्धांतों में जीते हैं। कोई भी खतरा उठाने को तैयार। अपनी व्यक्तिगत छवि की कोई चिन्तानहीं। पहली चीज पार्टी के प्रति वफादारी, दूसरी जनता के प्रति प्रेम औरतीसरी अथक मेहनत।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, गुरुवार, 11 अप्रैल, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया

छपरा कार्यालय। बुधवार को सारण जिला अंतर्गत अनुमंडल अग्निशमन सदर छपरा, मढ़ौरा एवं सोनपुर में ग्राम भटोरा वार्ड 3,पंचायत डेवढ़ी थाना एवं प्रखंड तरैया; ग्राम गंगवादी वार्ड 6 तरैया रत्नाकर; ग्राम अहिमन पत्ती वार्ड 2, पंचायत कुरिया थाना दिघवारा सोनपुर; ग्राम केशवपुर वार्ड एक पंचायत त्रिलोक चक थाना दिघवारा; ग्राम करणपुर वार्ड 6थाना एकमा में मॉक ड्रिल; जीविका दीदी के साथ बैठक एवंकैनेपी के माध्यम से जन जागरूकता का कार्यक्रम कराया गया!

### 145 ग्राम गांजा के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

दिघवारा नगर। थाना क्षेत्र के सितलपुर बाजार स्थित कारगिल चौक के पास एक दुकानदार को दिघवारा पुलिस ने गांजा बेचते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया ।गिरफ्तार व्यक्ति के पास से पुलिस ने 145 ग्राम गांजा बरामद किया ।गिरफ्तार धंधेबाज की पहचान दिघवारा थाना क्षेत्र के बस्तिजलाल गांव निवासी देवनन्दन पंडित के पुत्र लक्ष्मण पंडित के रूप में हुई है ।पुलिस ने धंधेबाज को गिफ्तार कर जेल भेज दिया।

### 48 पीस फ्रूटी शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

पानापुर(सारण) गुप्त सूचना के आधार पर स्थानीय थाने की पुलिस ने भोरहा पांडेय टोला में छापेमारी कर 48 पीस फ्रूटी शराब के साथ धंधेबाज राजकुमार राय को गिरफ्तार कर लिया .बताया जाता है कि स्थानीय थाने के एएसआई मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में मंगलवार की रात गश्ती पर निकली पुलिस को सूचना मिली थी कि भोरहा पांडेय टोला निवासी राजकुमार राय शराब छुपाकर रखा है .सूचना मिलने के बाद पुलिस बुधवार की अहले सुबह उसके घर पर दबिश दी .पुलिसिया कार्रवाई की भनक लगते ही वह भागने लगा जिसे पुलिस के जवानों ने खदेड़कर पकड़ लिया .वही उसके घर की तलाशी ली गयी तो एक कार्टून में 48 पीस फ्रूटी पैक शराब पुलिस ने जब्त किया .थानाध्यक्ष विश्वमोहन राम ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर धंधेबाज को न्यायालय भेज दिया गया ।

### विशेष ट्रेन का होगा संचलन

छपरा कार्यालय। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 09041/09042 उधना-छपरा-उधना अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचलन उधना से 10, 11, 12, 15, 17 एवं 18 अप्रैल, 2024 को तथा छपरा से 11, 12, 13, 16, 18 एवं 19 अप्रैल, 2024 को 06 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा। फलस्वरूप 09041 उधना-छपरा अनारक्षित विशेष गाड़ी 10, 11, 12, 15, 17 एवं 18 अप्रैल, 2024 को उधना से 11.25 बजे प्रस्थान कर चलथान से 11.45 बजे, बारडोली से 12.05 बजे, नंदुरबार से 13.35 बजे, भुसावल से 16.45 बजे, खंडवा से 18.50 बजे, इटारसी से 21.30 बजे, दूसरे दिन जबलपुर से 01.20 बजे, कटनी से 02.50 बजे, सतना से 04.30 बजे, मानिकपुर से 05.50 बजे, प्रयागराज छिवकी से 07.40 बजे, वाराणसी जं. से 12.40 बजे, जौनपुर से 14.45 बजे, गाजीपुर सिटी से 16.35 बजे तथा बलिया से 17.35 बजे छूटकर छपरा 19.00 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 09042 छपरा-उधना अनारक्षित विशेष गाड़ी 11, 12, 13, 16, 18 एवं 19 अप्रैल, 2024 को छपरा से 23.00 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन बलिया से 00.35 बजे, गाजीपुर सिटी से 01.35 बजे, जौनपुर से 03.15 बजे, वाराणसी जं. से 05.25 बजे, प्रयागराज छिवकी से 10.25 बजे, मानिकपुर से 12.00 बजे, सतना से 13.20 बजे, कटनी से 14.55 बजे, जबलपुर से 16.35 बजे, इटारसी से 20.10 बजे, खंडवा से 23.33 बजे, तीसरे दिन भुसावल से 01.45 बजे, नंदुरबार से 05.10 बजे, बारडोली से 06.35 बजे तथा चलथान से 06.55 बजे छूटकर उधना 07.30 बजे पहुँचेगी।

# मंडल 3250 रोट्रेक्ट सम्मेलन में सम्मानित हुए श्याम बिहारी अग्रवाल

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय । मंडल 3250 का रोट्रेक्ट सम्मेलन व्याएज रोट्रेक्ट क्लब ऑफ मुजफ्फरपुर द्वारा मुजफ्फरपुर में आयोजित किया गया। रोट्रेक्ट सम्मेलन में पीडीआरआर श्याम बिहारी अग्रवाल को अंग वस्त्र तथा स्मृति चिन्ह एवम पुष्प गुच्छ देकर डीआरआर आयुष शास्वत तथा डीआरआर इलेक्ट रिन्कु कुमार सिंह ने सम्मानित किया। पीडीआरआर श्याम बिहारी अग्रवाल ने बताया रोट्रेक्ट क्लब ऑफ मुजफ्फरपुर ने मंडल अधिवेशन का शानदार आयोजन किया तथा आथित्य से ओत-प्रोत किया। सत्र 2025-26 के डीआरआर चुनाव अधिकारी की जिम्मेवारी का वहन करते हुए पीडीआरआर श्याम बिहारी अग्रवाल ने निकुंज बाजोरिया को सत्र 2025-26 का निर्विरोध डीआरआर घोषित किया। पीडीआरआर श्याम बिहारी अग्रवाल के सम्मानित होने पर डीआरआर आयुष शास्वत, डीआरआर इलेक्ट रिन्कु कुमार सिंह, डीआरआर नोमनी निकुंज बाजोरिया, पीडीआरआर मुकेश प्रताप सिंह, पीडीआरआर आरती गोस्वामी, आशित सुलातानिया एवम रोटरी तथा रोट्रेक्ट एवम सारण्य महोत्सव के पदाधिकारियों ने बधाई दी है।




# तरैया में बाबा साहब अम्बेडकर जयन्ती मनाने हेतु किया गया समीक्षा बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



तरैया। प्रखंड के चैनपुर खराटी बाजार पर 14 अप्रैल 2024 को बाबा साहेब अम्बेडकर जन्मोत्सव के आयोजन के लिए विस्तार से चर्चा की गई ।सभा स्थल तरैया चैनपुर खंराटी से शोभायात्रा निकालने के लिए अंबेडकर विचार मंच के सभी सदस्यों के द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया की बाबा साहब जयंती शोभायात्रा सुबह 8:00 बजे से शांतिपूर्वक सफल बनाने हेतु निर्णय लिया गया ।समीक्षा बैठक में अंबेडकर विचार मंच के अध्यक्ष देवनाथ राम, सचिव ललन प्रसाद यादव, सुभाष कुमार सिद्धार्थ, तरैया मुखिया संघ के अध्यक्ष मुकेश कुमार यादव, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र सहनी,वीर बहादुर राय,शैलेंद्र राम,मुखिया ओम प्रकाश राम, शिक्षक कमलेश राम,चंदेश्वर राम,समाजवादी नेता डॉ.त्रिलोकी नाथ सिंह,विजय यादव,विनय राम, जितेंद्र राम,राज बलम राम,डॉ. हरेंद्र सिंह,डॉ. कैलाश सिंह,डॉ. दिलीप राम,मनोज राम सहित अन्य शामिल हुए।

# बीपीएससी शिक्षिका की हुई मौत

प्रात : किरण संवाददाता



जलालपुर। प्रखंड के बरेजा ग्राम स्थित नवसृजित प्राथमिक विद्यालय यादव टोली मे टी आर ई वन से नियुक्त हुई बीपीएससी शिक्षिका आदिति राज की बीती रात मौत हो गई वह आंत की बीमारी से ग्रसित थी, जिनका ऑपरेशन रूबन हॉस्पिटल पटना में हुआ थोवह चिरांद के शशिभूषण यादव की पुत्री थीमृतक के पिता ने इस आशय की सूचना विद्यालय की प्रधानाध्यापिका कुमारी सुमन को दीबच्चो के बीच वह अपने बेहतरीन शिक्षण कौशल से लोकप्रिय थीउसकी मौत की खबर सुनकर जलालपुर के शिक्षको मे शोक लहर दौड़ गई उसके प्रति संवेदना व्यक्त करने वालों में प्रधानाध्यापक मणीन्द्र कुमार पांडेय, उमेश कुमार सिंह अखिलेश्वर पांडेय, शिक्षक नेता मनीष कुमार ,शिक्षक नेता दिलीप कुमार सिंह, धीरज तिवारी, राजेश कुमार सिंह, राजेश कुमार , विकास कुमार गुप्ता ,सुनील कुमार कुशवाहा ,अविनाश तिवारी,डा राजेश यादव ,रामबाबू यादव , जितेंद्र मिश्र, श्याम तिवारी,विनय पुरी,शिक्षक नेता संजय पांडेय, हरिदयाल यादव, मुकेश यादव सहित क ई अन्य भी शामिल हैं

# तरैया में बाबा साहब अम्बेडकर जयन्ती मनाने हेतु किया गया समीक्षा बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

तरैया। प्रखंड के चैनपुर खराटी बाजार पर 14 अप्रैल 2024 को बाबा साहेब अम्बेडकर जन्मोत्सव के आयोजन के लिए विस्तार से चर्चा की गई ।सभा स्थल तरैया चैनपुर खंराटी से शोभायात्रा निकालने के लिए अंबेडकर विचार मंच के सभी सदस्यों के द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया की बाबा साहब जयंती शोभायात्रा सुबह 8:00 बजे से शांतिपूर्वक सफल बनाने हेतु निर्णय लिया गया ।समीक्षा बैठक में अंबेडकर विचार मंच के अध्यक्ष देवनाथ राम, सचिव ललन प्रसाद यादव, सुभाष कुमार सिद्धार्थ, तरैया मुखिया संघ के अध्यक्ष मुकेश कुमार यादव, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र सहनी,वीर बहादुर राय,शैलेंद्र राम,मुखिया ओम प्रकाश राम, शिक्षक कमलेश राम,चंदेश्वर राम,समाजवादी नेता डॉ.त्रिलोकी नाथ सिंह,विजय यादव,विनय राम, जितेंद्र राम,राज बलम राम,डॉ. हरेंद्र सिंह,डॉ. कैलाश सिंह,डॉ. दिलीप राम,मनोज राम सहित अन्य शामिल हुए।

### नवगछिया पुलिस दिख रही है एक्शन मोड में, हुई बड़ी कार्रवाई

नवगछिया ( भागलपुर )। पुलिस जिला परिक्षेत्र में जहां एक तरफ लोकसभा आम निर्वाचन को भयमुक्त, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु नवगछिया पुलिस दृढ़ संकल्पित होकर कार्य में जुटी है। वही दूसरी तरफ अपराधी अपने आपराधिक मंसूबों को पूरा करने को लेकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने में लगे हुए चल रहे है। इसी बाबत गोपालपुर थाना अध्यक्ष मिथिलेश कुमार चौधरी व एस टी एफ टीम के साथ सनहा सत्यापन व आवश्यक कार्रवाई हेतु लतरा गांव के रणवीर यादव उर्फ राणा यादव के घर के पास पहुंचे। जैसे ही पुलिस बल द्वारा घर का दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया तो दो युवक छत से कूद कर भागने लगा, तभी मौजूद पुलिस कर्मियों ने दोनों युवक को खदेड़ कर धरदबोचा है। इस दौरान पुलिस द्वारा तलाशी के क्रम में अपराधी गोलू कुमार के कमर से एक लोडेड देशी कट्टा व तीन जिंदा कारतूस और शिवम कुमार के पैकेट से दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। उक्त दोनों अभियुक्त की पहचान लतरा गांव के रहने वाले हैं।

### पुलिसिया कार्रवाई में कुल 39 अपराधी गिरफ्तार

छपरा। सारण पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में कल 39 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है ।एसपी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार किए गए अपराधियों में एनडीपीएस कांड के एक, एससी -एसटी कांड के तीन, खनन के नव, उत्पाद कांड के 15 तथा अन्य कांड के 6 अपराधी शामिल है। इस अभियान में पांच वारंटी को भी गिरफ्तार किया गया है, जबकि 8 वारंट का निष्पादन भी किया गया है। सारण पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान में वाहन चेकिंग के दौरान वाहन चालकों से 2,30,500 रुपए जुमार्ना के रूप में वसूला गया है। इसके अलावा 641.4 लीटर देसी शराब, डेढ़ सौ ग्राम गांजा, तेरह ट्रक, सात ट्रैक्टर, टेंपो एक तथा नगद 10,500 रुपए भी जब्त किया गया है।

# शांतिपूर्व निर्वाचन कराने को ले डीएम ने सभी एसडीओ एवं पुलिस पदाधिकारियों को दिया निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-जिला पदाधिकारी अमन समीर के द्वारा सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को लोक सभा आम निर्वाचन -2024 के अवसर पर निर्वाचन प्रकिया को शांतिपूर्ण, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने हेतु अग्नेयास्त्रों के सत्यापन एवं जमा कराने,अवैध हथियार/कारतूस एवं विस्फोटक पदार्थों को जप्त करने हेतु प्रभावी कार्रवाई का निदेश दिया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि चुनाव घोषणा के तुरंत बाद सभी शस्त्र अनुज्ञप्ति, शस्त्र एवं कारतूस की जाँच कराने, शस्त्रों को भौतिक सत्यापन तथा जमा करने, अवैध हथियार, विस्फोटक पदार्थ को जब्त करने का निदेश पूर्व में ही जारी कर दिया गया है। वाहनों की जाँच में सतर्कता बरतने हेतु निर्देश दिया गया। साथ ही इस बात का ध्यान रखने को कहा गया कि असामाजिक तत्वों अथवा शस्त्र, कारतूस को राज्य के बाहर से परिवहन नहीं किया जा सके। बताया गया कि आसूचनाओं का संग्रहण किया जाय ताकि शस्त्रों के अवैध निर्माण एवं परिवहन पर प्रभावी रोक लगायी जा सके। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सीआर.पी.सी. की धारा-144 के तहत लागू निषेधाज्ञा के तहत अनुज्ञप्त शस्त्रों को लेकर चलने पर प्रभावी ढंग से रोक लगाने हेतु निर्देशित किया गया। सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा है कि सभी शस्त्र एवं कारतूस प्रतिष्ठानों की जाँच कर यह सुनिश्चित किया जाय कि उनका स्टॉक अद्यतन रखा गया है।

# सेना के रिटायर्ड जवान के निधन के 20 दिन बाद बीमार पत्नी ने भी तोड़ा दम

प्रात : किरण संवाददाता

माँझी। महज बीस दिनों के अंतराल पर पहले पति तथा फिर पत्नी ने इलाज के क्रम में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। लिबर रोग से पीड़ित सेना के अवकाश प्राप्त जवान व उनकी पत्न ी के महज 20 दिनों के अंतराल पर हुए असामयिक निधन से पूरा गाँव शोकाकुल है। बताते चलें कि बीते 18 मार्च को दिल्ली के एक अस्पताल में इलाजरत माँझी के माड़ीपुर गाँव निवासी व सेना के अवकाश प्राप्त जवान उपेन्द्र सिंह का निधन हो गया था। उधर पति की मौत की सूचना मिलने के बाद बीमार पत्नी बुगलेश देवी को भी परिजनों द्वारा चिंताजनक स्थिति में दिल्ली में ही एक निजी अस्पताल में एडमिट करा दिया गया। जहाँ बीते रविवार को पत्नी ने भी दम तोड़ दिया। परिजनों ने दिल्ली में ही मृतका का भी दाह संस्कार सम्पन्न करा दिया तथा वापस घर लौट गए। परिजनों ने बताया कि कुछ ही दिन पहले पत्नी ने अपने बीमार पति को अपना लिबर डोनेट कर जीवनदान दिया था। हालाँकि लिबर डोनेट करने के बाद से दोनों बीमार चल रहे थे तथा दिल्ली में ही दोनों को इलाज के लिए एडमिट कराया गया था। अपने माता पिता के असामयिक निधन से मर्माहत पुत्र प्रभात कुमार सिंह ने क्रमशः दोनों को मुखाग्नि देकर दाह संस्कार सम्पन्न करा दिया। दम्पत्ति के लम्बे इलाज के बाद हुए निधन से टूट चुके परिजन दोनों के एक साथ श्राद्ध संस्कार सम्पन्न कराने की तैयारियों में जुटे हुए हैं। निजी स्कूल के शिक्षक का हार्ट अटैक से निधन। माँझी। माँझी नगर पँचायत के बाल मुकुन्द दास के मठिया स्थित होली किड्स स्कूल के शिक्षक व रिविलगंज के तिवारी टोला निवासी शशि भूषण उर्फ गुड्डू तिवारी का सोमवार की सुबह हार्ट अटैक की वजह से निधन हो गया। शिक्षक के निधन की खबर मिलने के बाद मंगलवार को विद्यालय परिसर में प्रधानाचार्या डॉ श्वेता सिंह की अध्यक्षता में एक शोक सभा आयोजित कर उन्हें अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी गई।

### प्रेमी सुमन कुमार हत्याकांड के आरोपी गिरफ्तार

बरियारपुर (मुंगेर) बरियारपुर थाना क्षेत्र के रहिया गांव निवासी 20 वर्षीय युवक को प्रेम प्रसंग मामले में पीट पीट कर हत्या करने के मामले मे 25 वर्षीय मिथुन कुमार पिता राजेंद्र मंडल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। घटना के सम्बन्ध में पुलिस निरीक्षक सह थाना अध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि दिनांक 7 अप्रैल 2024 को सुचना मिलते ही अपराधियों के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया। दिल खुश कुमार, मौके एबरदात छापेमारी के क्रम मे गिरफ्तार कर पुछ ताछ के क्रम मे अपने सहयोगी मिथुन कुमार पिता राजेन्द्र मंडल ग्राम पैरुमंडलटोला बताया गया जिसे रात्री गश्ती दल के क्रम गिरफ्तार किया गया ।कानुनी कार्यवाही कर उसे जेल भेज दिया गया।

# मशरक में ट्रक की टक्कर में घायल की इलाज के दौरान पीएमसीएच में मौत

प्रात : किरण संवाददाता



मशरक (सारण) मशरक थाना क्षेत्र के बंगरा काली स्थान पर अनियंत्रित ट्रक की टक्कर में घायल की इलाज के दौरान पटना पीएमसीएच में मौत हो गई। मृतक की पहचान मशरक के कर्ण कुदरिया गांव निवासी योगेन्द्र सिंह का 45 वर्षीय पुत्र परशुराम सिंह उर्फ बब्लू के रूप में हुई। मौत की खबर लगते ही परिजनों में मातम छा गया। मृतक बैंगलोर में काम करता है और छुट्टी पर घर आया था और बुधवार को ही वापस जानें का ट्रेन का टिकट था। घटना के बारे में बता दें कि इसुआपुर थाना क्षेत्र के इसुआपुर बाजार में अनियंत्रित बालू लदे ट्रक ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी और ट्रक लेकर भगाने लगा उसी दौरान मशरक बाजार में भी सड़क किनारे टक्कर मारते डुमरसन की तरफ तेजी से भागने लगा उसी में बंगरा काली स्थान पर भी सब्जी मंडी में सब्जी खरीद रहें लोगों को टक्कर मार दी और ट्रक तेजी से डुमरसन की तरफ ले जाने लगा जिसमें फिर डुमरसन बाजार में भी सामने से आ रहें ट्रक से टक्कर हो गई। वहीं मौके पर पहुंची थाना पुलिस गश्ती दल ने ट्रक और चालक को कब्जे में ले लिया और आधा दर्जन लोगों को घायल हालत में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया जहां से गंभीर हालत में परशुराम सिंह उर्फ बब्लू को पटना पीएमसीएच में भर्ती कराया गया जहां उनकी मौत बुधवार को हो गई।

### पुलिसिया कार्रवाई में कुल 39 अपराधी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

छपरा। सारण पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में कल 39 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है ।एसपी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार किए गए अपराधियों में एनडीपीएस कांड के एक, एससी -एसटी कांड के तीन, खनन के नव, उत्पाद कांड के 15 तथा अन्य कांड के 6 अपराधी शामिल है। इस अभियान में पांच वारंटी को भी गिरफ्तार किया गया है, जबकि 8 वारंट का निष्पादन भी किया गया है। सारण पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान में वाहन चेकिंग के दौरान वाहन चालकों से 2,30,500 रुपए जुमार्ना के रूप में वसूला गया है। इसके अलावा 641.4 लीटर देसी शराब, डेढ़ सौ ग्राम गांजा, तेरह ट्रक, सात ट्रैक्टर, टेंपो एक तथा नगद 10,500 रुपए भी जप्त किया गया है।

# जयप्रकाश विवि. में राष्ट्रीय सेवा योजना ने कराया मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा सदर। जयप्रकाश विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना की तरफ से बुधवार को रिजनल सेन्टर के निदेशानुसार विश्वविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हुआ। सर्वप्रथम कुलपति प्रोफेसर परमेन्द्र कुमार बाजपेई ,कुलसचिव प्रोफेसर रणजीत कुमार स्वामी अतिदेवानन्द महराज सचिव रामकृष्ण मिशन ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित किया। सभी गणमान्य अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण किया और पुष्पांजलि अर्पित किए। इस कार्यक्रम में जय प्रकाश विश्विद्यालय के अनुरोध पर स्वामी अतिदेवानन्द महराज सचिव रामकृष्ण मिशन और प्रोफेसर के के द्विवेदी ने सभी वालंटियर को मतदान एवं मतदान के लिए जागरूक किया। कुलसचिव प्रोफेसर रणजीत कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि लोकतंत्र के मंदिर मे जाति धर्म क्षेत्र से ऊपर उठकर मतदान अवश्य करें। 18 से 30 बर्ष के मतदाता की बहुत अधिक भूमिका है। चुनाव लोकतंत्र के लिए इम्तिहान है और मतदाता परीक्षार्थी हैं। कुलपति ने अपने उद्बोधन मे कहा कि मतदाता अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलकर मतदान अवश्य करें। सभी उपस्थित वालंटियर एवं अन्य सबको मतदाता शपथ दिलवाया। : मंच संचालन प्रोफेसर हरिश्चंद्र समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. शची मिश्रा कार्यक्रम पदाधिकारी ने किया। इस अवसर पर विवि के पूर्व एनएसएस समन्वयक डॉ विद्यावाचस्पति त्रिपाठी , प्रोफेसर विश्वामित्र पांडेय कुलानुशासक सभी महाविद्यालयों के कार्यक्रम पदाधिकारी और स्नातकोत्तर विभाग के कार्यक्रम पदाधिकारी ,अंग्रजी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर अमर नाथ प्रसाद एवं डीन कामर्स प्रोफेसर कृष्ण कुमार मौजूद थे।

### डीएम ने किया निरीक्षण

छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर द्वारा बुधवार को समाज कल्याण विभाग, बिहार द्वारा सारण जिले में संचालित बाल पर्यवेक्षण गृह, बाल गृह, विशिष्ट दत्तक संस्थान तथा बालिका गृह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को सभी गृहों में बच्चों की पढ़ाई तथा स्किल के विकास हेतु आवश्यक निदेश दिए गए ताकि संबंधित बच्चे उक्त गृहों से निकलकर समाज में अपनी अच्छी पहचान बना सकें। निरीक्षण के क्रम में बाल संरक्षण पदाधिकारी सहित शिक्षा विभाग के पदाधिकारी, सिविल सर्जन आदि उपस्थित रहे।

# ऑटो को बचाने के चक्कर में बोलेरो पलटी

प्रात : किरण संवाददाता



नगरा। खैरा थाना क्षेत्र के खैरा मढ़ौरा मुख्य पथ स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगरा के रामपुर कला के समीप बुधवार को ऑटो को बचाने में बोलेरो सड़क पर ही पलट गई.हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं है,बोलोरो पलटने से चालक को भी कोई चोट नहीं आई है.घटना स्थल से मिली जानकारी अनुसार उक्त ऑटो को चालक के द्वारा अस्पताल के समीप साइड जा रही थी,तभी खैरा तरफ बोलोरो भी जा रही थी उसी में अनियंत्रित होकर ऑटो को बचाने के चक्कर में ओवरस्पीड के वजह से बोलोरो तीन चार पलटी सड़क पर ही मारकर पलट गई.वहीं घटना के बाद स्थानीय लोगो के सहयोग से चालक को निकाला गया.लेकिन चालक को कोई चोट नहीं थी चालक बिल्कुल सुरक्षित था.वहीं मुख्य पथ पर पलटे हुए बोलोरो को जेसीबी के माध्यम से सीधा कर साइड किया गया. हालांकि वाहन पलटने से बोलोरो को क्षति हुई है।

# लोन नही चुकाने पर बैंक ने मशरक में मकान पर कब्जा लेकर किया सील

प्रात : किरण संवाददाता



मशरक। मशरक नगर पंचायत के गोला रोड स्थित एक मकान पर सेन्ट्रल बैंक ने बुधवार को कब्जा ले लिया। मकान के मालिक भोला प्रसाद को बैंक पिछले करीब डेढ़ साल से लगातार नोटिस भेज रहा था। बावजूद इसके लोन नहीं चुकाया गया। इसी कारण बैंक ने कार्रवाई करते हुए मकान को सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान मशरक सीओ सुमंत कुमार मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात रहें। साथ ही मशरक थाना पुलिस की टीम भी मौके पर मौजूद थी। बैंक की टीम ने इस दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट की अगुवाई में पूरे मामले की वीडियोग्राफी की और मकान को सील कर दिया। इसके बाद बैंक ने घर के बाहर कब्जे को नोटिस भी चस्पा कर दिया। सीओ सुमंत कुमार ने बताया कि मकान के मालिक जो व्यापारी हैं उन पर लगभग 22 लाख रुपये का लोन हैं लेकिन जमा नहीं किया जा रहा है। बैंक ने मकान मालिक को नोटिस भेजा था लेकिन उसके बाद भी कोई असर नहीं पड़ा। इसीलिए कब्जा करना पड़ा। अब यदि अब भी मकान मालिक राशि नहीं देगा तो मकान नीलाम कर दिया जाएगा।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों को लेकर विभिन्न कोषांगों के कार्यों की समीक्षा की

- सभी कोषांगों को अपने कार्यों को निर्धारित मानक समय पर पूरा करने का दिया निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता




छपरा कार्यालय। लोकसभा आम चुनाव की तैयारियों को लेकर सभी स्तरों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। विभिन्न गठित कोषांगों द्वारा समयबद्ध ढंग से कार्यों का निष्पादन किया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अमन समीर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ० गौरव मंगला ने बुधवार को समाहरणालय सभागार में सभी कोषांगों के वरीय एवं नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक किया। डिस्पैच सेंटर के बारे में बताया गया कि सारण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु छपरा एवं गरखा विधानसभा क्षेत्र के मतदानकेंद्रों का डिस्पैच बाजार समिति से किया जायेगा। इन दोनों विधानसभा के मतदानदल का पार्टी मिलान एवं वाहन हेतु जयप्रकाश विश्वविद्यालय में व्यवस्था की जा रही है। उपविकास आयुक्त को इन दोनों विधानसभा क्षेत्र के डिस्पैच सेंटर का वरीय प्रभारी बनाया गया है। अमनौर एवं मढ़ौरा विधान सभा क्षेत्र के मतदानकेन्द्रों का डिस्पैच आईटीआई मढ़ौरा से किया जायेगा। नगर आयुक्त इसके वरीय प्रभारी रहेंगे। सोनपुर एवं परसा विधानसभा के मतदानकेंद्रों का डिस्पैच रेलग्राम सोनपुर से किया जायेगा। अपर समाहर्त्ता लोकशिकायत इसके नोडल रहेंगे। महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के बनियापुर एवं एकमा के मतदानकेंद्रों का डिस्पैच जयप्रकाश विश्वविद्यालय से किया जायेगा। अपर समाहर्ता लोकशिकायत इसके वरीय प्रभारी रहेंगे ।तरैया विधानसभा क्षेत्र के मतदानकेन्द्रों का डिस्पैच आईटीआई मढ़ौरा से किया जायेगा। नगर आयुक्त इसके वरीय प्रभारी रहेंगे। मांझी विधानसभा क्षेत्र के मतदानकेन्द्रों का डिस्पैच राजेन्द्र कॉलेज से किया जायेगा। अपर समाहर्त्ता इसके वरीय प्रभारी रहेंगे। सभी डिस्पैच सेंटर पर पार्टी मिलान एवं वाहन पार्किंग को लेकर आवश्यक दिशा निदेश दिया गया। डिस्पैच सेंटर हेतु छपरा , मढ़ौरा एवं सोनपुर में स्पष्ट ट्रैफिक प्लान तैयार कर धरातल पर इसका क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। निर्वाचन कार्य हेतु आने वाले अर्द्धसैनिक बलों एवं राज्य पुलिस बल के आवासन हेतु निर्धारित स्थलों पर तमाम आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा गया। प्रत्येक आवासन स्थल के लिए एक स्थानीय नोडल पदाधिकारी रहेंगे जो निरंतर आवासित बलों के साथ संपर्क में रहकर किसी भी समस्या का समाधान करेंगे। मतदान के दिन सेक्टर पदाधिकारियों के लिये निर्धारित मानक के अनुरुप क्लस्टर पॉइंट निर्धारित किया जा रहा है। नामांकन के अवसर पर निवार्ची पदाधिकारी के कक्ष एवं परिसर में की जाने वाली सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की गई तथा महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### किसानों को 1 जून को मतदान करने को लेकर किया जा रहा जागरूक



भभुआ। थाना क्षेत्र के मोकरी गांव में कृषि विभाग द्वारा किसानों को 1 जून को मतदान करने को लेकर जागरूक किया जा रहा है। इस संबंध में कृषि विभाग के कृषि पदाधिकारी रेवती रमण द्वारा बताया गया कि लोकसभा आम निर्वाचन को लेकर कैमूर में 1 जून को मतदान होना है। जहां लोकतंत्र में भागीदारी हम सब की जिम्मेदारी नारों के साथ लोगों के बीच जागरूक किया गया है। जो कि अधिक से अधिक लोग 1 जून को मतदान करेंगे और लोकतंत्र में भागीदारी बनेंगे। मौके पर एटीएम सुनील पटेल एसी अनुपम कुमार किसान सलाहकार सहित ग्रामीण के महिला एवं पुरुष किसान मौजूद रहे।

### पहाड़ियां गांव बधार में रखे 5 बीघा खेत का पुआल जलकर हुआ राख

भगवानपुर। थाना क्षेत्र के पहाड़िया गांव बाधार में रखे 5 बीघा खेत का पुआल जलकर राख हो गया है। सूचना पर अग्निशमन विभाग के कर्मी पहुंचकर आग पर काबू पाया है। अग्निशमन विभाग के कर्मी नंदन कुमार ने बताया कि पहाड़िया गांव के बाधार में रखें 5 बीघा खेत का पुआल पुरी तरह से चलकर राख हो गया था। मौके जब पर पहुंचा गया तो विकराल रूप से आग पकड़ लिया था। उसके बाद अपनी सामान विभाग के अग्नि कर्मी सत्येंद्र कुमार नागेंद्र कुमार विनोद कुमार मुकेश कुमार व्यास मुंशी द्वारा आग पर काबू पाया गया है। वहीं आसपास में गेहूं की फसल खेत में लगी हुई थी जिसे बाल बाल बचा लिया गया है। इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों की मौके पर काफी भीड़ जुटी हुई थी।

### पुलिस से झड़प मामले में एक युवक को भेजा जेल

बिक्रमगंज (रोहतास) स्थानीय शहर के तेंदुनी चौक पर वरीय पदाधिकारी के दिशा-निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। जिस क्रम में स्थानीय थाना के पुलिस पदाधिकारी के द्वारा हेलमेट सहित अन्य बिंदुओं को लेकर बारीकी से जांच की जा रही थी। जिस क्रम में बिना हेलमेट लगाए पुलिस ने एक युवक को पकड़ लिया। उक्त क्रम में पुलिस के द्वारा हेलमेट लगाने की बात युवक से की गई तो युवक पुलिस के साथ हाथापाई करने लगा। जिससे पुलिस ने बाइक के साथ युवक को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि शहर के तेंदुनी चौक पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। जिस क्रम में पुलिस ने काराकाट थाना क्षेत्र के कुरुर निवासी लालबाबू पासवान के पुत्र राजू कुमार उर्फ राजू पासवान को वाहन जांच स्थल से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने कहा कि गिरफ्तार युवक के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया।

### अवैध बालू लदे ट्रक को पुलिस ने किया जब्त

नावानगर (बक्सर) स्थानीय थाना के जितवाडीह पुल के पास से पुलिस ने एक ओवरलोडेड बालू लदे ट्रक को जप्त किया है साथ ही जप्त के बाद ट्रक पर जुमार्ने के लिये विभाग को सूचना दे दिया गया है इसकी पुष्टि करते हुए नावानगर थानाध्यक्ष नन्दु कुमार ने बताया कि थाना के जितवाडीह पुल के पास से एक ओवरलोडेड बालू लदे ट्रक को पकड़ा गया है जिसपर जुमार्ना लगाने हेतु सम्बंधित विभाग को सूचित कर दिया गया है।

### पुलिस ने चलाया सघन जांच अभियान

नावानगर (बक्सर) स्थानीय थानाध्यक्ष नन्दु कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने वाहन जांच किया वाहन जांच के दौरान कागजातों के अभाव में 55 सौ का जुमार्ना वाहन चालकों से उसूला गया वाहन जांच के दौरान ड्राइविंग लाइसेंस, इन्सुरेंस, हेलमेट समेत कई बिन्दुओ पर ध्यान दिया गया सभी वाहन चालकों को परिवहन नियमो का पालन करने की बात कही गई इसकी पुष्टि करते हुए नावानगर थानाध्यक्ष ने बताया कि आगामी लोक सभा चुनाव को लेकर वाहन जांच किया गया जिसमे कागजातों के अभाव में वाहन चालकों से 55 सौ का जुमार्ना उसूला गया।

### दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में 6 जख्मी

नावानगर (बक्सर) स्थानीय थाना के सेवई टोला गांव में दो पक्षो के बीच मारपीट हो गई मारपीट में कुल छह लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मी डब्लू कुमार, शारदा कुमारी, सुभाष सिंह, त्रिलोकी कुमार, छोटीमुनी देवी व पार्वती देवी का स्थानीय सीएचसी में इलाज कराया गया इसको लेकर दोनों पक्षो द्वारा एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है एक पक्ष के डब्लू कुमार ने सुभाष सिंह, त्रिलोकी कुमार सहित चार लोगों पर मारपीट करने 15 हजार रुपया छीन लेने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराया है।

# रोहतास डीएम-एसपी ने दर्जन भर बूथों का निरीक्षण कर लिया जायजा

## विभिन्न विद्यालय के प्रधानाध्यापक को लगाई फटकार

प्रात: किरण संवाददाता



राजपुर (रोहतास) जिलाधिकारी नवीन कुमार व पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने बुधवार को प्रखण्ड के दर्जन भर बुथ का निरीक्षण कर वस्तु स्थिति का जायजा लिया। साथ ही बूथ वाले सभी स्कूल के प्रधानाध्यापक से बिजली, पानी व शौचालय की जानकारी ली। निरीक्षण करने निकले जिलाधिकारी व एसपी ने सबसे पहले मिडिल स्कूल डिहरी का जांच किया। स्कूल का रंग रौगन मरम्मत का हाल देख प्रधानाध्यापक जितेन्द्र कुमार को कड़ी फटकार लगाते हुए पुछा कि 25 हजार रुपए आपको किस लिए दिया गया था। हैडमास्टर को कड़ी फटकार लगाते हुए यथा शीघ्र उक्त राशि से स्कूल का साफ सफाई, पानी व शौचालय की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। तत्पश्चात बरना हाई स्कूल पहुंचकर जांच किया। मौके पर मौजूद कुछ छात्राओं से नमांकन में लिए गए शुल्क के बारे में जानकारी ली। जिस पर बच्चों ने सच बता दिया। अधिक शुल्क लेने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने प्रधानाध्यापक से पुछताछ की। अपने बचाव में हैडमास्टर बिनोद साह ने नमांकन शुल्क राशि का विवरण दिवाल पर चिपका जाने की बात बताई। वही बच्चों की बात सुन डीएम ने प्रधानाध्यापक को फटकार लगाते हुए पुछा की 420 की जगह 500 रूपए शुल्क क्यों ली गई। क्यों न आपके विरुद्ध कार्रवाई किया जाए ? जिसके बाद डीएम एसपी का काफिला शखरा मिडिल स्कूल पहुंचा, जहां बच्चों को दरी बैठे देख डीएम भड़क उठे। प्रधानाध्यापक को भी दरी पर बैठाकर पुछा कि आपको कैसा लग रहा है. बेंच डेस्क क्यों नहीं है ? जिस पर हैडमास्टर ने चुप्पी साध ली। इस परिपाटी में सुधार लाने का निर्देश दिया। साथ ही मंगरवलिया, अमाडी, सवैया, राजनडीह, धोबडीहा, तरांव सहित दर्जनों बुथ पर पहुंच वहां की जानकारी ली। डीएम ने कहा कि लोकसभा चुनाव को ले आज राजपुर प्रखण्ड के बुथो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान तीन चार स्कूल को छोड़ शेष में स्थित ठीक पाएं गए। जहां गड़बड़ी रहा वहां के एचएम को व्यवस्था सुधारने का निर्देश दिया गया है। वहीं एसपी विनीत कुमार ने मतदाताओं से भय मुक्त हो मतदान करने की बात कही। चुनाव में दादागीरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। स्वेच्छा से इस लोकतंत्र के महान पर्व में भाग अवश्य लें। इस दौरान बिक्रमगंज एसडीएम अनिल बसांक, एसडीपीओ कुमार संजय, बीडीओ रविराज, सीओ अंकिता वर्मा, थानाध्यक्ष शशिभूषण कुमार समेत निर्वाचन कर्मी उपस्थित थे।

# स्नातक परीक्षा में फर्जी परीक्षार्थी को केंद्राधीक्षक ने भेजा जेल

## परीक्षा केंद्र पर मुन्ना भाई और कर्मियों के बीच हुई मारपीट, अंजबित सिंह केंद्र पर दे रहा था दूसरे की जगह परीक्षा

प्रात: किरण संवाददाता




बिक्रमगंज (रोहतास) स्नातक पार्ट थ्री परीक्षा के पांचवे दिन बुधवार को स्थानीय शहर के अंजबित सिंह महाविद्यालय परीक्षा केंद्र पर एक फर्जी परीक्षार्थी को केंद्राधीक्षक ने दबोच पुलिस को सौंप दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अंजबित सिंह महाविद्यालय परीक्षा केंद्र पर 10 अप्रैल बुधवार को संचालित स्नातक पार्ट-थ्री फाइनल परीक्षा के प्रथम पाली में ऑनर्स पेपर भूगोल की विषय की परीक्षा में परीक्षा केंद्र के अंदर एक मूल परीक्षार्थी की जगह एक अन्य दूसरा फर्जी परीक्षार्थी मुन्ना भाई परीक्षा दे रहा था। जिसकी भनक लगते ही परीक्षा केंद्र में तैनात वीक्षक प्रो. शशि भूषण ने इसकी जानकारी केंद्राधीक्षक को दी। जिसके बाद मुन्ना भाई परीक्षा केंद्र से मौका देख भागने लगा। लेकिन परीक्षा केंद्र के मुख्य गेट पर लता बंद देख वह गेट कीपर से ताला खोलने के लिए उलझते हुए मारपीट करने लगा। जहां महाविद्यालय कर्मी प्राचार्य के उपस्थिति में उसकी जमकर पिटाई भी की। इसके बाद केंद्राधीक्षक डॉ. सुधांशु शेखर भास्करम ने उसकी सही जांच कर स्थानीय बिक्रमगंज पुलिस को सूचना देते हुए सौंपा दिया। हालांकि इसकी जानकारी के संबंध में जब मीडिया द्वारा लगातार केंद्राधीक्षक भास्करम को लगातार कॉल करने के बावजूद भी उनके द्वारा कॉल नही उठाया गया। जो कहीं न कहीं उनके द्वारा इसकी जानकारी नहीं देना सवालिया निशान को भी संकेत कर रहा है। दूसरी तरफ इस संबंध में थानाध्यक्ष ललन कुमार से पूछने पर उन्होंने बताया कि बुधवार को अंजबित सिंह महाविद्यालय परीक्षा केंद्राधीक्षक द्वारा भोजपुर जिला के पिरो थाना क्षेत्र के पिलाथ गांव निवासी संतोष कुमार राय के पुत्र आनंद कुमार राय की जगह उसके छोटे पुत्र अजीत कुमार राय के विरुद्ध फर्जी तरीके से परीक्षा देने का प्राथमिकी दर्ज कराया गया। जिसके बाद आरोपी मुन्ना भाई को कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया।

# बजरंगी हत्याकांड के चार अपराधकर्मी गिरफ्तार, एसपी ने प्रेसवार्ता कर दी जानकारी

प्रात: किरण संवाददाता



रोहतास। जिले के धौढाढ़ ओपी क्षेत्र अंतर्गत डिलियाँ नहर पथ पर बीते दिनों एक सीएसपी संचालक बजरंगी कुमार की गोली मारकर हुई हत्या मामले में पुलिस ने छापेमारी कर चार अपराधकमीर्यो को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से पांच देशी कट्टा, एक पिस्तौल, एक सिक्सर, 36 गोली, दो खोखा, दो लैपटॉप, चार मोबाइल समेत गैस कटर, गैस पाइप, वॉकी टॉकी एवं गैस सिलेंडर भी बरामद किया है। जिससे इनके दुकान एवं एटीएम आदि में भी लूटपाट करने की संलिप्तता प्रतीत होती है। मामले में एक प्रेसवार्ता के दौरान एसपी विनीत कुमार ने बताया कि धौढाढ़ ओपी क्षेत्र में बीते होलिका दहन के दिन एक सीएसपी संचालक बजरंगी कुमार को अपराधकर्मियों द्वारा लूटपाट के क्रम में गोली मारकर घायल कर दिया गया था। तथा बीते रात उसकी मौत हो गई थी। रोहतास पुलिस ने इस पूरे मामले को गंभीरता से लिया तथा सदर डीएसपी दिलीप कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर लगातार छापेमारी की जा रही थी। उन्होंने बताया कि अपराध में शामिल बिट्टू पासवान, हेमंत कुमार एवं योगेश कुमार को मुफस्सिल थानाक्षेत्र के महदीगंज से एक किराए के मकान से गिरफ्तार किया गया है। जिनके पास से पांच देशी कट्टा, एक पिस्तौल, एक सिक्सर, 36 जिंदा गोली, दो खोखा, दो लैपटॉप, वॉकी-टॉकी सहित दुकान व एटीएम तोड़ने के सामान भी बरामद हुए हैं। वहीं इनकी निशानदेही पर धौढाढ़ ओपी क्षेत्र के मेदिनीपुर गांव निवासी मनोरंजन कुमार को भी उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। जो इस पूरे मामले में लाइनर की भूमिका में था। एसपी ने बताया कि इस अपराध में शामिल सभी अपराधी अंतर जिला गिरोह के सदस्य हैं तथा सभी के विरुद्ध राज्य के अलग-अलग जिलों में भी लूट, डकैती समेत कई संगीन मामले दर्ज है। सभी आरोपियों द्वारा मामले में अपनी संलिपिता स्वीकार की गई है तथा सभी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रेस वार्ता के दौरान सदर डीएसपी दिलीप कुमार, नगर थाना अध्यक्ष राजीव रंजन राय सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# हिना शहाब बनीं अवध बिहारी चौधरी की राह का रोड़ा

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने राजद पर तंज कसते हुए कहा कि राजद की स्थिति द्वुविधा में दोनों गए, माया मिली रामह्ल जैसी हो गई है। सीवान लोकसभा सीट इसका जीता-जागता उदाहरण है। यहां राजद तय नहीं कर पा रहा कि टिकट किसे दें। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता श्री मिश्र ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राजद तुष्टीकरण के लिए कितना नीचे गिरेगा, इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती।

तुष्टीकरण के लिए राजद अपनों की राजनीतिक हत्या कर रहा है। सीवान में जो कुछ हो रहा, वह खासा निराशाजनक है। पहले बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी को सीवान से टिकट देने का आश्वासन दिया गया। वे वहां तामझाम के साथ जनसंपर्क भी करने लगे। लोगों के सामने ऐलान भी कर दिया कि सीवान से वही महागठबंधन के उम्मीदवार होंगे। लेकिन मंगलवार की शाम जब राजद ने 23 में से 22 सीटों पर उम्मीदवार के नाम का ऐलान कर दिया, तो सिवान को रोक लिया गया। कारण यह है कि लालू के खासमखास रहे शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब सिवान से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने पर अड़ी हैं। श्री मिश्र ने कहा कि शहाब इन दिनों राजद के शीर्ष नेतृत्व से नाराज हैं। ऐसे में राजद के शीर्ष नेता को हिम्मत नहीं है कि वह हिना को नाराज रखें। बहरहाल, यह तय है कि अवध बिहारी चौधरी बलि का बकरा बनेंगे। अब कम से कम राजद के अंध भक्तों की आंखें तो खुल जानी चाहिए।

# लोकसभा चुनाव के तहत इंद्रपुरी पुलिस ने चलाया सघन जांच अभियान



प्रात: किरण संवाददाता

डेहरी (रोहतास) लोकसभा चुनाव के मद्देनजर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर बुधवार को इंद्रपुरी थाना पुलिस के द्वारा गहन वहान चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान डिहरी डीएसपी शुभांक मिश्रा ने सघन निरीक्षक करते हुए इंद्रपुरी थानाध्यक्ष मनीष कुमार को विशेष दिशा-निर्देश दिया। जिसका पालन करते हुए थानाध्यक्ष ने थाना क्षेत्र के विभिन्न मुख्य मार्ग में सघन वाहन जांच अभियान पुलिस बल के साथ चलाया जा रहा। इस दौरान सड़क से गुजरने वाले सभी दो पहिया वाहनों तथा चार पहिया वाहनों की सघन तलाशी ली गई। हालांकि इस दौरान किसी भी वाहन से कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इस मौके पर थानाध्यक्ष ने बताया कि होने वाली लोकसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से प्रतिदिन सघन वाहन जांच अभियान चलाया जाएगा। साथ ही आपराधिक गतिविधियों पर भी पैनी नजर रखा जा रहा है।

# विदेशी वर्ष पर कैसा हर्ष, आओ मनाएं भारतीय नव वर्ष

प्रात: किरण संवाददाता



कैमूर। विद्या भारती विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर बंदीपुर रामगढ़ कैमुर के छात्राओं द्वारा लोगों को माथे पर तिलक लगाकर, स्व हस्तनिर्मित कार्ड वितरण कर चैत्र शुक्ल वर्ष प्रतिपदा विक्रमी संवत 2081 भारतीय नूतन वर्ष मनाया गया। शांति और सुख मिले सभी को सबका जीवन मंगलमय हो एवम पूरे वर्ष भर समस्त प्राणियों को स्वस्थ रखने के लिए मां शैलपुत्री से प्रार्थना किए गए। विद्यालय परिवार की ओर से रामगढ़ में अवस्थित सभी बैंक, डाकघर, थाना, रेफरल अस्पताल, प्रखंड कार्यालय के समस्त कर्मचारियों एवं सभी व्यवसायियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामना दिया गया। इस कार्यक्रम के प्रमुख विद्यालय के आचार्या कृष्ण लता कुमारी आशा यादव किरण कुमारी तथा विद्यालय की बहने अनुष्का अवनी आराध्या दिव्या आरती अंतिम साक्षी योगेश्वरी वंदना इत्यादि बहनों के द्वारा प्रधानाचार्य श्री राजीव रंजन के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

# अवैध कीटनाशक दुकान से किसान हो रहे हैं ठगी का शिकार

काराकाट (रोहतास) काराकाट प्रखंड के बाजार और ग्रामीण इलाकों में बिना लाइसेंस की दुकानों से घटिया बीज और कीटनाशक बेचा जा रहा है। किसान दिनदहाड़े ठगी का शिकार हो रहे है। दुकानदारों ने न तो दुकान के बाहर रेट बोर्ड लगाया है और न हीं वह किसी प्रकार का बिल ही किसानों को दे रहे हैं। कृषि विभाग के आंकड़ों को मानें तो प्रखंड में 25 बीज दुकान के लाइसेंस और मात्र 3 अधिकृत बीज कंपनियों के डीलर हैं। इन्हीं डीलरों के माध्यम से दुकानों पर बीज, रासायनिक खाद व कीटनाशक दवाओं की आपूर्ति होती है। जिसे दुकानदार किसानों को बेचते हैं। डीलर व दुकानदारों को बिक्री करने के लिए कृषि विभाग लाइसेंस जारी करता है। मौजूदा समय में काराकाट प्रखंड के अमौना, गोड़ारी, करूप सहित विभिन्न बाजारों और गांवों में अवैध रूप से कई डीलर व दुकानदार बीज, रासायनिक खाद, कीटनाशक सहित कृषि कार्य के उपकरण खुलेआम बेच रहे हैं। दुकानों पर रेट बोर्ड न लगाकर किसानों से बीज और कीटनाशक खरीद पर मनमर्जी दाम वसूल रहे हैं।

# डिहरी में अभिनव कला संगम द्वारा श्रद्धांजलि सभा का किया गया आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता




रोहतास। जिले की अग्रणी सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था अभिनव कला संगम द्वारा बीती संध्या डिहरी के स्टेशन रोड स्थित एक व्यावसायिक प्रतिष्ठान में (होटल) एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। बताते चले जिले के सम्मानित पत्रकार सप्ताहिक दैनिक पत्रिका तूफान के संपादक रह चुके गया प्रसाद जी की मृत्यु 99 वर्ष की उम्र में हो गई। वहीं दूसरी ओर आगलगी में परिवार के 06 सदस्यों की मृत्यु हो गई। यह घटना कच्छवा थानाक्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव की बताई जा रहीं हैं यह खबर जिले के लिए बहुत ही दुखद रहा इससे आहत जिले की सामाजिक संचेतना का प्रतिनिधि मंच के रूप में जाना जाने वाला संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने मृत आत्मा की शांति एवं परिजनों को मजबूती प्रदान करने के लिए श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर ईश्वर से प्रार्थना किया। वहीं दो मिनट का मौन रख मृत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में अभिनव कला संगम के निदेशक संजय सिंह वाला अध्यक्ष मोहम्मद वारिस अली, कोषाध्यक्ष रवि तिवारी, संतोष सिंह, विजय चौरसिया, शादाब सिद्दीकी, कलाम हाशमी, प्रेम प्रकाश, मुकेश राज, विजयवंशी, संतोष चंद्रवंशी, पिंटू जी, जीतू सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# भोजपुर में गैस रिसाव हो जाने के कारण युवक झुलसा

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। शहर के टाउन थाना क्षेत्र के नजीरगंज मोहल्ले में बुधवार की दोपहर ग्राइंडर मशीन की चपेट में आने से एक पलंबर मिस्त्री गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद वह मौजूद साथी मजदूरों द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार घायल युवक बिहिया थाना क्षेत्र के भुआलदास पिपरा जगदीश गांव निवासी एक राम पासवान का 25 वर्षीय पुत्र जितेंद्र कुमार है। इधर जितेंद्र कुमार ने बताया कि वह पलंबर का काम करने के लिए बुधवार की सुबह नजीरगंज मोहल्ले में आया था। बुधवार के दोपहर जब वह ग्राइंडर मशीन से पाइप काट रहा था। उसी दौरान ग्राइंडर मशीन उसके हाथों से छटक कर उसके सीने पर जा लगा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद साथी मजदूरों द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया।

# जंगल क्षेत्र में आग लगने से मची अफरा-तफरी

रोहतास। जिला के मांझर कुंड के पहाड़ी जंगली इलाके में अचानक भीषण आग लग गई। इस आग लगी की घटना में सैकड़ो से अधिक पहाड़ी जंगल में लगे पेड़ पौधे जलकर राख हो गए। रोहतास जिला वन विभाग के क्षेत्र में लगी इस आग से पहाड़ी इलाकों में अपरा तफरी मचा रहा। आग देखते ही देखते भयावह रूप ले लिया। लेकिन वन विभाग के कर्मी आग लगी की घटना के तीन घंटा तक कोई शुद्धि नहीं ली। जिससे आम जनों में वन विभाग के प्रति आक्रोश है। लोगों का कहना है कि वन विभाग इस आग लगी की घटना को रोकने का प्रयास नहीं किया। जिससे आग की लपेट बढ़ती गई और जंगली पहाड़ी क्षेत्र में पेड़ पौधे को अपने आगोश में ले लिया। काफी देर के बाद पहुंची वन विभाग की टीम ने आग पर काबू पाने का प्रयास में जुटी है। लेकिन अब तक पूर्ण रूप से आग पर काबू नहीं पाया गया है।

# ईद व रामनवमी पर्व पर थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

काराकाट (रोहतास) काराकाट थाना परिसर में बुधवार को ईद व रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। शांति समिति की बैठक का नेतृत्व थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने किया। थानाध्यक्ष ने शांति समिति कि बैठक में जनप्रतिनिधियों को क्षेत्र में उन स्थानों को चिन्हित कर पुलिस प्रशासन सूचना देने की बात कही। और असमाजिक तत्वों पर नजर रखने तथा संवेदनशील स्थानों को चिन्हीत करने का आग्रह किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि अति संवेदनशील व संवेदनशील स्थानों पर दण्डाधिकारियों व मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति ईद व रामनवमी पर्व को लेकर किया जा चुका है। प्रमुख प्रतिनिधि नरायण पासवान ने कहा कि क्षेत्र में शराब की बिक्री में भारी बढ़ोतरी हो गई है। इस पर थानाध्यक्ष ने संज्ञान लेने आश्वान दिया। थानाध्यक्ष ने जनप्रतिनिधियों से लोक सभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता का पालन हर हाल में हो इसपर विशेष आग्रह किया। जनप्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकताओं ने आश्वस्त किया कि इसका पालन किया जाएगा। ईद व रामनवमी पर डीजे बजाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। अगर प्रतिबंध के बावजूद कोई भी डीजे संचालक डीजे बजाते है तो सख्त कानूनी कारवाई की जाएगी। मौके पर जनार्दन यादव, जय शंकर पटेल, अजय साह जितेंद्र पाल सहित कई जनप्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विद्यालय के मनमानी के विरुद्ध छात्रों ने जमकर बवाल

नावानगर (बक्सर) प्रखंड के बुनियादी विद्यालय आथर के छात्र-छात्राओं ने परीक्षा फल नहीं मिलने, प्राप्तांक कम अंकित करने, नाम पंजी बही से गायब करने सहित अन्य कई समस्याओं को लेकर जमकर बवाल काटा। जहां विद्यालय में अफरा तफरी का माहौल रहा। इसे लेकर छात्र छात्राओं ने पंचायत के मुखिया रेखा देवी के पास पहुंचकर गुहार लगाया। जहां मुखिया ने बीडीओ, डीपीओ, बीपीएम सहित अन्य को सूचना देकर मामले को संज्ञान में लेने को कहा। छात्र छात्राओं ने गुहार लगाते कक्षा 5 की काजल कुमारी ने बताया कि मेरा परीक्षाफल 40 आया है जबकि मेरे एक वर्ग में जो बच्चा कभी उपस्थित नहीं होता है और शिक्षक के लड़के है उनका प्राप्तांक अधिक दिया गया है।

जबकि नामांकित उस शिक्षक के बच्चे एक दिन भी विद्यालय नही आते है। वर्ग 7 की अंजलि कुमारी कहती है कि मेरे रिपोर्ट कार्ड में अभिभावक का नाम गलत है जिसको सुधार के लिए कहने पर हमारी शिक्षिका भगा दी और खर्च बर्च पापा से कराने की बात कही। अंजली कुमारी वर्ग 7 की गुहार लगाते कही कि शौचालय का चाभी मांगने पर गुस्से से लाल प्रधानाध्यापिका मेरे परीक्षा फल पत्रक पर कई जगह ओवर राइटिंग करती है वही वर्ग 7 की रंजू कुमारी कहती है कि बेंच डेस्क टूटा होने का शिकायत, मध्यान भोजन अच्छा नहीं रहने की शिकायत करने के कारण मेरे परीक्षा प्राप्तांक को कम कर दिया गया है और हमारे बगल की हमारे साथ कभी स्कूल नहीं आने वाले को पूरा पूरा नंबर दे दिया गया है क्योंकि वह एक शिक्षक के बच्चे है जो निजी स्कूल में पढ़ते है वही वर्ग 7 की अनु कुमारी बताती है कि घर से अपने निजी पैसे से खली डस्टर नहीं लाने पर मेरे परीक्षा प्राप्तांक को बहुत ही ज्यादा कम कर दिया गया है आगे अनु कुमारी कहती है कि मैं दो बार विद्यालय में अपने निजी पैसे से खरीद कर खली डस्टर दे चुकी हूं बावजूद मेरा प्राप्तांक को कम कर दिया गया है कक्षा 4 की निशा कुमारी कहती है कि छात्रवृति नहीं मिलने पर इसकी गुहार बार बार लगाने के बावजूद छात्रवृति मांगने पर गुस्साई मेरा प्राप्तांक को बहुत ही कम कर दिया गया है। वही कक्षा 5 की सुनीता कुमारी बताती हैं कि मेरा परीक्षा प्राप्तांक विद्यालय से दिया ही नहीं गया है जबकि मैं परीक्षा में शामिल होकर परीक्षा दी हूं वही कक्षा चार को लभली कुमारी कहती है कि मेरे द्वारा परीक्षा दिए जाने के बाद भी मुझे रिजल्ट नहीं दिया गया वही आरती विनय, रानी, विमल, प्रियंका सहित अन्य दर्जनों छात्र छात्राओं का आक्रोश था कि मुझे विद्यालय से न कोई किताब मिला। न परीक्षा फल अच्छा दिया गया। बहरहाल मामला जो भी हो मुखिया के पास छात्र छात्रा इतने उग्र थे कि विद्यालय की प्रधानाध्यापिका चंद्रावती देवी पर सारा दोष मढ़ते शिक्षकों को वर्ग में पढ़ाने के लिए नहीं भेजने, शौचालय का प्रयोग सिर्फ शिक्षक शिक्षिका द्वारा करने और उसमे ताला जड़कर रखने, छात्रवृति नहीं मिलने, बेच डेस्क टूटा होने शिकायत करने पर भी उसका समुचित समाधान नहीं करने की दोषारोपण करने की मुखिया के पास जमकर बवाल काटा बीपीएम, मुखिया रेखा देवी ने विद्यालय पहुंच मामला का जांच पड़ताल किया और छात्र छात्राओं को मिले परीक्षा फल पत्रक को अपने कब्जे में लेकर जांच करने का आश्वासन दिया।

# इंद्रपुरी थाना में पर्व और चुनाव को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



डेहरी (रोहतास) रामनवमी और ईद पर्व सहित लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा चुनाव 2024 के मद्येनजर विधि व्यवस्था को बनाए रखने के लिए इंद्रपुरी थाना परिसर में पुलिस-पब्लिक के बीच शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसको लेकर पुलिस- पब्लिक की बैठक में मनचलों पर पुलिस की पैनी नजर रहने की बात कही गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने कहा कि आपसी मतभेद को भुलाकर स्वच्छ एवं स्वस्थ माहौल में मनाने वाला ईद और रामनवमी पर्व है। जिसके लिए पुलिस क्षेत्र में शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण कायम करने के लिए तत्पर है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि अलग-अलग संवेदनशील जगहों पर पुलिस बल की तैनाती रहेगी। बैठक में उपस्थित लोगों ने बताया कि इलाके में मनचले युवाओं की मटर गस्ती निरंतर बढ़ रही है। जिससे सभ्य परिवार के लोग भयभीत रहते हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने कहा कि पुलिस गश्ती और तेज किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने अपराधी प्रवृति के लोगों पर नकेल कसने के लिए लोगों से सहयोग करने का अपील किया। इस अवसर पर थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी सहित अन्य लोग उपस्थित थें।

# लड़की का गलत वीडियो दिखाकर जालसाजी करने के मामले में थाना में दिया गया आवेदन

भभुआ। थाना क्षेत्र के कोहारी गांव में एक लड़का को लड़की का गलत वीडियो दिखाकर जालसाजी करने के मामले में थाना में आवेदन दिया गया है। दिए गए आवेदन में भभुआ थाना क्षेत्र के कोहारी गांव निवासी सत्येंद्र हजाम ने बताया कि 9 अप्रैल 2024 को एक अनजान नंबर से व्हाट्सएप मैसेज आया उसमें एक लड़की का गलत वीडियो दिखाया गया। जब मैं चैट के माध्यम से उसका विरोध किया तो अगले दिन दूसरे अनजान नंबर से कॉल आया और कहा गया कि मैं पटना से बोल रहा हूं तुम गलत हरकत किया है तुम्हें अरेस्ट करूंगा। जो मुझे जालसाजी के तहत फसाया जा रहा है। इस मामले को लेकर सदर थाना पर आवेदन देकर कार्रवाई करने को लेकर मांग किया है।

# दहेज हत्याकांड के आरोपी को जेल

नावानगर (बक्सर) सिकरौल थानाध्यक्ष बीरेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस ने हरोजा गांव में छापेमारी किया छापेमारी में दहेज हत्या कांड के आरोपी मृतका के पति मुन्ना सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत 5 मार्च को हरोजा गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई थी जिसको लेकर मृतका पूजा देवी की बहन कुशुम देवी ने सास, ससुर व पति पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी के बाद से पति फरार चल रहा था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



# रामायण के लिए हार्डकोर ट्रेनिंग ले रहे हैं रणबीर

बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर जल्द अपनी अगली फिल्म 'रामायण' की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। इन दिनों वे नितेश तिवारी निर्देशित इस फिल्म के लिए ट्रेनिंग कर रहे हैं। एक्टर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है जिसमें वो ट्रेनिंग करते नजर आ रहे हैं। यह वीडियो रणबीर के कोरियन ट्रेनर नैम ने शेयर किया है। इसमें रणबीर के अलावा उनकी बेटी राहा और वाइफ आलिया भी नजर आ रही हैं। नैम ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें रणबीर हार्डकोर ट्रेनिंग करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में एक्टर कार्टव्हील्स, वेट लिफ्टिंग, जॉगिंग, कोर एक्सरसाइज और स्विमिंग के अलावा हाइक करते भी दिख रहे हैं।

फैंस बोले– राम जी का किरदार सही हाथों में इस वायरल वीडियो के कमेंट सेक्शन में फैंस एक्टर की जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'बीस्ट मोड'। वहीं एक अन्य यूजर ने कमेंट किया, 'राम जी का किरदार अच्छे हाथों में है। रामायण के लिए इंतजार नहीं कर सकते।' फैंस ने इस वीडियो में राहा और आलिया को भी स्पॉट कर लिया है। इससे पहले भी नैम ने रणबीर की एक फोटो शेयर की थी जिसमें एक्टर हेडस्टैंड करते नजर आए थे। नैम ने बताया था कि यह एक्टर का पहला हेडस्टैंड है।

# फिल्मों के फ्लॉप होने से अक्षय को नहीं पड़ता फर्क

फिल्म बड़े मियां छोटे मियां की रिलीज का इंतजार कर रहे अक्षय कुमार ने हाल ही में जीवन में निराशा और फिल्मों के बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन को लेकर बात की। एक्टर ने कहा– एक बार जब मैं निराश होकर अपने घर के बाहर गया। और जब अपनी कार का कलेक्शन देखा तो मेरी निराशा दूर हो गई। अक्षय कुमार अपनी फिटनेस और अनुशासित जीवन का श्रेय अपने मेंटल हेल्थ को देते हैं। वह कहते हैं, मेंटल हेल्थ मुझे टेंशन से मुक्ति देता है। एक बार मैं निराश होकर घर पहुंचा तो देखा मेरे पास तो पांच गाडियां है। मैं कैसे निराश हो सकता हूं। मैंने खुद से ही कहा कि लानत है, मेरे पास तो पांच गाडियां है, तो कैसे निराश हो सकता हूं। अक्षय कुमार ने बीते दिनों को याद करते हुए कहा– एक समय था जब मेरे पास कुछ भी नहीं था। एक्टर बनने से पहले लोगों के घरों में कराटे सिखाने बस से ट्रेवल करता था। मेरे पास कमाने का सिर्फ वही एक जरिया था। अब जब मेरे पास सब कुछ है तो निराश होने का कोई कारण नहीं है। मैं अपने पैसे का आनंद लेता हूं और मेरे लिए इसका मतलब अपने परिवार के साथ छुट्टियां मनाना है। अक्षय कुमार ने अपनी फिल्मों के प्रदर्शन पर बातचीत करते हुए कहा कि अपनी फिल्मों के अच्छा प्रदर्शन नहीं करने पर तनाव में नहीं रहते हैं।





# तापसी पन्नू ने बताई सीक्रेट वेडिंग की वजह

तापसी पन्नू इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म फिर आई हसीन दिलरुबा को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। साथ ही साथ उनकी निजी जिंदगी भी इन दिनों चर्चा का सबब बनी हुई है। पिछले दिनों अभिनेत्री की ऑनलाइन तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल भी हुई थीं। अब तापसी ने शादी की खबरों पर चुप्पी तोड़ी है और वायरल तस्वीरों के पीछे का सच भी बताया है। अभिनेत्री तापसी पन्नू ने 22 मार्च को उदयपुर में अपने बॉयफ्रेंड मैथियास बो के साथ एक भव्य समारोह में शादी कर ली थी। उन्होंने अभी तक शादी की आधिकारिक तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर साझा नहीं की हैं, लेकिन उनके प्रशंसक यह जानकर निराश होंगे कि अभिनेत्री की समारोहों की कोई झलक ऑनलाइन साझा करने की योजना नहीं है। अब तापसी ने अपनी शादी पर चुप्पी तोड़ते हुए कहा है, मुझे नहीं पता है कि क्या मैं अपने निजी जीवन उस तरह से पब्लिक के बीच लाना चाहती हूं, जैसा कि होता है। मैंने इस तरह की जिंदगी को चुना है। मेरे पार्टनर और शादी में आए लोगों ने नहीं। इसीलिए मैंने इसे सीक्रेट रखा। इसे कभी भी सीक्रेट रखने का इरादा नहीं था। मैं इसे सार्वजनिक नहीं बनाना चाहती थी। अभिनेत्री ने आगे कहा कि वह अपनी शादी की तस्वीरें ऑनलाइन अपलोड करने की योजना नहीं बना रही है क्योंकि वह इसके लिए मानसिक रूप से तैयार नहीं हैं। उन्होंने साझा किया, मैं जानती थी कि जो लोग वहां थे, वे मेरे लिए वहां रहना चाहते थे और निर्णय लेने के लिए मौजूद नहीं थे। इसलिए मैं बेफिक्र थी। अभिनेत्री शायद अपनी शादी की तस्वीरें और वीडियो ऑनलाइन साझा नहीं करना चाहेंगी, लेकिन मेहमानों द्वारा पोस्ट किए गए कई तस्वीरें और वीडियोज पहले ही वायरल हो चुके हैं। हालांकि, अब अपनी शादी कंफर्म कर के तापसी ने अपने फैंस को खुशखबरी दे दी है।



# प्रीति जिंटा ने क्रू को बताया हंसी का पिटारा

करीना कपूर खान, तब्बू और कृति सेनन इन दिनों लगातार सुर्खियों में हैं। उनकी फिल्म क्रू को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर तो धमाल मचा ही रही है। साथ ही, इसे इंडस्ट्री के लोग भी काफी ज्यादा पसंद कर रहे हैं। अब इस लिस्ट में प्रीति जिंटा का नाम भी जुड़ गया है। हाल ही में अभिनेत्री ने इस फिल्म को देखकर सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया दी। फिल्म की समीक्षा करते हुए प्रीति ने बताया कि क्रू हंसी का पिटारा है। उन्होंने फिल्म के निर्माण और सफलता के लिए पूरी टीम को बधाई दी। साथ ही, उन्होंने फिल्म की तीनों अभिनेत्रियों को सुपर टैलेंटेड और खूबसूरत भी करार दिया। उन्होंने लिखा, तब्बू, करीना कपूर खान और कृति सेनन की सुपर टैलेंटेड और खूबसूरत तिकड़ी वाली फिल्म क्रू को थिएटर में देखकर बहुत अच्छा लगा। फिल्म के हर एक पल का खूब आनंद लिया। इस फिल्म के लिए पूरी टीम को बधाई। यह सचमुच देखने लायक है। इससे पहले अर्जुन कपूर ने भी अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म और इसके कलाकारों की प्रशंसा की थी। फिल्म क्रू के कलेक्शन की बात करें तो फिल्म टिकट खिड़की पर जबर्दस्त कमाई कर रही है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक फिल्म ने 11वें दिन एक करोड़ 75 लाख रुपये का बिजनेस किया है। इसके साथ ही फिल्म की कुल कमाई अब 60 करोड़ रुपये हो गई है। तीनों अभिनेत्रियों के अलावा इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ और कपिल शर्मा ने भी अहम भूमिकाएं निभाई हैं।



# मैदान की बड़े मियां छोटे मियां से तुलना पर प्रियामणि ने दिया जवाब

बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की फिल्म मैदान रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार है। फिल्म के रिलीज होते ही दर्शकों का लंबा इंतजार भी खत्म हो जाएगा। निर्माताओं ने इस फिल्म को बनाने में खूब पैसे खर्च किए हैं। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कारोबार करेगी। वहीं, दूसरी ओर इसका मुकाबला अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां से होने जा रहा है। अब देखना होगा कि कौन सी फिल्म ज्यादा कमाई करने में कामयाब होगी। मैदान में अजय देवगन के किरदार की पत्नी का किरदार निभा रही अभिनेत्री प्रियामणि ने इसकी तुलना बड़े मियां छोटे मियां से किए जाने पर बात की हैं। अक्षय और टाइगर की फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन भी काम कर रहे हैं। उन्होंने प्रियामणि के साथ कई फिल्मों में काम किया है। अब प्रियामणि और पृथ्वीराज की फिल्में एक–दूसरे को बॉक्स ऑफिस पर टक्कर देने जा रही है। ऐसे में अभिनेत्री प्रियामणि ने कहा कि उनके और पृथ्वीराज के बीच फिल्म की टक्कर को लेकर कोई बात नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि वे पृथ्वीराज को खलनायक की भूमिका में देखने के लिए काफी उतावली है। अभिनेत्री ने आगे कहा कि वे जानती हैं कि पृथ्वीराज ने फिल्म में दमदार काम किया है।




# संदीप सिंह के वेब शो आम्रपाली में नजर आएंगी अंकिता लोखंडे

अभिनेत्री अंकिता लोखंडे के सितारे बुलंदियों पर हैं। इन दिनों फिल्म स्वातंर्त्य वीर सावरकर में अपनी भूमिका के लिए वह खूब तारीफें बटोर रही हैं। इस बीच उनके वेब शो का भी एलान हो गया है। अंकिता संदीप सिंह के वेब शो में नजर आएंगी। इसमें वह आम्रपाली की भूमिका निभाएंगी। शो से आज उनके लुक का खुलासा हो गया है। निर्देशक संदीप सिंह ने सोशल मीडिया पोस्ट साझा कर शो के बारे में जानकारी दी है। इस शो का नाम आम्रपाली है। यह शो आम्रपाली पर आधारित है, जिसे वैशाली की नगर वधू बना दिया गया। इस सीरीज में आम्रपाली के शाही नगरवधू से बौद्ध नन बनने तक की यात्रा को पेश किया जाएगा। इस यात्रा में आम्रपाली को कैसा महसूस हुआ, वह अनुभव और भावनाएं दिखाई जाएंगी। संदीप सिंह ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट साझा कर लिखा है, आम्रपाली के रूप में अंकिता लोखंडे का लुक। वह वेब सीरीज आम्रपाली में नगरवधू की कहानी को पेश करेंगी। भावनाओं और चुनौतियों से भरी आम्रपाली की यात्रा को दिखाएंगी। फिल्म स्वातंर्त्य वीर सावरकर के सह निर्माता संदीप सिंह ने अंकिता की जमकर तारीफ की है। वहीं अंकिता लोखंडे का कहना है, मुझे स्वातंर्त्य वीर सावरकर में यमुनाबाई की भूमिका के लिए दुनियाभर से तारीफें मिली हैं। मुझे मजबूत किरदारों वाली फिल्मों के ऑफर मिल रहे हैं। लेकिन, मुझे सूझबूझ से चुनाव करना है। स्वातंर्त्य वीर सावरकर के बाद अब आम्रपाली में नजर आऊंगी। इसके बाद जल्द ही कुछ और शानदार प्रोजेक्ट्स का चयन होगा।

# स्पाई यूनिवर्स की फीमेल लीड फिल्म में होंगे अनिल कपूर

यशराज प्रोडक्शन के स्पाई यूनिवर्स की सातवीं फिल्म की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। ये स्पाई यूनिवर्स की पहली फीमेल लीड फिल्म होगी, जिसमें आलिया भट्ट लीड रोल में हैं। अब इस फिल्म में अनिल कपूर की एंट्री भी हो चुकी है। वो फिल्म में रॉ चीफ की भूमिका निभाने वाले हैं। हाल ही में आई रिपोर्ट में फिल्म से जुड़े सूत्र के हवाले से लिखा गया है, अनिल कपूर यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बन चुके हैं। अनिल चर्चित फिल्म में रॉ चीफ के किरदार में नजर आएंगे। वो इस सीरीज में टाइगर फ्रैंचाइजी में रॉ चीफ बने गिरीश कर्नाड को रिप्लेस कर रहे हैं। बताते चलें कि साल 2019 में गिरीश कर्नाड का निधन हो चुका है।

एक था टाइगर, टाइगर जिंदा है, वॉर, पठान, टाइगर–3 और वॉर–2 के बाद अपकमिंग अनटाइटल फिल्म इस स्पाई यूनिवर्स की सातवीं फिल्म है। इस फिल्म में आलिया के साथ बंटी और बबली 2 से डेब्यू करने वालीं शरवरी वाघ लीड रोल में नजर आएंगी। इस फिल्म को शिव रवैल डायरेक्ट करने वाले हैं, जिसे अगले साल 2025 में रिलीज किया जा सकता है। फिलहाल फिल्म का टाइटल तय नहीं किया गया है। फीमेल लीड फिल्म के साथ ही यशराज प्रोडक्शन के स्पाई यूनिवर्स की दो और फिल्में अनाउंस की जा चुकी हैं। इनमें से पहली फिल्म पठान– 2 होगी, जो 2023 की ब्लॉकबस्टर फिल्म पठान की सीक्वल फिल्म है। इस फिल्म में शाहरुख खान लीड रोल में हैं। जबकि दूसरी फिल्म टाइगर वर्सेस पठान होगी। इस फिल्म में सलमान और शाहरुख दोनों लीड रोल में नजर आने वाले हैं। अनिल कपूर की फिल्मों की बात करें तो आखिरी बार वो फाइटर में नजर आए हैं। इससे पहले अनिल कपूर फिल्म एनिमल के लिए चर्चा में बने हुए थे। वहीं आलिया भट्ट की अपकमिंग फिल्मों में जिगरा, ब्रह्मास्त्र–2 शामिल हैं।



# ओटीटी ने सिनेमा को दर्शकों के हाथ में पहुंचा दिया

**अश्मित पटेल कई बॉलीवुड फल्मों में नजर आ चुके हैं। उन्होंने 2003 में इंतहा फिल्म से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। वो मर्डर, जय हो जैसी फिल्मों में नजर आ चुके हैं। उन्होंने रिएलिटी शो बिग बॉस 4 में भी हिस्सा लिया था। अब वो वेब सीरीज से वापसी कर रहे हैं।**

### स्क्रिप्ट लिखूंगा तो ही डायरेक्शन करूंगा

यह सच है कि मैंने असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर अपनी शुरुआत की थी, लेकिन अब मुझे लगता है कि डायरेक्शन मेरे बस का है नहीं। अगर कभी डायरेक्शन का मौका मिला तो सबसे पहले खुद एक स्क्रिप्ट लिखूंगा। अगर अच्छी स्क्रिप्ट लिखी तो उसको ही डायरेक्टर करूंगा। अभी मुझे पता नहीं कि क्या करूंगा लेकिन क्रिएटिव फील्ड में कुछ ना कुछ तो करता ही रहूंगा। इसके अलावा अपना बिजनेस तो करना ही है।

### नेगेटिव किरदार पसंद हैं

मैंने फिल्म फाइट क्लब में दिनेश का रोल किया था, जो बेहद खतरनाक था। आज भी उस किरदार को लोग याद रखते हैं। यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भले ना चली हो लेकिन टीवी पर बहुत पसंद की गई। सिर्फ यही नहीं, मेरी पहली फिल्म इंतेहा में भी मेरा रोल ग्रे शेड वाला था। नेगेटिव किरदार करने से मुझे कोई परहेज नहीं। अगर मेरे पास कोई अच्छा और दमदार निगेटिव किरदार आता है तो मैं जरूर करूंगा।

### कंट्रोवर्सी से नुकसान तो होता ही है

मेरा मानना है कि कंट्रोवर्सी से शायद ही फायदा मिलता हो। सिर्फ नुकसान ही होता है। मेरे साथ भी यही हुआ। आज से 15 साल पहले मेरे साथ कई ऐसी घटनाएं हुईं। मुझे लगता है कि उससे नुकसान हुआ लेकिन कितना हुआ, इसका अंदाजा कभी लगाया नहीं। उस वक्त सोशल मीडिया इतना पॉपुलर नहीं था तो सुबह की खबर ही शाम तक चलती थी लेकिन आज ऐसा नहीं है। न्यूज का प्लेटफॉर्म काफी बड़ा हो गया है। सोशल मीडिया पर देश–दुनिया की खबर एक सेकेंड में ही मिल जाती है। अब कोई खबर का सर्कल 24 घंटे का नहीं होता, बस दस मिनट का होता है। एक खबर आई उस पर दस मिनट बहस हुई, फिर दूसरी खबर आ जाती है, लोग उस पर बहस करने लगते हैं। इस वजह से अब गॉसिप और कंट्रोवर्सी ज्यादा समय तक नहीं चलती।

### लोग हर फिल्म थिएटर में नहीं देख सकते

थिएटर में दर्शक वही फिल्म देखने जाते हैं, जो बहुत ऐक्शन वाली होती है या फिर ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर बनती है। लार्जर देन लाइफ फिल्में ही थिएटर में ज्यादा चलती हैं। ओटीटी के आने से जो कम बजट की फिल्में हैं, वो भी दर्शकों तक पहुंच रही हैं। कई ऐसी फिल्में हैं, जो थिएटर पर इतनी नहीं चलीं, जितनी ओटीटी पर देखी गईं। एक और बात, ओटीटी के आने से दर्शकों का फायदा हुआ है, उनको अच्छा कॉन्टेंट देखने को मिल रहा है और फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोगों को काम मिल रहा है। कुल मिलाकर, ओटीटी ने सिनेमा को हर व्यक्ति के हाथ में पहुंचा दिया है।

### किरदार की जगह खुद को सोचकर देखा

बीते दिनों मेरी वेब सीरीज स्टेट वर्सेस आहूजा आई थी। जब मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी तो मुझे बहुत पसंद आई। असल में, यह एक फिल्म स्टार की कहानी है, जिस पर एक ऐसा आरोप लगता है कि उसकी पूरी जिंदगी ही तहस–नहस हो जाती है। मैंने आज तक कभी इस तरह का किरदार नहीं किया और दूसरी बात यह रिलेटेबल भी है क्योंकि जिस दौर से फिल्म का किरदार गुजरता है, उस दौर से मैं असल जिंदगी से गुजर चुका हूं। यूं कहिए कि इस रोल से मैंने खुद को जोड़कर देखा तो मुझे यह चैलेंजिंग रोल लगा। मुझे लगा कि इस किरदार को मैं ही कर सकता हूं इसलिए हां कह दी थी। एक बात और क्लियर कर दूं कि यह किसी भी असल घटना पर आधारित नहीं है। सिर्फ एक फिक्शन फिल्म है।






## संक्षिप्त समाचार

### कृषि मंत्रालय का संकेत: चने के उत्पादन को लेकर कोई चिंता नहीं

**किसानों से एमएसपी पर खरीद शुरू**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने कीमतों पर नियंत्रण रखने और अपनी कल्याणकारी योजनाओं के तहत वितरण करने की मंशा रखने वाले राज्यों की मांग को पूरा करने के लिहाज से बफर स्टॉक बनाने के लिएकिसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर चना खरीदना शुरू कर दिया है। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने मंगलवार को कहा, कृषि मंत्रालय ने



संकेत दिया है कि चने की पैदावार बरकरार है। फिलहाल, उत्पादन को लेकर कोई चिंता नहीं है। रबी विपणन सत्र 2024-25 के लिए चने का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5,440 रुपये प्रति क्विंटल है। सचिव ने कहा, चने की फसल की आवक बढ़ने से मंडी की कीमतें नरम हो गई हैं और एमएसपी स्तर पर पहुंच गई हैं। हमने अभी खरीद अभियान शुरू किया है। उन्होंने कहा, अपनी कल्याणकारी योजनाओं के जरिये वितरण के लिए राज्यों से चने की मांग बढ़ने के साथ अब बफर स्टॉक पर दबाव है। पहले 3-4 राज्य ही कल्याणकारी योजनाओं के लिए बफर स्टॉक से चना लेते थे। अब, 16 राज्य सरकारें पोषण सुरक्षा के लिए बफर स्टॉक से चना खरीद रही हैं।कर्नाटक, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश जैसे चार और राज्यों ने चने के लिए अनुरोध किया है। 15 अप्रैल से स्टॉक की जानकारी दें व्यापारी

केंद्र ने राज्यों को जमाखोरी रोकने का निर्देश दिया है।

### भारत सबसे तेजी से बढ़ता बाजार, 2024-26 में 25 प्रतिशत राजस्व वृद्धि की उम्मीद: ब्रिजस्टोन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जापान की टायर विनिर्माण कंपनी ब्रिजस्टोन को भारत में 2024 से 2026 के बीच राजस्व में 25 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है। भारत कंपनी का वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ने वाला बाजार है। ब्रिजस्टोन इंडिया के प्रबंध निदेशक हिरोशी योशिज़ेन ने कहा, ''आज हमारे कुल वैश्विक खंड में से (भारत में) व्यवसाय का आकार सीमित है। हालांकि, यह वैश्विक स्तर पर हमारा सबसे तेजी से बढ़ने वाला बाजार है। इसलिए भारत में रणनीतिक तौर पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है।

# भारतीय संस्थापकों ने देश से ज्यादा देश के बाहर बनाए यूनिकॉर्न

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 2000 के दशक में स्थापित दुनिया के स्टार्ट-अप की रैंकिंग ग्लोबल यूनिकॉर्न इंडेक्स 2024 के अनुसार, भारतीयों ने किसी भी अन्य देश की तुलना में देश के बाद अधिक यूनिकॉर्न की स्थापना की है। भारतीयों ने भारत के बाहर 109 यूनिकॉर्न की सह-स्थापना की है, जबकि भारत में 67 यूनिकॉर्न हैं।

यूनिकॉर्न मूल रूप से कम से कम एक अरब डॉलर या उससे अधिक के स्टार्टअप हैं और अभी तक सार्वजनिक एक्सचेंज में सूचीबद्ध नहीं हैं। हुरुन रिसर्च इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट के अनुसार, भारत को 67 यूनिकॉर्न के साथ विश्व स्तर पर तीसरे स्थान पर रखा गया है। इनमें ऑन-डिमांड डिलीवरी स्टार्ट-अप स्विगी और फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म ड्रीम 11 शीर्ष पर हैं और इनका वैल्यूएशन आठ-आठ अरब अमरीकी डॉलर है। इसके बाद रेजरपे का नंबर आता है जिसकी मार्केट वैल्यू 7.5 अरब अमरीकी डॉलर है।

रिपोर्ट में कहा गया है, भारतीय संस्थापकों ने किसी भी अन्य देश की तुलना में देश के बाद अधिक यूनिकॉर्न की स्थापना की। भारत के बाहर 109 यूनिकॉर्न की सह-स्थापना की गई, जबकि भारत में 67 यूनिकॉर्न बने। इंडेक्स के अनुसार भारत के बाहर स्थापित यूनिकॉर्न में से उल्लेखनीय रूप से 95 अमेरिका में हैं। वहीं, ब्रिटेन में चार, सिंगापुर में तीन और जर्मनी में दो यूनिकॉर्न स्थापित किए गए हैं। अमेरिका और चीन के बाद यूनिकॉर्न के लिए सबसे सक्रिय शहर लंदन रहा, इसके बाद बेंगलुरु, पेरिस और बर्लिन का नंबर है। रिपोर्ट के अनुसार, टाइगर ग्लोबल, सॉफ्टबैंक और होंगशान के नेतृत्व में दुनिया के सबसे सफल यूनिकॉर्न निवेशकों ने स्टार्टअप और रणनीतिक निवेश के बीच सहजीवी (एक दूसरे पर निर्भर) संबंधों पर प्रकाश डाला। स्टार्टअप में निवेश पर रिपोर्ट



में कहा गया है कि वर्ष 2024 में नए यूनिकॉर्न निवेश में मंदी देखी गई है, खासकर 2021 के सुनहरे दिनों की तुलना में क्योंकि हाल के वर्षों में निवेशकों के लिए निवेश के बाद बाहर निकलना कठिन हो गया है। अमेरिका, भारत और ब्रिटेन में रिकॉर्ड तोड़ने वाले शेयर बाजारों में पर्याप्त यूनिकॉर्न आईपीओ नहीं आए हैं। रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के यूनिकॉर्न की यह सूची व्यक्तियों को नए क्षेत्रों में मूल्य सृजन करने और देशों और शहरों को उनकी भविष्य की अर्थव्यवस्था के लिए यूनिकॉर्न के महत्व को पहचानने के लिए प्रेरित कर सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है, हां, कुछ असफल हो जाएंगे, और जब ऐसा होता है तो पर बड़े पैमाने पर मीडिया का ध्यान उस पर जाता है, जैसा कि भारत में ऑनलाइन शिक्षा प्लेटफॉर्म बायजू के मामले में मीडिया हाइप दिख रही है। पर इसके बावजूद यूनिकॉर्न को नई अर्थव्यवस्था के लिए स्वाभाविक रूप से महत्वपूर्ण माना जाता है।

दुनिया के 53 देशों में यूनिकॉर्न हैं आते हैं, पिछले साल यूनिकॉर्न वाले देशों की संख्या 48 थी। दुनिया के यूनिकॉर्न 291 शहरों में फैले हुए हैं, पिछले वर्ष यह संख्या 271 थी। अमेरिका 703 यूनिकॉर्न के साथ शीर्ष पर है, उसके बाद चीन का नंबर है जहां 340 यूनिकॉर्न हैं। हुरुन के अनुसार दुनिया भर में 1,453 यूनिकॉर्न हैं, जो एक नया विश्व रिकॉर्ड है और पिछले वर्ष की तुलना में इसमें 7 प्रतिशत या 92 यूनिकॉर्न की बढ़ोतरी हुई है।

## एयरटेल एक्सस्ट्रीम फाइबर अपने ग्राहकों के लिए लेकर आया है जोरदार एंटरटेनमेंट का धमाका ऑफर

**पाइए 20+ ओटीटी सेवाएं**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मनोरंजन और मानव समाज का नाता बहुत ही पुराना रहा है। आदिकाल से ही लोग अपने व्यस्तता भरे जीवन में से कुछ पल मनोरंजन के लिए निकाल ही लेते थे, ताकि वो समाज में उपलब्ध मनोरंजन के साधनों का लाभ उठाकर अपने जीवन को सुंदर, सुरस और आनंदमय बना सकें। बीते कई वर्षों में भले ही मनोरंजन के साधनों में बदलाव आए हैं, लेकिन इस बदलाव के बीच मानव और उसका मनोरंजन के प्रति लगाव काफी बढ़ा है। बदलते मॉर्डन टेक्नोलॉजी के साथ-साथ लोगों की जीवनशैली भी काफी तेजी से बदल रही है। आज के समय में वो हाई स्पीड इंटरनेट सेवा का इस्तेमाल करते हुए, मनोरंजन के लिए उपलब्ध कई सारे शानदार विकल्पों का लाभ उठा रहे हैं। आज कल ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के चलते लोगों को अपनी पसंद का कोई ना कोई साधन मिल ही जाता है। जिस वजह से लोग कई तरह के ओटीटी प्लेटफार्म के सब्सक्रिप्शन लेने के लिए भी काफी सजग रहते है। लोगों की इसी दिलचस्पी को समझते हुए एयरटेल एक्सस्ट्रीम फाइबर लेकर आया है एक शानदार ऑफर, जिसमें लोगों को बेहतरीन हाई स्पीड इंटरनेट सुविधा के साथ मिलता है अनलिमिटेड मनोरंजन का शानदार ऑफर, जिसमें उन्हें 20 से ज्यादा ओटीटी प्लेटफॉर्म्स और 350+ टीवी चैनल्स का सब्सक्रिप्शन पैकेज मिलता है। जिसके तहत आप घर बैठे आनंद ले सकते हैं, अपने फेवरेट मूवीज, टीवी शोज का। इस एक्सेस के जरिए अब आप नेटफ्लिक्स की मर्डर मुबारक हो या सोनीलिव का बहुचर्चित शो स्कैम 2003- द तेलगी स्टोरी आदि का लुफ्त उठा सकते हैं।

**क्या है एयरटेल एक्सस्ट्रीम एंटरटेनमेंट ब्रॉडबैंड प्लान ?-** एयरटेल एक्सस्ट्रीम एंटरटेनमेंट ब्रॉडबैंड प्लान अपने ग्राहकों को 1 जीबीपीएस तक की बेहतरीन इंटरनेट सुविधा प्रदान करता है। साथ ही इस प्लान के तहत ग्राहकों को अनलिमिटेड वॉयस कॉल, विंक म्यूजिक, डिज्नी प्लस हॉटस्टार, अमेजन प्राइम, अपोलो 24म7 सब्सक्रिप्शन, वीआईपी सेवा और एयरटेल एक्सस्ट्रीम प्रीमियम की सदस्यता भी मिलती हैं।

# सौंदर्य-कार उत्पादन से जुड़ीं कंपनियां जलवायु परिवर्तन रोकने में नहीं कर रहीं सहयोग



नईदिल्ली, एजेंसी। फैशन और शीर्ष सौंदर्य ब्रांड वाली कंपनियां जलवायु परिवर्तन को रोकने में सहयोग नहीं कर रही हैं। गैर-लाभकारी शोध समूह 'न्यूक्लाइमेट इंस्टिट्यूट' और 'कार्बन मार्किट वॉच' ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में बताया कि ये कंपनियां जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए आवश्यक गति से अपने ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम नहीं कर रही हैं। कई कंपनियां तो निरंतरता को बढ़ावा देने के अपने वादों को बढ़ा चढ़ा कर बता रही हैं। एचएंडएम, नेस्ले और टोयोटा जैसी जानी-मानी कंपनियां इस सूची में शामिल हैं। कुल 51 कंपनियां 2022 में 16 फीसदी वैश्विक उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार थीं। रिपोर्ट के मुताबिक, 2015 के पेरिस समझौते के तहत वैश्विक तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक रोक कर रखने में इनकी कोशिशें गंभीर रूप से अपर्याप्त हैं। हालांकि, 2030 के जलवायु संकल्पों को लेकर कंपनियों की सामूहिक महत्वाकांक्षा में पिछले दो सालों में धीरे-धीरे सुधार हुआ है। अधिकांश कंपनियां अभी भी उत्सर्जन में उतनी कमी नहीं कर पा रही हैं जितनी जरूरत है।

**वैश्विक उत्सर्जन को 2030 तक 43 प्रतिशत घटाने की जरूरत होगी**

संयुक्त राष्ट्र के जलवायु वैज्ञानिकों के मुताबिक पेरिस समझौते के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए वैश्विक उत्सर्जन को 2030 तक 43 फीसदी घटाने की जरूरत होगी। लेकिन ये कंपनियां अपने मौजूदा संकल्पों के मुताबिक उस अवधि तक अपने उत्सर्जन में सिर्फ 33 फीसदी की कटौती कर पाएंगी।

**कॉरपोरेट सेक्टर में बढ़ी मांग-** रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कॉरपोरेट सेक्टर से कार्बन क्रेडिट (कार्बन डाइऑक्साइड या अन्य ग्रीनहाउस गैसों को छोड़ने की अनुमति) के जरिये जलवायु लक्ष्यों को हासिल करने में लचीलेपन की मांग बढ़ रही है। कार्बन क्रेडिट के जरिये कंपनियां अपने उत्सर्जन की भरपाई के लिए ऐसे किसी प्रोजेक्ट में पैसा लगा सकती हैं, जो उत्सर्जन को कम करता हो। इसमें जंगलों का संरक्षण जैसे विकल्प भी शामिल है।

**कंपनियों की दलील-** कुछ कंपनियों ने अपनी दलील पेश करते हुए कहा कि उन्होंने 2019 के मुकाबले 2023 में अपने उत्सर्जन में 22 फीसदी की कटौती है। रिपोर्ट के मुताबिक, कुछ कंपनियां अन्य से बेहतर कर रही हैं। उदाहरण के लिए फ्रांसीसी खाद्य कंपनी 'दानोन' का कहना है कि वह ताजे दूध के उत्पादन से मीथेन के उत्सर्जन की मात्रा को महत्वपूर्ण रूप से कम करेगी। साथ ही प्लांट-आधारित उत्पादों की हिस्सेदारी बढ़ाएगी।

## आईआईएम लखनऊ के अध्ययन से भारतीय कृषि को डिजिटल बनाने में एगटेक प्लेटफॉर्म की भूमिका का पता चलता है

लखनऊ, एजेंसी। भारतीय प्रबंधनसंस्थानलखनऊकाअनुसंधानभारतकेकृषि और कृषि क्षेत्रों को डिजिटल बनाने के महत्व और पूरे उद्योग में क्रांति लाने की इसकी क्षमता को रेखांकित करता है। भारत में चार प्रमुख एगटेक प्लेटफार्मों की जांच करके, अध्ययन इन प्लेटफार्मों के नेटवर्क प्रभावों के प्रभाव की पहचान और चर्चा करता है और वे भारतीय कृषि कोकैसेबढ़ातेहैं। कृषि, जिसे कभी अर्थव्यवस्था के सबसे कम डिजिटलीकृत क्षेत्रों में से एक माना जाता था, डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र और प्लेटफार्मों की शुरूआत के कारण परिवर्तन का अनुभव कर रहा है। एगटेक प्लेटफॉर्म किसानों के बीच डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देते हैं, उन्हें डेटा-संचालित अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं और कृषि में डिजिटल अंतरकोपाटतेहैं। यह अध्ययन कृषि व्यवसायों, सरकारी एजेंसियों या सहकारी समितियों द्वारा ऐसे प्लेटफार्मों के निर्माण और लाभ की रूपरेखा तैयार करने वाला पहला अध्ययन है। आईआईएम लखनऊ के सेंटर फॉर फूड एंड एग्रीबिजनेस मैनेजमेंट के प्रोफेसर संजीव कपूर और आईआईएम रोहतक के मार्केटिंग एंड स्ट्रेटेजी एरिया के प्रोफेसर नीरज सिंह द्वारा किया गया।

## केबीसी ग्लोबल लिमिटेड का लक्ष्य घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय रियल एस्टेट बाजारों में विकास करना है

**नासिक, एजेंसी।** केबीसी ग्लोबल लिमिटेड (जिसे पहले कार्डा कंस्ट्रक्शन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था), निर्माण और रियल एस्टेट विकास क्षेत्र में एक प्रमुख कंपनी, ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में विस्तार के लिए अपनी रणनीतिक योजनाओं की घोषणा की है। 2007 में स्थापित, कंपनी ने रियल एस्टेट उद्योग में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जो नासिक, भारत में आवासीय परियोजनाओं के विकास और बिक्री में विशेषज्ञता रखती है। कंपनी मुख्य रूप से दो खंडों में, आवासीय और वाणिज्यिक परियोजनाओं का निर्माण और विकास और संविदात्मक परियोजनाएं काम करती है। कंपनी की उल्लेखनीय परियोजनाओं में हरि गोकुलधाम, हरि नक्षत्र-द्वितीय ईस्टेक स्ट टाउनशिप, हरि संस्कृति द्वितीय, हरि सिद्धि और हरि समर्थ आदि शामिल हैं। कंपनी के विकास पथ पर टिप्पणी करते हुए, केबीसी ग्लोबल लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, श्री नरेश कार्डा ने कहा, हम घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों बाजारों में आने वाले अवसरों को लेकर उत्साहित हैं। हमारी रणनीतिक पहल, परियोजनाओं का मजबूत पोर्टफोलियो और एक स्पष्ट विस्तार पर ध्यान केंद्रित करते हुए, कार्डा कंस्ट्रक्शन लिमिटेड वैश्विक रियल एस्टेट परिदृश्य में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरने के लिए तैयार है। रियल एस्टेट क्षेत्र निरंतर विकास के लिए तैयार है, जो आपूर्ति और मांग की गतिशीलता, नियामक ढांचे और समग्र आर्थिक स्थितियों जैसे कारकों से प्रेरित है। सभी के लिए आवास और प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी सरकारी पहल उद्योग में विकास की संभावनाओं को रेखांकित करती हैं। इसके अतिरिक्त, राजमार्ग, हवाई अड्डे और महानगर जैसी बुनियादी ढांचागत मेगापरियोजनाएं रियल एस्टेट बाजार के विस्तार में योगदान दे रही हैं।

# हायर इंडिया ने वोग सीरीज की लॉन्च

**ग्लास डोर रेफ्रिजरेटर किचन को बनाएंगे आकर्षक**




**नई दिल्ली, एजेंसी।** लगातार 15 सालों से नंबर 1 ग्लोबल अप्लायंस ब्रांड, हायर अप्लायंसेज इंडिया ने ग्लास डोर रेफ्रिजरेटर की कलरफुल रेंज में अपनी लेटेस्ट वोग सीरीज लॉन्च की है। हायर इंडिया के एक्सटेंसिव प्रोडक्ट लाइनअप में यह रोमांचक जुड़ाव उपभोक्ताओं को कलरफुल ग्लास डोर रेफ्रिजरेटर की एक सीरीज के साथ अपने किचन को पर्सनलाइज बनाने का एक मौका देती है। इस नई सीरीज में एस्थेटिक्स, डिजाइन और वर्सेलिटी के साथ ऑप्शन्स की एक वाइड रेंज मौजूद है, जिसमें 2-डोर कन्वर्टिबल साइड-बाय-साइड, 3-डोर कन्वर्टिबल साइड-बाय-साइड, टॉप और बॉटम-माउंटेड रेफ्रिजरेटर शामिल हैं। नई हायर वोग सीरीज के लॉन्च पर हायर अप्लायंसेज इंडिया के प्रेजिडेंट एनएस सतीश ने कहा, मार्केट के ट्रेंड के अनुसार, हायर इंडिया हमेशा से ही अपने ग्राहकों के जीवन को बेहतर बनाने वाले इनोवेटिव सोल्यूशंस प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। हम अच्छी तरह से शोध की गई पद्धति, नवीनतम प्रौद्योगिकियों और कुशल विनिर्माण क्षमताओं द्वारा संचालित श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ उत्पाद लाने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। भारतीय बाजार में दो दशकों से अधिक समय से हमारी उपस्थिति है और वोग सीरीज की शुरुआत के साथ हम पर्सनलाइजेशन को नए स्तर पर आगे बढ़ा रहे हैं। हम समझते हैं कि हमारे ग्राहक ऐसे अप्लायंसेज चाहते हैं जो न केवल असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन करें बल्कि उनकी पर्सनल स्टाइल को भी प्रतिबिंबित करें। हमें पूरा विश्वास है कि यह फीचर-पैक और वर्सटाइल सीरीज ग्राहकों को अत्याधुनिक तकनीक के साथ वास्तव में पर्सनल रेफ्रिजरेटर का अनुभव प्रदान करेगी। नई वोग सीरीज़ रेफ्रिजरेशन में एक नया रेवोल्यूशन है, जिसने घर के मालिकों को उनकी स्टाइल को एक्सप्रेस करने का मौका दिया है जिससे वह हायर इंडिया के बेहतरीन परफॉर्मेंस और क्रेडिबिलिटी पर का आनंद ले सकते हैं। नई सीरीज में मल्टी कलर और डिजाइन की एक डायवर्स रेंज शामिल है, जो ग्राहकों को उनकी जरुरत के मुताबिक सही पसंद चुनने की सुविधा प्रदान करती है। इन प्रीमियम रेफ्रिजरेटर में ब्लैक व्हाइट, ग्रे ओनिक्स, ब्लैक येलो, क्रीम पिंक और येलो ग्रे, पीच न्यानज़ा, पैरट ग्रीन, रसेट ग्रे, रोज़ ब्लू जैसे कई कलर्स ऑप्शन स्लीक ग्लास फिनिश के साथ मौजूद हैं। यह सीरीज सुनिश्चित करती है कि घर के मालिक एक ऐसा रेफ्रिजरेटर खरीद सकते हैं, जो उनके किचन की खूबसूरती और लिविंग रूम के एम्बिएंस को पूरा करता हो।

## ओरिएंट इलेक्ट्रिक ने बड़ी टैंक क्षमता वाले एयर कूलर्स लांच किए

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ओरिएंट इलेक्ट्रिक लिमिटेड जो कि 2.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर के विविधीकृत सीके बिरला ग्रुप का अंग है, ने डेज़र्ट और कॉमर्शियल कैटेगरीज़ में बड़े टैंक वाले नए मॉडल्स को लॉन्च करके एयर कूलर की अपनी पहले से ही व्यापक रेंज का विस्तार किया है। बड़ी टैंक क्षमताओं, उन्नत सुविधाओं और बेहतर प्रदर्शन वाले ये कूलर बड़ी जगहों की कूलिंग के लिए एक आदर्श विकल्प हैं। कंपनी का इस सीज़न में एयर कूलर्स की कैटेगरी में डबल डिजिट ग्रोथ हासिल करने का लक्ष्य है।

ओरिएंट इलेक्ट्रिक लिमिटेड के बिज़नेस हेड - ईसीडी, गौरव धवन ने कहा, चूंकि मौसम विशेषज्ञों ने इस गर्मी के सीज़न में सामान्य से अधिक तापमान रहने का पूर्वानुमान लगाया है और तेज़ लू चलने की संभावना जताई है, हम एयर कूलर्स की मांग में काफी वृद्धि होने की उम्मीद कर रहे हैं। आज हम इस सेगमेंट में देश में सबसे ज्यादा बिकने वाले ब्रांड्स में से एक हैं, और हमारे पास उपभोक्ताओं की हर ज़रूरत को पूरा करने के लिए विभिन्न आकार, साइज़, क्षमता और मटीरियल में एयर कूलर्स की एक व्यापक रेंज है। हमारी रेंज में 60 से अधिक मॉडल शामिल हैं जिनमें आईओटी-सक्षम और आवाज़ से नियंत्रित होने वाले एयर कूलर, मेटल-बॉडी वाले एयर कूलर और बिजली बचाने वाले इन्वर्टर एयर कूलर शामिल हैं।

# सैमसंग ने गैलेक्सी एम55 5जी, गैलेक्सी एम15 5जी लॉन्च किया




**गुरुग्राम, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज दो शानदार डिवाइस, गैलेक्सी एम55 5जी और गैलेक्सी एम15 5जी को लॉन्च करने की घोषणा की है। इसमें कई सेगमेंट में अग्रणी फीचर्स मौजूद हैं। बेहद लोकप्रिय गैलेक्सी रूसीरीज़ में शामिल किए गए ये नए स्मार्टफोन यूजर्स को सुपर एमोलेड प्लस डिस्प्ले, शानदार बैटरी और शक्तिशाली प्रोसेसर के साथ स्मार्टफोन का एक बेहतर अनुभव देते हैं। इस मौके पर सैमसंग इंडिया के एमएक्स डिवीजन के वाइस प्रेसिडेंट आदित्य बब्बर ने कहा सैमसंग की सोच के मुताबिक, हम नए गैलेक्सी एम55 5जी और गैलेक्सी एम15 5जी के साथ इनोवेशन की सीमाओं को आगे बढ़ा रहे हैं। हमारे दो शानदार डिवाइस जो युवा उपभोक्ताओं के अंतहीन जुनून को शक्ति देने के लिए तैयार हैं। सुपर एमोलेड प्लस डिस्प्ले, स्टाइलिश स्लीक डिज़ाइन, शक्तिशाली स्नैपड्रैगन प्रोसेसर और चार जेनरेशन के ओएस अपग्रेड और पांच साल के सिक्योरिटी अपडेट के बेजोड़ वादे सहित कई सेगमेंट-अग्रणी फीचर्स के साथ, हम गैलेक्सी एम55 5जी और गैलेक्सी एम15 5जी के जरिए ग्राहकों को एक बेहतरीन अनुभव देंगे।''

**आइकॉनिक डिज़ाइन**

गैलेक्सी एम55 5जी और गैलेक्सी एम15 5जी में आइकॉनिक गैलेक्सी सिग्नेचर डिज़ाइन है, जो इसे सुंदरता और भव्यता प्रदान करता है। गैलेक्सी एम55 5जी बेहद पतला और हल्के वजन का है। इसकी चौड़ाई केवल 7.8 मिमी है जो इसे इस्तेमाल करने के लिए बहुत एर्गोनोमिक बनाती है। गैलेक्सी एम55 5जी दो नए रंगों - लाइट ग्रीन और डेनिम ब्लैक में उपलब्ध होगा। गैलेक्सी एम15 5जी तीन स्टाइलिश रंगों में उपलब्ध होगा जिसमें सेलेस्टियल ब्लू, स्टोन ग्रे और ब्लू टोपाज शामिल हैं।

संक्षिप्त समाचार

## क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के पूर्व अध्यक्ष जैक क्लार्क का निधन



**एडिलेड।** पूर्व क्रिकेटर एवं क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के पूर्व अध्यक्ष जैक क्लार्क का निधन हो गया है। वह 70 वर्ष के थे। क्लार्क के परिवार में पत्नी और दो बेटियां है। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट बोर्ड के अनुसार क्लार्क का एडिलेड में निधन हुआ था। उन्होंने बताया कि क्लार्क ने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट बोर्ड में 1999 से 2011 तक सेवा दी था और वह अपने कार्यकाल के अंतिम तीन वर्षों तक सीए के अध्यक्ष रहे थे। उनके अध्यक्ष कार्यकाल 2008 से 2011 के दौरान बिग बैश लीग की शुरुआत की हुई थी और उन्होंने 2010-11 की घरेलू एशेज श्रृंखला में हार के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम की समीक्षा करते हुए सीए की उच्च प्रदर्शन शाखा को नया आकार दिया गया था। 21 साल तक दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक के रूप में भी काम किया और वर्ष 2012 में उन्हें एसएसीए का मानद आजीवन सदस्य बनाया गया था। वर्तमान सीए अध्यक्ष माइक बेयर्ड ने क्लार्क के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा, 'जैक क्लार्क ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और एसएसीए के साथ अपनी प्रमुख भूमिकाओं में ऑस्ट्रेलियाई, दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई और अंतरराष्टीय क्रिकेट में उत्कृष्ट योगदान दिया था और पूरे खेल जगत में सभी लोग उन्हें बहुत पसंद करते थे। उन्होंने कहा, 'क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से, मैं जैक की पत्नी सू, उनकी बेटियों जॉर्जी और लुसी, उनके परिजनों और मित्रों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। एसएसीए अध्यक्ष विल रेनर ने कहा, 'जैक खेल के सच्चे पात्रों में से एक थे। उसकी हंसी और जीवन के प्रति उत्साह हमें बहुत याद आएगा।

## नेपोमनिशी से हारे विदित, गुकेश और प्रज्ञानन्दा नें खेला ड्रॉ



**टोरंटो, कनाडा।** फीडे कैंडिडेट शतरंज का चौथे राउंड में भारतीय खिलाड़ियों के लिए मिला जुला दिन रहा क्यूंकी एक ओर जहाँ दोनों युवा भारतीय खिलाड़ियों डी गुकेश नें टूर्नामेंट के शीर्ष वरीय यूएसए के फबियानों करूआना से और आर प्रज्ञानन्दा नें दूसरे वरीय यूएसए के हिकारु नाकामुरा को ड्रॉ पर रोका तो भारत के अनुभवी खिलाड़ी विदित गुजराती को टूर्नामेंट में अपनी लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा उन्हे पिछले बार के कैंडीडेट विजेता रूस के यान नेपोमनिशी नें पराजित किया और अब इस जीत के साथ नेपोमनिशी 4 राउंड के बाद 3 अंक बनाकर एकल बढ़त पर आ गए है जबकि भारत के डी गुकेश और यूएसए के फबियानों करूआना 2.5 अंक बनाकर सयुंक्त दूसरे स्थान पर चल रहे है। महिला वर्ग में भारत को उस समय बड़ा झटका लगा जब भारत की शीर्ष खिलाड़ी कोनेरु हम्पी को बुल्गारिया की नुर्गयुल शालिमोवा से अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा जबकि आर वैशाली नें रूस की आलेक्सान्द्रा गोरयाचकिना को ड्रॉ पर रोका। फिलहाल चार राउंड के बाद हम्पी 1.5 और वैशाली 2 अंक बनाकर खेल रही है।

### विश्व एथलेटिक्स का बड़ा ऐलान

# पेरिस ओलंपिक ट्रैक एवं फील्ड स्वर्ण विजेताओं को मिलेंगे 50 हजार डॉलर



**मोनाको।** पेरिस ओलंपिक में ट्रैक एवं फील्ड के 48 स्पर्धाओं के स्वर्ण पदक विजेताओं को विश्व एथलेटिक्स (डब्ल्यूए) ने पहली बार 50,000 डॉलर (41.60 लाख रुपये) की पुरस्कार राशि देने की बुधवार को घोषणा की। विश्व एथलेटिक्स के इस कदम से 2028 में लॉस एंजिलिस (एलए) में होने वाले खेलों में तीनों पदक विजेताओं को पुरस्कार देने का मार्ग प्रशस्त होगा। भारत को पेरिस ओलंपिक में भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा से स्वर्ण पदक की उम्मीद है। नीरज ने तोक्यो ओलंपिक में देश के लिए एथलेटिक्स का पहला स्वर्ण पदक जीता था। वह इसके साथ ही व्यक्तिगत स्पर्धा में निशानेबाज अभिनव बिंद्रा के बाद स्वर्ण पदक जीतने वाले देश के दूसरे खिलाड़ी बने थे। इस ऐतिहासिक निर्णय के साथ डब्ल्यूए ओलंपिक खेलों में पुरस्कार राशि देने वाला पहला अंतरराष्ट्रीय महासंघ बन जाएगा।

डब्ल्यूए ने एक बयान में कहा, 'विश्व एथलेटिक्स...ओलंपिक खेलों में पुरस्कार राशि देने वाला पहला अंतरराष्ट्रीय महासंघ बन जाएगा। डब्ल्यूए पेरिस में इस ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में सफलता के शिखर को प्राप्त वाले एथलीटों को आर्थिक रूप से पुरस्कृत करेगा। विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन को ने कहा कि ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि की शुरुआत अंतरराष्ट्रीय निकाय और समग्र रूप से एथलेटिक्स के खेल के लिए एक 'महत्वपूर्ण क्षण है। उन्होंने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के राजस्व आवंटन से कुल 2.4 मिलियन डॉलर (लगभग 18.63 अरब रुपए) को पुरस्कार के लिए दिया गया है, जो हर चार साल में विश्व एथलेटिक्स को मिलता है। इसका उपयोग 48 एथलेटिक्स खेलों में से प्रत्येक में स्वर्ण पदक जीतने वाले एथलीटों को 50,000 डॉलर की राशि से पुरस्कृत करने के लिए किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'विश्व एथलेटिक्स की इस पहल में एलए 2028 ओलंपिक खेलों में रजत और कांस्य पदक विजेताओं तक विस्तार किये जाने की प्रतिबद्धता शामिल है।

रिले टीमों को भी इसी राशि से सम्मानित किया जाएगा, जिसे टीम के सभी खिलाड़ी आपस में साझा करेंगे। उन्होंने कहा कि 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक से जुड़ी पुरस्कार राशि के प्रारूप और संरचना की घोषणा खेलों के समय के करीब की जाएगी। इस पुरस्कार राशि का भुगतान हालांकि विश्व एथलेटिक्स की संपुष्टि प्रक्रिया पर निर्भर करेगा, जिसमें सामान्य डोपिंग रोधी प्रक्रियाओं से गुजरने और उत्तीर्ण होने वाले एथलीट शामिल होंगे। यह कदम एथलीटों को सशक्त बनाने और किसी भी ओलंपिक खेलों की सफलता में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानने के लिए डब्ल्यूए की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है कि हम कहीं से शुरुआत करें और सुनिश्चित करें कि ओलंपिक खेलों में हमारे एथलीटों द्वारा उत्पन्न राजस्व का कुछ हिस्सा सीधे उन लोगों को लौटाया जाए जो खेलों को वैश्विक स्तर का बनाते हैं।

## आईसीसी टेस्ट गेंदबाजी की रैंकिंग में अश्विन का जलवा बरकरार



**दुबई।** नई आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में रविचंद्रन अश्विन (870) टेस्ट बॉलिंग रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर हैं, उनके हमवतन जसप्रीत बुमराह और ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड दूसरे (847) स्थान पर हैं। श्रीलंका के बाएं हाथ के स्पिनर प्रभात जयसूर्या तीन स्थान गिरकर 11वें (724) पर आ गए हैं जिसका मतलब है कि जेम्स एंडरसन (8वें, 739), शाहीन अफरीदी (9वें, 733) और काइल जैमीसन (10वें, 729) एक स्थान ऊपर पहुंच गए हैं।

चटगांव टेस्ट मैच के बाद टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष 10 में कोई बदलाव नहीं हुआ है। भारत के रवींद्र जड़ेजा (444) नंबर 1 स्थान के लिए हमवतन अश्विन (322) से काफी आगे हैं। शाकिब अल हसन टेस्ट मैच में अपनी दो पारियों में चार विकेट लेने और 51 रन बनाने के बाद तीसरे (310) स्थान पर बने हुए हैं। श्रीलंका के हरफनमौला खिलाड़ी कामिंदु मेंडिस और पूर्व कप्तान एंजेलो मैथ्यूज ने चटगांव में अपनी टीम की 192 रन की जीत में योगदान देने के बाद आईसीसी पुरुष टेस्ट खिलाड़ी रैंकिंग में प्रगति की है जिससे बांग्लादेश के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप श्रृंखला में 2-0 से जीत हासिल करने में मदद मिली।

मार्च में आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ का दावा करने वाले मेंडिस की नाबाद 92 रन की पारी ने उन्हें बल्लेबाजी सूची में 18 स्थान ऊपर 46वें स्थान (533) पर पहुंचा दिया, जबकि दूसरी पारी में भी उन्होंने तीन विकेट लिए। गेंदबाजों के बीच 46 स्थान की छलांग देखी गई। मैथ्यूज ने अगस्त 2014 में करियर की सर्वोच्च तीसरी रैंक हासिल की थी, 23 और 56 के स्कोर के बाद दो पायदान ऊपर 25वें स्थान पर पहुंच गए हैं। श्रीलंकाई बल्लेबाज कुसल मेंडिस तीन स्थान आगे बढ़कर 52वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

गेंदबाजी रैंकिंग में पहली पारी में चार विकेट लेने के बाद असिथा फर्नांडो सात स्थान ऊपर 27वें स्थान पर पहुंच गए हैं, विश्वा फर्नांडो मैच में तीन विकेट लेकर 43वें से 41वें स्थान पर हैं और लाहिरू कुमारा 46वें से 44वें स्थान पर हैं। बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन 54 और 19 रन बनाकर टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में तीन पायदान ऊपर 75वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि मेहदी हसन मिराज दूसरी पारी में नाबाद 81 रन की शानदार पारी के बाद 99वें से 88वें स्थान पर हैं। अपनी दो पारियों में 83 रन बनाने के बाद मोमिनुल हक को चार स्थान का फायदा हुआ है और वह 46वें स्थान पर हैं। नए तेज गेंदबाज हसन महमूद ने मैच में छह विकेट लेने के बाद टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में 95वें स्थान पर प्रवेश किया है।

## यह टी20 की खूबसूरती है, यह गेंदबाजों के लिए नहीं है: भुवनेश्वर कुमार



**मुल्लांपुर।** सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने मजाक में कहा कि टी20 खेल की खूबसूरती यह है कि यह गेंदबाजों के लिए नहीं है। सनराइजर्स हैदराबाद ने महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ करीबी मुकाबले में 2 रन से जीत हासिल की। लक्ष्य का पीछा करने के अंतिम ओवर में पंजाब को फिनिशिंग लाइन पार करने के लिए 29 रनों की आवश्यकता थी। शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा ने मिलकर लगभग 26 रन बनाए और लक्ष्य से थोड़ा पीछे रह गए।

मैच के बाद भुवी ने कहा, यह दर्शकों के लिए टी20 खेल की खूबसूरती है, गेंदबाजों के लिए नहीं (मुस्कुराते)। आखिरी कुछ ओवरों में विकेट काफी बदल गया, हमने रन बनाए और उन्होंने भी रन बनाए। जीत हासिल करना अच्छा है। भुवनेश्वर ने तेज आक्रमण की अगुवाई की और दो महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए जिसमें कप्तान शिखर धवन और प्रभसिमरन सिंह शामिल थे। अपने चार ओवर के स्पैल में उन्होंने 13 डॉट गेंदें फेंकी और 8.00 की इकॉनमी से 32 रन दिए।

उन्होंने बल्लेबाजों के खिलाफ अपनाए जाने वाले दृष्टिकोण के बारे में खुलकर बात की और कहा, ÷हर कोई जानता है कि आप क्या करने जा रहे हैं, लेकिन यह एक ही चीज को बार-बार करने और इसे सरल रखने के बारे में है। आपको थोड़ी सी भाग्य की भी जरूरत है।

आशुतोष तब आए जब पंजाब को 24 गेंदों में 67 रन चाहिए थे और उनके हाथ में सिर्फ चार विकेट थे। शशांक के साथ उन्होंने हैदराबाद के गेंदबाजी सेट-अप को संभाला और कुछ शानदार शॉट लगाए। अंतिम ओवर में उन्होंने बैक-टू-बैक छक्कों के लगाए और समीकरण को चार गेंदों में 15 रन तक ला दिया। हालांकि उनका संकल्प पंजाब को लक्ष्य तक नहीं ले जा सका।

भुवनेश्वर ने कहा, उन्होंने (आशुतोष) वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी की। जब कोई बल्लेबाजी कर रहा होता है और आप सोचते हैं कि वे अभी भी गेम जीत सकते हैं, तो यह वास्तव में सराहनीय है और भारत के लिए भी अच्छा है।

## इस स्तर पर क्रिकेट आत्मविश्वास का ही खेल है, करीबी हार के बाद बोले शशांक सिंह



**मुल्लांपुर।** पंजाब किंग्स की नयी खोज शशांक सिंह ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में नए खिलाड़ियों को मिल रही सफलता के पीछे उनका आत्मविश्वास और घरेलू क्रिकेट में की गई अपार मेहनत है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत के लिए 183 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए शशांक ने 25 गेंद में 46 रन बनाये और आशुतोष शर्मा ने 15 गेंद में 33 रन की पारी खेली लेकिन उनकी टीम दो रन से चूक गई। शशांक ने इससे पहले गुजरात टाइटंस के खिलाफ नाबाद 61 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई थी।

हार के बावजूद प्रशंसा के पात्र बने शशांक ने कहा, 'आत्मविश्वास सबसे जरूरी है। जिस तरह से हम घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। सनराइजर्स के नीतिश रेड्डी को देखिए जो घरेलू क्रिकेट में हर प्रारूप में रन बनाता और विकेट लेता है। रेड्डी ने सनराइजर्स के लिए 37 गेंद में 64 रन बनाए। केकेआर के अंगकृष रघुवंशी भी अच्छी पारियां खेलने में कामयाब रहे हैं। शशांक ने कहा, 'हम जिस तरह से घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। नीतिश, अंगकृष और आशुतोष ने मुश्ताक अली, विजय हजारे और रणजी ट्रॉफी में रन बनाए हैं।

उन्होंने कहा, 'आप इन खिलाड़ियों को गुमनाम कह सकते हैं लेकिन घरेलू सर्किट में ये जाने माने नाम हैं। इन्होंने घरेलू क्रिकेट में अच्छा खेला है और आईपीएल में उनका प्रदर्शन उसका ईनाम है। इस स्तर पर क्रिकेट आत्मविश्वास का ही खेल है। हार से निराश शशांक ने कहा, 'हम दो रन से हार गए और हार सबसे दर्दनाक होती है क्योंकि हम जीतने के लिए खेलते हैं। हार तो हार ही है, चाहे दो रन से हो या 20 रन से। हमें आखिरी ओवर तक जीत का यकीन था।

## नीतीश कुमार रेड्डी के पास रवैया, प्रतिभा और आत्मविश्वास है, रायडू ने उभरते स्टार की तारीफ की



**मुल्लांपुर।** भारत और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के पूर्व स्टार अंबाती रायडू ने सनराइजर्स हैदराबाद के युवा बल्लेबाज नीतीश कुमार रेड्डी की प्रशंसा की है जिन्होंने ऑलराउंडर प्रदर्शन से पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को रोमांचक मुकाबले में हराने में मदद की थी। रेड्डी ने अब्दुल समद के साथ केवल 20 गेंदों पर 50 रन की तूफानी साझेदारी करके स्त्रा को 39/3 से उबरने में मदद की और उन्हें प्रतिस्पर्धी 182/9 स्कोर तक पहुंचाया। आंध्र के बल्लेबाज ने शानदार जवाबी हमला करते हुए 37 गेंदों में चार चौकों और पांच छक्कों की मदद से 64 रन बनाए, जबकि समद ने सिर्फ 12 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 25 रन बनाए।

20 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने गेंदबाजी कौशल का भी प्रदर्शन किया। 16वें ओवर में जितेश शर्मा का विकेट लिया और तीन ओवरों में 1-33 के आंकड़े के साथ समापन किया। इसके अलावा उन्होंने डीप मिडविकेट में एक उल्लेखनीय कैच पकड़कर अपनी क्षेत्ररक्षण क्षमता का प्रदर्शन किया। 20 वर्षीय ऑलराउंडर के बारे में रायुडू ने कहा, जब शीर्ष 4 बल्लेबाजों ने रन नहीं बनाए और आप अपना हाथ बढ़ाते हैं और कहते हैं कि मैं आपके जितना ही अच्छा हूं, मैं अपनी टीम के लिए खेल जीतने के लिए यहां हूं। उनके पास रवैया, प्रतिभा और आत्मविश्वास है, मुझे उम्मीद है कि अब उसे कुछ महत्वपूर्ण लोगों का समर्थन प्राप्त होगा जो वास्तव में उसे पहचानेंगे कि वह क्या है और उसकी प्रतिभा क्या है और मुझे यकीन है कि जब वह तैयार और परिपक्व हो जाएगा तो वह बहुत आगे बढ़ेगा।

इसके अलावा रायुडू ने शशांक और आशुतोष की जोड़ी के प्रदर्शन पर प्रकाश डाला जिन्होंने पिछले हफ्ते गुजरात टाइटन्स पर पंजाब किंग्स की 3 विकेट की जीत में सनसनीखेज मैच जिताऊ पारी खेली थी। उन्होंने कहा, और सबसे अच्छी बात यह थी कि पारी बहुत आत्मविश्वास से भरी थी। ऐसा नहीं था कि पिछला प्रदर्शन एक अस्थायी प्रदर्शन था, उन्होंने इसे फिर से किया है और यह दिखाता है कि यह टूर्नामेंट कैसा है और इसमें कितनी युवा प्रतिभाएं सामने आती हैं। हमने दोनों पारियों में देखा, नितीश रेड्डी और ये दो युवा लड़के। यही इसकी खूबसूरती है और मुझे यकीन है कि शशांक सिंह इन पारियों से बहुत आगे जाएंगे, मुझे लगता है कि उनके सामने एक बड़ा भविष्य है।

## वह अद्भुत थे, कमिंस ने नितिश के हरफनमौला प्रदर्शन की सराहना की



**मुल्लांपुर।** सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने नितिश कुमार रेड्डी के हरफनमौला प्रदर्शन की सराहना की है। मैच के बाद कमिंस ने कहा कि रेड्डी ने बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन किया। शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी, अच्छे क्षेत्ररक्षण और तीन ओवर गेंदबाजी कारण ही हम 180 के स्कोर के ऊपर पहुंचने में सफल रहें। 183 रन के लक्ष्य में पंजाब को खराब शीर्षक्रम प्रदर्शन के बाद शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा का साथ मिला लेकिन टीम रोमांचक मुकाबले में 2 रन से हार गई।

कमिंस ने कहा, वह अद्भुत थे। सीधे शीर्ष क्रम पर (इस मैच में), क्षेत्ररक्षण में शानदार थे, उन्होंने तीन ओवर भी फेंके। उनके बल्ले से हमें 180 रन तक पहुंचाना अद्भुत था। यह क्रिकेट का एक शानदार खेल था। उन्होंने शुरुआत में वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की, हमने 182 तक पहुंचने के लिए अच्छा प्रदर्शन किया और फिर इसका बचाव किया। प्रभावशाली खिलाड़ी की सुंदरता यह है कि आपको लगता है कि आपने वास्तव में गहरी बल्लेबाजी की है। हम सकारात्मक रहने की कोशिश करते हैं, मैच को आगे बढ़ाने के लिए यदि आप 150-160 प्राप्त करते हैं, तो आप वैसे भी दस में से नौ गेम हार जाएंगे।

कमिंस ने आगे कहा, हम जानते थे कि नई गेंद महत्वपूर्ण समय होने वाली है। हम (अपने स्कोर से) काफी खुश थे। हमने देखा कि नई गेंद के साथ उनके लिए क्या हुआ, इसलिए सोचा कि क्या मैं और भुवी (भुवनेश्वर कुमार) एक साथ शुरुआत कर सकते हैं, यह अच्छा होगा। हमारे पास बहुत सारे बाएं हाथ और दाएं हाथ के खिलाड़ी हैं, इसलिए हमने गेंदबाजों को सफलता का सबसे अच्छा मौका देने की कोशिश की है।

## हैदराबाद के ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी ने बनाया अनोखा रिकॉर्ड



**मुल्लांपुर।** सनराइजर्स हैदराबाद के ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी ने मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच जीतने वाले प्रदर्शन के साथ रिकार्ड बुक में अपना नाम दर्ज करवा लिया है। नीतीश ने खेल के सभी पहलुओं में शानदार प्रदर्शन किया और मंगलवार को पंजाब पर हैदराबाद की 2 रन की जीत के दौरान एक अनोखा रिकॉर्ड बनाया। बल्ले से उन्होंने सिर्फ 37 गेंदों में शानदार 64 रन बनाए और गेंद से उन्होंने जितेश शर्मा को आउट किया और प्रभसिमरन सिंह का कैच भी लिया।

अपने सनसनीखेज प्रदर्शन के साथ, वह आईपीएल में 50 से अधिक रन बनाने, एक विकेट लेने और एक आईपीएल मैच में कैच लेने वाले पहले अनकैप्ड खिलाड़ी बन गए है। 20 साल और 319 दिन की उम्र में वह आईपीएल में अर्धशतक बनाने वाले दूसरे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी भी हैं। प्रियम गर्ग 19 साल और 307 दिन की उम्र में अर्धशतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए।

जीत के बाद नीतीश ने अपने प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त की और बल्ले से अपने हमले के दौरान अपनाए गए दृष्टिकोण के बारे में बात की। उन्होंने कहा, मेरे लिए यह मेरी टीम और मेरे लिए एक बड़े योगदान की तरह है। मैं खुद से कह रहा हूं कि मुझे खुद पर विश्वास करना चाहिए। सीमर वास्तव में अच्छी गेंदबाजी कर रहे थे, मैं उनसे मुकाबला नहीं करना चाहता था। मुझे पता था कि स्पिनर ऐसा करेंगे। आओ और मैं उन पर हमला करना चाहता था, मैंने बस वही किया। पूरे टूर्नामेंट में वे धीमी बाउंसर फेंक रहे हैं और यह वास्तव में काम कर रहा है। मैंने विकेट हासिल करने के लिए आयामों का भी उपयोग किया। मैं बस बल्ले या गेंद या क्षेत्ररक्षण के साथ इस प्रदर्शन को जारी रखना चाहता हूं, मैं बस ऐसा ही रहना चाहता हूं।

गौर हो कि पावरप्ले में तीन विकेट खोने के बाद हैदराबाद ने नितीश रेड्डी के पहले अर्धशतक और अब्दुल समद और शाहबाज अहमद द्वारा बनाए गए कुछ महत्वपूर्ण रनों की बदौलत टीम ने 180 से अधिक का स्कोर बनाया। 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब ने लगातार विकेट खोए और 15.3 ओवर में 114/6 पर सिमट गई। तब शशांक सिंह (25 गेंदों में छह चौकों और एक छक्के की मदद से 46* रन) और आशुतोष शर्मा (15 गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 33* रन) की शानदार वापसी ने पंजाब की जीत लगभग पक्की कर दी, लेकिन वे दो रन से हार गए।

## संक्षिप्त समाचार

### शाहरुख ने कहा था कि दिलजीत दोसांझ देश में सबसे बढ़िया अभिनेता है: इम्तियाज अली



**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्वैग का राजा दिलजीत दोसांझ, सैस की रानी परिणिति चोपड़ा और खुद उस्ताद इम्तियाज अली,ये सब मिलकर एक मनोरंजन के धमाके की तैयारी में हैं! नेटफ्लिक्स पर द ग्रेट इंडियन कपिल शो का अगला एपिसोड फ़िल्म चमकीला के कलाकारों के साथ मनोरंजन का एक ज़बरदस्त धमाका करने वाला है! मज़ेदार किस्सों से लेकर पर्दे के पीछे की कहानियों तक, न जाने इसमें कितने सरप्राइज़ छिपे हैं। क्या आप जानते हैं कि दिलजीत दोसांझ को चमकीला का रोल कैसे मिला अपने फ़ेवरेट एक्टर के बारे में ऐसी बहुत सी दिलचस्प बातें जानने के लिये तैयार हो जाईये! चमकीला के किरदार के लिये दिलजीत को कास्ट करने के विचार के बारे में बात करते हुए इम्तियाज अली कहते हैं, शाहरुख ख़ान ने एक बार मुझसे कहा था कि दिलजीत दोसांझ देश के सर्वश्रेष्ठ अभिनेता हैं। मुझे ऐसा लगता है कि अगर दिलजीत पाजी ने इस फ़िल्म को करने से मना कर दिया होता तो शायद हम इसे कभी नहीं बना पाते। हम बहुत ख़ुशकिस्मत थे कि उन्होंने हाँ कर दी। इससे बेहतर कोई कास्ट हो ही नहीं सकती थी। दोनों ही बेहतरीन कलाकार हैं। परिणीति एक शानदार अभिनेत्री और गायिका हैं, जो अपने रोल के लिए तुरंत 15 किलोग्राम वजन बढ़ाने के लिए भी तैयार हो गई। यह बात बहुत दिलचस्प थी।

### मैंने ही सबसे पहले था कि नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनना चाहिए- राज ठाकरे

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र की राजनीति में बीते कई हफ्तों से राज ठाकरे और भाजपा की दोस्ती को लेकर अटकलों का बाजार गर्म था। गृह मंत्री अमित शाह के साथ कई राउंड की बैठकों के बाद महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने आखिरकार मंगलवार को घोषणा की कि उनकी पार्टी महाराष्ट्र में भाजपा, शिवसेना और राकांपा के गठबंधन को बिना शर्त समर्थन देगी। साथ ही एक रैली को संबोधित करते हुए राज ठाकरे ने यह भी दावा किया कि वह यह कहने वाले पहले व्यक्ति थे कि नरेंद्र मोदी को भारत का प्रधानमंत्री बनना चाहिए। राज ठाकरे ने कहा, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) बिना शर्त बीजेपी-शिवसेना-एनसीपी के महागठबंधन का समर्थन करती है। यह समर्थन केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और एनडीए गठबंधन के लिए है। अब सभी को चुनाव की तैयारी करनी चाहिए। मनसे की यहां आयोजित 'गुड़ी पड़वा' रैली को संबोधित करते हुए ठाकरे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का समर्थन करने की घोषणा की और कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव देश का भविष्य तय करेगा। ठाकरे ने पार्टी कार्यकर्ताओं से राज्य विधानसभा चुनाव की तैयारी करने को भी कहा जो इस साल के अंत में होने हैं।

### नवरात्रि की शुरुआत के साथ ही हिमाचल के मंदिरों में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

**शिमला , एजेंसी।** नौ दिवसीय नवरात्रि उत्सव के पहले दिन मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। बता दें कि ज्यादातर तीर्थयात्री पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली से मंदिर का दर्शन करने पहुंचे थे। बिलासपुर में नैना देवी के लोकप्रिय मंदिर; ऊना में चिंतपूर्णी; हमीरपुर में बाबा बालक नाथ; कांगड़ा में ब्रजेश्वरी देवी, ज्वालाजी और चामुंडा देवी; और शिमला जिले के भीमाकाली और हटेश्वरी में सुबह से ही भारी भीड़ देखी गई। हमने मंदिर में प्रतिदिन 20 हजार श्रद्धालुओं के दर्शन का प्रबंध किया हुआ है। एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने आईएएनएस को बताया, श्रद्धालुओं की आमद को ध्यान में रखते हुए हमने सुरक्षा-व्यवस्था बढ़ा दी है। इसके अलावा सभी प्रमुख तीर्थ स्थलों पर श्रद्धालुओं की गतिविधियों की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। नवरात्रि उत्सव का समापन 17 अप्रैल को होगा।

# दिल्ली के मुखर्जी नगर में कोचिंग सेंटरों पर बड़े ऐक्शन की तैयारी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के मुखर्जी नगर में विभिन्न कोचिंग सेंटरों पर आने वाले दिनों में कार्रवाई होगी। इसके लिए नगर निगम ने कई सेंटरों को नोटिस भेजा था। अब निगम के कर्मचारी सेंटरों पर जाकर जांच करेंगे। निगम के अधिकारी ने बताया कि कोचिंग सेंटरों को भवन निर्माण के नियमों का अनुपालन करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। सेंटरों को दिल्ली अग्निशमन विभाग से फायर एनओसी प्राप्त करने के लिए नोटिस भी भेजे हैं। जिन सेंटरों ने अब तक नोटिस प्राप्त नहीं किए हैं। उन पर कार्रवाई करके सील करेंगे। सेंटरों के साथ पीजी व पुस्तकालयों को भी चेक कर रहे हैं।

इस मामले में छात्रों के कहा है कि कई संकरी जगहों पर पीजी, कोचिंग सेंटर चल रहे हैं। वहां पर नियमित तौर पर नियमों का उल्लंघन करने वाले सेंटरों पर कार्रवाई नहीं की जाती है। कोई भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए इन जगहों पर उचित व्यवस्था होनी चाहिए। लेकिन इस पर सेंटर का संचालन करने वाले बिल्कुल भी ध्यान नहीं देते हैं। ऐसे लोगों पर सख्त कदम उठाने चाहिए। दिल्ली के मुखर्जी नगर समेत अन्य जगहों पर कोचिंग सेंटरों, पीजी और पुस्तकालयों का ऑडिट होगा। इसके लिए नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों की टीमें दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के साथ मिलकर कार्य करेगा। इसमें इन सभी केंद्रों, पीजी में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि यह भवन निर्माण नियमों के तहत संचालित हो रहे हैं या नहीं।

डीएफएस से अब तक कितने केंद्रों, पीजी ने फायर एनओसी प्राप्त की है। इसकी भी जांच होगी। नगर निगम ने एक माह के दौरान 50 से अधिक केंद्रों व अन्य को फायर एनओसी प्राप्त करने के लिए नोटिस भेजा है। यदि इन केंद्रों ने फायर एनओसी प्राप्त नहीं की होगी। तब इन सभी केंद्रों को निगम की तरफ से सील करने की भी कार्रवाई होगी। अधिकारियों ने बताया है कि कोचिंग सेंटरों, पीजी व पुस्तकालय में लगातार हर सप्ताह में निगम की टीमें जांच करने के लिए जा रही हैं। कई जगहों पर संकरी गलियों में इनका संचालन हो रहा है। ऐसे केंद्रों को खुले इलाके में शिफ्ट होने के लिए भी कहा गया है। साथ ही आग लगने की घटनाओं की रोकथाम को लेकर उपकरण लगाने के लिए भी केंद्रों को निर्देशित किया है। डीएफएस के साथ मिलकर भी कोचिंग सेंटरों, पीजी को ऑडिट करने की तैयारी कर रहे हैं। इसके अलावा फायर एनओसी प्राप्त न करने वालों को सील करेंगे।

## मुथुवल्लूर गांव में 400 साल पुराने दुर्गा मंदिर की मरम्मत करवा रहे मुसलमान, दिल खोलकर कर रहे दान



**मलप्पुरम , एजेंसी।** केरल के मुस्लिम बहुल इलाके से सांप्रदायिक सद्भाव की खबर सामने आई है। यहां मलप्पुरम के छोटे से गांव मुथुवल्लूर में 400 साल पुराना दुर्गा मंदिर है। जिसके जीर्णोद्धार के लिए मुसलमान दिल खोलकर दान कर रहे हैं। मंदिर समिति के अधिकारियों का कहना है कि मई में माता की नई मूर्ति स्थापित की जाएगी। मंदिर के रिनोवेशन कार्य में हिन्दुओं के साथ मुस्लिम समुदाय के लोग भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। मंदिर के प्रति मुसलमानों की आस्था इस बात का प्रतीक है कि उन्होंने मंदिर के गुंबद में तांबे की परत चढ़ाने के अलावा अभी तक 38 लाख रुपए का दान किया है।

रमजान के समय केरल के मुसलमान यहां छोटे से गांव में हिन्दुओं के साथ यहां 400 साल पुराने दुर्गा मंदिर के नवीनीकरण कार्य में पूरे उत्साह के हिस्सा ले रहे हैं। मंदिर के नवीनीकरण कार्य का पहला चरण पूरा हो चुका है। 7 या 9 मई को मंदिर में मूर्ति की फिर से स्थापना की जाएगी। मंदिर के अधिकारियों ने दशकों पुरानी मूर्ति के खंडित हो जाने के बाद नई मूर्ति की स्थापना के लिए धार्मिक समूहों के लोगों से मदद मांगी है।

मंदिर को राज्य सरकार द्वारा संचालित मालाबार देवास्वोम बोर्ड चलाता है। मंदिर को लेकर हिन्दुओं और मुसलमानों की एकता ऐसे भी पता चलती है क्योंकि मंदिर में मूर्ति स्थापना के लिए बोर्ड द्वारा बनाए गए निमंत्रण पत्र में मंदिर से जुड़े पुजारियों के साथ इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के राज्य प्रमुख के अलावा आस-पास के इलाकों में स्थित मस्जिदों के काजी की भी तस्वीरें हैं। मंदिर से जुड़े अधिकारियों ने टीओआई को बताया कि इलाके में विभिन्न समुदाय में लोग पूरी तरह से सद्भावना है। यहां आस्था और पूजा स्थलों को लेकर हम एक-दूसरे की मदद भी करते रहते हैं। मंदिर के नवीनीकरण के लिए धन जुटाने का कार्य 2023 में एक कार्यक्रम के जरिए शुरू किया गया था, जिसमें राज्य हज कमेटी के सदस्य केपी सुलेमान हाजी ने 1 लाख रुपये का दान दिया।

## तमिलनाडु में चुनाव की भविष्यवाणी कर रहा था तोता, ज्योतिषी को किया गिरफ्तार



**चेन्नई, एजेंसी।**
चुनाव के नतीजों की भविष्यवाणी कर रहे एक तोते के मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया। घटना तमिलनाडु की है, जहां वन अधिकारियों ने तोते के मालिक पर जुर्माना लगाने की तैयारी भी कर ली है। खबर है कि तोते ने विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए के खिलाफ खड़े पीएमके उम्मीदवार के जीतने की बात कही थी।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, तोते ने भविष्यवाणी की थी कि तमिलनाडु की कुड्डलोर लोकसभा सीट से पीएमके के उम्मीदवार थंकर बचन चुनाव जीतेंगे। खास बात है कि पीएमके राज्य में भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है। अब इस भविष्यवाणी के बाद ज्योतिषी को पक्षी को कैद कर रखने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है।

एक न्यूज एजेंसी के अनुसार, फॉरेस्ट रेंजर जे रमेश दावा कर रहे हैं कि तोते की वाइल्डलाइफ (प्रोटेक्शन) एक्ट के तहत शेडयूल 2 स्पेसिस में रखा गया है। ऐसे में उन्हें कैद कर रखना अपराध है। अधिकारियों का कहना है कि उसे चेतावनी और जुर्माने के बाद छोड़ा जा सकता है, जो बढ़कर 10 हजार रुपये तक जा सकती है। पीएमके चीफ अंबुमणि रामदास ने इसे डीएमके का हार का डर करार दिया है।

भाजपा को दक्षिण में मिल सकती है बढ़त

राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दावों को मान्य करते हुए कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी दक्षिण और पूर्वी भारत में अपनी सीट एवं मत प्रतिशत में भारी वृद्धि करेगी। पीटीआई भाषा से बातचीत में किशोर ने कहा, वह (भाजपा) तेलंगाना में पहली या दूसरी पार्टी होगी जो एक बड़ी बात है। वह निश्चित रूप से ओडिशा में नंबर एक होगी।

उन्होंने कहा, आपको आश्चर्य होगा क्योंकि मेरी राय में पूरी संभावना है कि भाजपा पश्चिम बंगाल में नंबर एक पार्टी बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में भाजपा का मत प्रतिशत दोहरे अंक में पहुंच सकता है।

तेलंगाना, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, बिहार और केरल में लोकसभा की कुल 204 सीट हैं, लेकिन भाजपा 2014 या 2019 में इन सभी राज्यों में 50 सीट भी नहीं जीत सकी थी। उसने इन राज्यों में 2014 में 29 और 2019 में 47 सीट हासिल की थीं।

## दिल्ली के सरकारी स्कूलों में प्राइमरी क्लास के दाखिलों के लिए सर्कुलर जारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के सर्वोदय विद्यालयों की प्री-प्राइमरी और प्राइमरी क्लास में दाखिले की दौड़ शुरू होने जा रही है। इन स्कूलों में प्री-प्राइमरी और प्राइमरी क्लास की खाली सीटों पर दाखिला 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर मिलेगा। प्रवेश प्रक्रिया 15 अप्रैल से शुरू होगी। इस संबंध में मंगलवार को शिक्षा निदेशालय की स्कूल शाखा ने सर्कुलर जारी कर सीट भरने को लेकर दिशा-निर्देश दिए हैं।

स्कूलों को खाली सीटों का ब्यौरा मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर नोटिस बोर्ड पर देना होगा। स्कूल प्रबंधन समिति सदस्य और स्कूल मित्रों के बीच भी खाली सीटों की सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं। सर्वोदय विद्यालयों में ट्रांसफर के आधार पर दाखिले के लिए आवेदन करने वालों को प्राथमिकता दी जाएगी। अधिकतम 40 छात्रों को दाखिला दिया जा सकता है।

वर्तमान सत्र में लंबे समय से अनुपस्थित बच्चे की सीट पर उसके दूसरे स्कूल में दाखिला न होने तक सीट को खाली नहीं माना जाएगा। अगर पिछले वर्ष से बच्चा अनुपस्थिति है और उस तक पहुंच नहीं बन पा रही है तो सीट खाली मानी जाएगी। इसके अलावा अगर किसी के घर के तीन किलोमीटर के दायरे में कोई सर्वोदय विद्यालय नहीं है तो वह दाखिला के योग्य होंगे। साथ ही एक किलोमीटर के क्षेत्र में रहने वाले भी दाखिला के लिए आवेदन कर सकेंगे। क्लास 6 से 9 तक के दाखिले भी शुरू बता दें कि,



दिल्ली में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए सरकारी स्कूलों में क्लास 6 से 9 तक के गैर योजनाबद्ध दाखिले के लिए पहले चरण के तहत रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया भी सोमवार 8 अप्रैल से शुरू हो गई है। दाखिले के लिए केवल दिल्ली में रहने वाले बच्चे आवेदन के पात्र होंगे। यह प्रक्रिया 3 चरणों में पूरी होगी। अभिभावकों को शिक्षा निदेशालय की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करना होगा। इच्छुक छात्र 17 अप्रैल तक दाखिले के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे। चयनित आवेदकों की लिस्ट 29 अप्रैल को प्रदर्शित होगी। 30 अप्रैल से लेकर 10 मई तक दस्तावेज का वेरिफिकेशन होगा।

### हेल्पलाइन नंबर जारी किए

आवेदकों को कोई मुश्किल न हो, इसके लिए स्कूलों में हेल्प डेस्क की सुविधा मिलेगी। अभिभावक आवेदन फॉर्म भरने के लिए स्कूल में भी संपर्क कर सकेंगे। दाखिले को लेकर 1800116888 और 10580 नंबर पर सुबह साढ़े सात बजे से लेकर शाम साढ़े छह बजे तक सभी कार्य दिवसों में कॉल करके जानकारी ली जा सकती है।


## डॉक्टर से ली अपॉइंटमेंट बिना किसी कारण कर दी कैंसल तो लगेगा जुर्माना, फ्रांस में मरीजों के लिए बना लॉ



**पेरिस , एजेंसी।** हम और आप कई बार अपने हेल्थ को लेकर डॉक्टर को दिखाने के लिए पहले ही अपॉइंटमेंट ले लेते हैं। ताकि डॉक्टर के पास जाकर हमें लंबी लाइन में खड़े न होना पड़े। कई बार किसी और काम की वजह से हम लिए हुए अपॉइंटमेंट को कैन्सल करने पर मजबूर हो जाते हैं तो वहीं कई बार अन्य कारणों की वजह से डॉक्टर तक नहीं पहुच पाते हैं।

ऐसा करना शायद भारत या बहुत देशों में आम बात हो लेकिन फ्रांस इसको लेकर एक नया कानून लेकर आने वाला है जिसमें अपॉइंटमेंट लेकर डॉक्टर के पास नहीं जाने पर आपको जुर्माना देना पड़ सकता है। फ्रांस में अब अगर आपने डॉक्टर से अपॉइंटमेंट ले ली है और आपके पास डॉक्टर के अपॉइंटमेंट को कैन्सल करने के पीछे कोई खास कारण नहीं है तो आप पर 5 यूरो का जुर्माना लग सकता है। यह कदम फ्रांस की सरकार अगले साल जनवरी से उठाने वाली है इसके पीछे का कारण फ्रांस में चरमरा रही स्वास्थ्य सेवा, कर्मचारियों की कमी और डॉक्टर की बढ़ती मांग को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। फ्रांस प्रधानमंत्री गेब्रियल अटाल ने कर्मचारियों की कमी, बढ़ती लागत और बढ़ती मांग के कारण चरमरा रही स्वास्थ्य सेवा को बढ़ावा देने की वजह से मरीजों पर क5 के जुर्माने की घोषणा की है। पीएम ने बताया कि 7 करोड़ की आबादी वाले देश में हर साल 2.7 करोड़ लोग समय लेकर भी दिखाने नहीं जाते। उन्होंने कहा, हम इसे जारी रखने की अनुमति नहीं दे सकते।

## मां को 70 बार चाकू से गोदा, फिर फोन कर बुला ली पुलिस



**फ्लोरिडा, एजेंसी।** अमेरिका के फ्लोरिडा में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां कलयुगी बेटे ने अपनी मां की चाकू से 70 बार गोदकर निर्मम हत्या कर दी। मां की हत्या करने के बाद उसने खुद पुलिस को फोन किया और हत्या की जानकारी दी। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो उसने सरेंडर कर दिया। पुलिस आरोपी का कबूलनामा सुनकर तब चौंक गई, जब उसने हत्या के पीछे की वजह का खुलासा किया। पुलिस का कहना है कि बेटा कॉलेज का होनहार छात्र है और अपनी मां के साथ उसका कोई पुराना विवाद भी नहीं है। पुलिस ने कहा, फ्लोरिडा में 21 वर्षीय व्यक्ति ने कथित तौर पर अपनी मां पर चाकू से 70 से अधिक बार वार किया। वह मां की मौत हो जाने के बाद भी चाकू गोदता रहा। उसने तेज धारदार चाकू से मां के शरीर को क्षत-विक्षत कर दिया। जो फ्लोरिडा विश्वविद्यालय में पढ़ता था। पुलिस की बताई कहानी के अनुसार, एस्पिनोज़ा जब घर पहुंचा तो उसकी मां किसी रिश्तेदार से फोन पर बात कर रही थी। जब महिला ने दरवाजा खोला तो जींस और काले रंग की शर्ट पहने एस्पिनोज़ा ने चाकू को पीठ पर छिपाए रखा था। जैसे ही उसकी मां कुछ बोलती, एस्पिनोज़ा ने चाकू से ताबड़तोड़ हमले शुरू कर दिए। शेरिफ जुड ने एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा, उसने सामने का दरवाजा खटखटाया और जब मां ने सामने का दरवाज़ा खोला तो उसने उसे चाकू मारना शुरू कर दिया। वह उससे दूर भागी। लेकिन उसने उस पर तब तक वार किया जब तक वह गिर कर मर नहीं गई। हत्या के बाद एस्पिनोज़ा ने 911 पर कॉल किया और अपराध कबूल कर लिया। अपनी मां से बेहद प्यार का दावा करते हुए उसने आरोप लगाया कि उसकी मां बचपन से उसे परेशान करती थी, इससे आजिज होकर उसने ऐसा कदम उठाया।

## हमास को मिल गया तुर्की का साथ, इजरायल पर लगा दिया 54 चीजों का बैन

**अंकारा, एजेंसी।** गाजा में चल रहे हमास से युद्ध के बीच इजरायल के खिलाफ तुर्की ने बड़ा फैसला किया है। तुर्की ने कहा है कि जब तक गाजा में सीजफायर की घोषणा नहीं होती और पर्याप्त मात्रा में राहत सामग्री को गाजा में नहीं पहुंचने दिया जाता, तब तक 54 चीजों की सप्लाई इजरायल को नहीं की जाएगी। दरअसल इजरायल ने तुर्की को गाजा में राहत सामग्री ड्रॉप करने से रोका था। इसके बाद ही तुर्की ने सख्त फैसला लिया है। तुर्की के व्यापार विभाग ने कहा है कि अब 54 कैटिगरी के सामान इजरायल नहीं भेजे जाएंगे। इनमें लोहे और स्टील के प्रोडक्ट के साथ जेट फ्यूल, कंस्ट्रक्शन इंस्ट्रूमेंट, मशीनें, सीमेंट, ग्रेनाइट्स, केमिकल्स, पेस्टीसाइड और ईंटें शामिल हैं। तुर्की ने कहा, इजरयाल अंतरराष्ट्रीय समुदाय को नजरअंदाज करते हुए कानूनों का उल्लंघन कर रहा है। जब तक इजरायल गाजा में सीजफायर का ऐलान नहीं कर देता और वहां के लोगों के लिए राहत सामग्री पहुंचाने के रास्ते नहीं खोल देता, ये प्रतिबंध लागू रहेंगे। बता दें कि इजरायल और हमास के बीच चल रहे युद्ध को 6 महीने से भी ज्यादा का वक्त बीत चुका है। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य अधिकिकारियों के मुताबिक इस युद्ध में अब तक 33000 लोगों की जान जा चुकी है। कई बार ऐसा भी हुआ है कि राहत सामग्री गिराने के दौरान ही इजरायल ने हमला कर दिया और लोगों की जान चली गई। बता दें कि 7 अक्टूबर को हमास ने इजारयल में हमला करके कम से कम 1200 लोगों का मार दिया था। इसके बाद इजरायल गाजा में तबाही मचा रहा है।




## अमेरिकी राज्य में गर्भपात पर रोक, उल्लंघन पर डॉक्टर को होगी पांच साल की जेल

### 160 साल पुराना प्रतिबंध बरकरार

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति चुनाव होने वाले हैं। इस बीच, चुनाव के मद्देनजर महत्वपूर्ण राज्य एरिजोना की शीर्ष अदालत ने एक फैसला सुनाया, जो चुनाव के दौरान अहम मुद्दा बन सकता है। दरअसल, राज्य की शीर्ष अदालत ने मंगलवार को गर्भपात पर करीब 160 साल पुराने पूर्ण प्रतिबंध को बरकरार रखा है। कोर्ट के फैसले के खिलाफ जाकर गर्भपात कराने वाले वाले डॉक्टरों को पांच साल की जेल हो सकती है। बाइडन ने कोर्ट के फैसले को क्रूर प्रतिबंध बताते हुए निंदा की है। एरिजोना कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के 2022 के फैसले का हवाला दिया, जिसमें गर्भपात पहुंच की राष्ट्रव्यापी गारंटी को खत्म कर दिया गया था।



**कोर्ट के फैसले को स्वतंत्रता का अपमान बताया:** मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, डेमोक्रेट समर्थक अटॉर्नी जनरल क्रिस मेयस ने कसम खाई है कि वह उस फैसले को लागू नहीं करेंगी। उन्होंने कोर्ट के इस फैसले को अचेतन और स्वतंत्रता का अपमान बताया है। उन्होंने कहा कि कानून का मसौदा 160 साल पहले तैयार किया गया था। तब एरिजोना एक अलग राज्य नहीं था। गृह युद्ध चल रहा था। उस समय संयुक्त राज्य अमेरिका में महिलाओं को वोट देने का भी अधिकार नहीं था। वह समय अमेरिका के इतिहास में काले कानून के रूप में होगा। उन्होंने कहा कि जब तक मैं इस राज्य की अटॉर्नी जनरल हूं, तब तक राज्य की किसी भी महिला और किसी भी डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा नहीं चलाया जाएगा।

### राष्ट्रपति बाइडन ने भी किया विरोध

वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने कहा कि रिपब्लिकन महिलाओं के अधिकारों को छीन रहे हैं। बाइडन की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि लाखों एरिजोनावासी गर्भपात के प्रतिबंधों के तहत रहेंगे। बाइडन ने कहा कि अगर वे एक बार फिर से राष्ट्रपति पद के लिए चुने जाते हैं और अगर डेमोक्रेट नेताओं को कांग्रेस में बहुमत मिलता है तो हम संघीय गर्भपात अधिकारों को फिर से कानून बनाने पर जोर देंगे।

### अमेरिका में हर पांच में से एक गर्भवती ने कराया गर्भपात

अमेरिका में गर्भपात कराने के मामले बढ़ गए हैं। अधिकृत आंकड़ों के मुताबिक, लंबे समय तक मामले कम रहने के बाद देश में गर्भपात की संख्या 2017 की तुलना में 2020 में बढ़ गई। रिपोर्ट के अनुसार, 2020 में हर पांच गर्भवती महिलाओं में से एक ने गर्भपात कराया। गर्भपात अधिकारों का समर्थन करने वाले एक शोध समूह 'गुट्टमाकर इंस्टीट्यूट' की रिपोर्ट के अनुसार, 2020 में अमेरिका में 9,30,000 से अधिक गर्भपात के मामले सामने आए जबकि यह आंकड़ा 2017 में करीब 8,62,000 था ।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129